फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 171 प्रभात जयपुर, रविवार 21 जनवरी, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**Netaji tames Masterji - What a tussle!** *Netaji* proposed that *Masterji* should be a candidate from *Bansur* on 'Temple Janata party' symbol, a *Cheetah couple* looking up to the sky.

**Need A Break From Social Media?** Yes, taking a social media break can be tough but it's not impossible




मोदी सरकार की गारंटी

युवाशक्ति की आकांक्षाओं को उड़ान

2014 के मुकाबले AIIMS की संख्या 8 से बढ़कर 23 हुई;
7 नए IIT, 8 नए IIM के साथ ही 350 नई यूनिवर्सिटी का निर्माण

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें

हमारा संकल्प विकसित भारत



# खड़गे, जयराम, वेणुगोपाल ने भाजपा पर राहुल की यात्रा पर आक्रमण का आरोप लगाया

## इन नेताओं के अनुसार लखीमपुर जिले के उन स्थानों पर बैनर, पोस्टर फाड़े और वाहनों पर पत्थर बाजी व तोड़-फोड़ की

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 जनवरी। कांग्रेस ने शनिवार को असम में राहुल गाँधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर "भाजपा के गुण्डों" द्वारा किए गए हमले की कड़ी निंदा की है और राज्य की सत्ताधारी पार्टी पर आरोप लगाया है कि, वह भारतीय संविधान द्वारा भारत के नागरिकों को गारंटी के रूप में दिए गए सभी अधिकारों और न्याय को रोंद और कुचल रही है।

- **वेणुगोपाल ने तोड़-फोड़ का विडियो भी दिखाया तथा जयराम रमेश ने यह भी कहा कि, तेईस जनवरी को राहुल की यात्रा गुवाहाटी पहुंचेगी, पर यात्रा को फेल करने की साजिश के तहत, अभी सरकार ने गुवाहाटी में यात्रा के "रूट" के लिये इज़ाजत नहीं दी है।**
- **रमेश ने सरकार से प्रार्थना की कि, राहुल की यात्रा को निकलने के लिये उसी "रूट" की "सैंक्शन" दे दें, जिस "रूट" पर भाजपाध्यक्ष ने कुछ दिन पहले यात्रा निकाली थी।**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि, उसके कार्यकर्ताओं और नेताओं को डराने व धमकाने की ऐसी चालबाजियों से उनकी पार्टी डरने वाली नहीं है।

इधर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने असम के मुख्यमंत्री हेमन्त बिस्वा सरमा पर आरोप लगाया कि, वे भारत जोड़ो यात्रा का साम्प्रदायिकरण कर रहे हैं।

जयराम रमेश ने एक्स पर डाली पोस्ट में कहा कि, "हम असम के लखीमपुर में भाजपा के गुण्डों द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा के वाहनों पर किए गए शर्मनाक हमलों और कांग्रेस पार्टी के बैनर एवं पोस्टरों को फाड़ने की निंदा करते हैं।"

उन्होंने विशेष जोर देकर कहा, "पिछले 10 वर्षों में भाजपा ने संविधान द्वारा भारतीय नागरिकों को दिए गए हर अधिकार व न्याय को रोंदने और नष्ट करने का प्रयास किया है।"

सूत्रों का कहना है कि, कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को आशंका थी कि, असम में यात्रा का तीव्र विरोध होगा, क्योंकि तथ्य यह है कि, राज्य के वर्तमान मुख्यमंत्री हेमन्त बिस्वा सरमा, कभी कांग्रेस में महत्वपूर्ण नेता थे और उन्होंने राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री तरूण गोगोई के साथ आपसी राजनीतिक मतभेदों के कारण वर्ष 2014 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था। सरमा, राहुल गांधी से उक्त प्रकरण के कारण सख्त नाराज हैं, सरमा ने राहुल पर गोगोई का पक्ष लेने का भी आरोप लगाया था।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तमिलनाडू के अंडे रूस जायेंगे

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 जनवरी। यदि सब कुछ सही रहा तो तमिलनाडू के अण्डे रूस तक की यात्रा करके वहां के लोगों की ब्रेकफास्ट टेबलों पर पहुंच जाएंगे।

भारत में "एग कैपिटल" के नाम से विख्यात पश्चिमी तमिलनाडू के नमक्कल में प्रतिदिन करीब 4 करोड़ अण्डों का उत्पादन होता है। उनमें से 95 प्रतिशत भारत के राज्यों को बेचे जाते हैं तथा कुछ देशों में भी इनका निर्यात किया जाता है।

- **रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण रूस में अंडों का संकट पैदा हो गया है, इसलिये रूस अंडों की आपूर्ति तमिलनाडू से करने जा रहा है।**

रूस के खरीदारों ने जब अण्डों के लिए नमक्कल के एग फार्मर्स को ढूंढना शुरु किया तो नमक्कल के व्यवसायियों को इसमें एक अवसर नज़र आया, क्योंकि यूक्रेन के साथ युद्धरत रहने के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अमित शाह के टी.वी. इन्टरव्यू ने पुनः नीतीश के भाजपा में लौटने की खबरों को और हवा दी

## अमित शाह ने कहा कि, अगर नीतीश का भाजपा "जॉइन" करने का प्रस्ताव आता है तो, भाजपा उस पर विचार करेगी

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 जनवरी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बारे में एक परिचित प्रश्न को लेकर अटकलें फिर शुरु हो गई हैं। क्या वो फिर से महागठबंधन को छोड़कर भाजपा की तरफ जाने की तैयारी कर रहे हैं? या फिर, जद (यू) में भ्रम फैलाने और आम चुनावों से पूर्व बिहार के सात पार्टी महागठबंधन को कमज़ोर करने के लिए भाजपा द्वारा ऐसी अफवाहें फैलाई जा रही हैं?

- **अमित शाह का यह कथन उनके उस वक्तव्य से काफी भिन्न है, जो उन्होंने अगस्त 2022 को दिया था। उस वक्तव्य में आमित शाह ने कहा था कि, इस बात की कुछ भी संभावना नहीं है कि, नीतीश कुमार भाजपा में पुनः प्रवेश पा सकते हैं।**
- **इस संदर्भ में भी उल्लेखनीय है कि, लालू पुत्र तेजस्वी यादव आज नतीश कुमार से उनके "ऑफिशियल" निवास पर मिलने गये। ऐसा कहा जा रहा है कि, तेजस्वी, नीतीश को समझाने गये थे कि, उन्हें महागठबंधन नहीं छोड़ना चाहिये।**

इस संदर्भ में वर्तमान अटकलें गृह मंत्री अमित शाह के एक हाल ही में दिये गये साक्षात्कार को लेकर शुरु हुई हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि, "अगर नीतीश की एन.डी.ए. में एंट्री का कोई प्रस्ताव आता है तो भाजपा उस पर विचार करेगी"। ज़ाहिर तौर पर, अमित शाह का यह कथन उनके सन् 2022

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

PATANJALI® wellness
Yoga, Ayurveda & Naturopathy

प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर
पतंजलि वेलनेस में उपचार का उपहार
30% की छूट (30 जनवरी तक)

मोटापा, बी.पी., शुगर, आर्थराइटिस, अस्थमा व लिवर, किडनी और हृदय के रोगों से स्थाई मुक्ति पाने के लिए एक बार 3–7 दिन पतंजलि वेलनेस में रेजिडेंशियल योग, आयुर्वेद एवं पंचकर्म आदि की चिकित्सा के लिए अवश्य आयें।
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें:
8954555888, 8954666222, 8954666333, 8954555999
(प्रातः 6:00 से रात्रि 10:00 बजे तक)

विश्व का सर्वश्रेष्ठ पतंजलि च्यवनप्राश अपनायें। इम्यूनिटी बढ़ायें, प्रचण्ड ठण्ड से अपने मासूम बच्चों व परिवार को बचायें।

यह च्यवनप्राश मात्र व्यावसायिक उत्पाद (कॉमर्शियल प्रोडक्ट) नहीं है बल्कि महर्षि च्यवन ऋषि का बनाया हुआ वह फॉर्मूला है जिसको खाकर बूढ़े च्यवन ऋषि जवान हो गये थे। उन्हीं ऋषियों की विरासत को प्रामाणिकता से निभाते हुए पतंजलि च्यवनप्राश को हमनें 51 जड़ी–बूटियों से बनाया है। इसे अपनाइए, बाजारु च्यवनप्राश आपने बहुत खाये होंगे एक बार यह रियल च्यवनप्राश भी खाकर और इसका पॉजिटिव रिजल्ट अनुभव करके देखिए।

विश्व के सर्वश्रेष्ठ पतंजलि हनी का Test हुआ है विश्व प्रसिद्ध लैब्स में और यह शत–प्रतिशत खरा उतरा है प्योरिटी के 100 से अधिक पैरामीटर्स पर।




आयुर्वेद एक ऋषि परम्परा है। कॉमर्शियल कम्पनियां इसको रिप्रेज़ेन्ट नहीं करतीं। ऋषि परम्परा की वास्तविक संवाहक पतंजलि ही है।

पिछले दो सौ वर्षों में किसी भी कम्पनी या सरकार ने भी आयुर्वेद पर जिन प्रामाणिक रिसर्च कार्यों को नहीं बढ़ाया वह कार्य पतंजलि ने कर दिखाया। आज पतंजलि के 3000 से अधिक रिसर्च प्रोटोकॉल व 500 से अधिक पब्लिश्ड रिसर्च पेपर हैं।
इन्हें देखने के लिए विज़िट करें: www.patanjali.res.in


आयुर्वेद के रस–रसायन, भस्म–पिष्टी के साथ रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन्स पहली बार पतंजलि ने रोगों को कन्ट्रोल ही नहीं जड़ से खत्म करने के लिए तैयार की है। बी.पी. शुगर, थायरॉइड, आर्थराइटिस, अस्थमा आदि बीमारियों को जड़ से मिटाने के लिए पतंजलि चिकित्सालय व पतंजलि आरोग्य केन्द्र अवश्य जायें।

आयुर्वेद हमारे लिए ऋषि कार्य है। उपचार और उपकार की भावना से नये आविष्कार करते हुए हम पतंजलि ट्रस्ट की ओर से दिव्य फार्मेसी में यह सब औषधियां तैयार कर रहे हैं, जिसका 100% प्रॉफिट आयुर्वेद की सेवा, सनातन धर्म की सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य व राष्ट्र हित आदि कामों के लिए है। लेश मात्र का भी इसमें कोई स्वार्थ नहीं है।

दिव्य व पतंजलि की 1000 से अधिक शास्त्रोक्त परम्परागत औषधियां पतंजलि स्टोर्स व प्रमुख मेडिकल स्टोर्स पर उपलब्ध हैं।




दवाओं का उपयोग मात्र सुझाव है। रोगों के प्रबंधन हेतु उपचार में इनका मुख्यतः प्रयोग किया जाता है। स्वविवेक से दवाएं न लें। दवाओं का प्रयोग हमेशा चिकित्सकीय निरीक्षण में करें।



卐 रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर प्रण लें 卐
मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामजी के आदर्शों पर चलने का और सनातन धर्म को युग धर्म बनाकर देश में राम राज्य लाने और देश को सभी प्रकार की आर्थिक, वैचारिक, सांस्कृतिक, शिक्षा व चिकित्सा की गुलामी से मुक्ति दिलाकर पूर्ण आत्मनिर्भर व वैभवशाली बनाने का।

स्वदेशी का प्रण (व्रत)
ईस्ट इंडिया कम्पनी से लेकर अभी तक लगभग एक लाख करोड़ रुपये की लूट हुई। अभी भी लाखों–करोड़ों की अर्थ व्यवस्था पर MNCs का कब्ज़ा है। इससे मुक्ति पाने के लिए स्वदेशी का संकल्प लें और देश को आर्थिक आज़ादी दिलायें। देश का पैसा देश की सेवा में लगायें।

चिकित्सा की आज़ादी का प्रण (व्रत)
चिकित्सा की आज़ादी के लिए पतंजलि वेलनेस, योग ग्राम व निरामयम् आयें और आयुर्वेद को राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धति के रूप में घोषित करने हेतु सरकारों पर दबाव बनायें व आयुर्वेद व्रती बनकर निरोगी रहें व रोगों को जड़ से मिटायें।

शिक्षा की आज़ादी का प्रण (व्रत)
1835 से चल रही मैकाले की शिक्षा पद्धति से देश को बचाने के लिए भारतीय शिक्षा बोर्ड से अपने विद्यालयों को जोड़ें, पतंजलि गुरुकुलम्, आचार्यकुलम् में अपने बच्चों को पढ़ायें और श्रेष्ठ व्यक्तित्व, चरित्र व नेतृत्व से युक्त बच्चों के निर्माण में एक बड़ी भूमिका निभाएं।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें 8954555999
(प्रातः 6:00 से रात्रि 10:00 बजे तक)
www.patanjaligurukulam.org.in | www.bsb.org.in

योग गुरू स्वामी रामदेव जी को फॉलो करें @SwamiRamdevOfficial swami.ramdev | पुज्य आचार्य बालकृष्ण जी को फॉलो करें @AcharyaBalkrishan AcharyBalkrishna




अस्थमा, कफ–कोल्ड आदि से मुक्ति के लिए | बी.पी. व शुगर से पूर्ण मुक्ति के लिए | आर्थराइटिस, जोड़ो का दर्द व वात रोगों के लिए | लिवर व पाचन तन्त्र के रोगों से मुक्ति के लिए

## विचार बिन्दु

**साधारण दिखने वाले लोग ही दुनिया के सबसे अच्छे लोग होते हैं। यही वजह है कि भगवान ऐसे बहुत से लोगों का निर्माण करते हैं।**

**- राजा राममोहन राय**

# आयुर्वेदाचार्यों के ज्ञान को प्राथमिकता दीजिये, भीड़-ज्ञान को नहीं

इंटरनेट ने आयुर्वेद पर समाचारों, सूचनाओं और नुस्खों का ऐसा विशाल बाज़ार खड़ा कर दिया है कि आप उससे बच नहीं सकते। वस्तुतः इन्टरनेट, ब्लॉगिंग और सोशल मीडिया द्वारा उत्पादित भीड़-ज्ञान ने पत्रकारिता का ऐसा लोकतंत्रीककरण किया है कि भीड़ोत्पादित इस ज्ञान में प्रमाण-आधार की खोज बहुत कठिन होती जा रही है। विशेषकर, औषधियों के चमत्कारी प्रभाव का दुष्प्रचार आयुर्वेद की प्रमाण-आधारित विश्वसनीयता का सबसे बड़ा दुश्मन है। आज की चर्चा का मूल उद्देश्य यह बताना है कि जब सोशल-मीडिया द्वारा उत्पादित भीड़-ज्ञान आयुर्वेद के यथार्थ-ज्ञान को लील रहा हो तो आयुर्वेदाचार्यों का सहारा लेना ही उचित और कल्याणकारी होता है।

इन्टरनेट ने विशाल जनसंख्या के मध्य उपलब्ध दृष्टिकोणों की विविधता को लोगों तक पहुँचाने का अभूतपूर्व कार्य किया है। यह कार्य अकेले कोई भी मीडिया मानव इतहास में कभी नहीं कर पाया था। लेकिन, इन्टरनेट दुधारी तलवार है। स्वार्थवादियों द्वारा जानबूझकर स्वहितसाधक सनसनीखेज झूठ और सूचनाओं के प्रचार का एक सर्वोत्तम वैश्विक मंच भी आज इन्टरनेट के रूप में मिल गया है। स्वास्थ्य लाभ के लिये वैज्ञानिक जानकारी युक्तिव्यपाश्रयी चिकित्सकीय योगों के निर्धारण में आवश्यक है। लेकिन सर्वश्रेष्ठ क्या है, इसकी आम लोगों द्वारा गलत व्याख्या कर लेने का खतरा तब और भी अधिक बढ़ जाता है जब साँच-झूठ बराबर लोकप्रिय हो रहे होते हैं। यह समस्या आज इसलिये भी बढ़ गयी है क्योंकि भगदड़ वाली जीवनशैली के कारण प्रकाशित सामग्री की सटीकता और सुस्पष्टता सुनिश्चित करने के लिये समय का अभाव है।

आयुर्वेद चमत्कार नहीं अपितु आहार, विहार, रसायन, और औषधियों का का सम्पूर्ण जीवनोपयोगी विज्ञान है। आजकल सोशल मीडिया और विज्ञापनों में आयुर्वेद के ऐसे नुस्खों का भीड़ है जो रामबाण, चमत्कारी, शर्तिया, अचूक, गुप्त इलाज़ आदि नाम से बिक रहे हैं। साथ में प्रलोभन यह भी रहता है कि लाभ न मिले तो पैसा वापस लीजिये। इन लोक-लुभावन परन्तु भ्रामक और अवैज्ञानिक दावों ने एक ओर आम आदमी को असमंजस में डाल रखा है, वहीं दूसरी ओर इन्हें बनाने और बेचने वाले चाँदी काट रहे हैं। आयुर्वेदिक औषधियों के संदर्भ में इस प्रकार के दावों से आयुर्वेद का जितना नुकसान हुआ है, उतना शायद ही कभी और हुआ हो।

वैसे तो शिक्षा के प्रसार के साथ ऐसे दावों के प्रति आमजन में संदेह और सजगता बढ़ी है, लेकिन इस व्यक्तिगत संदेह ने समूची आयुर्वेद चिकित्सा पद्धित को ही संदेहास्पद बनाना शुरू कर दिया है।

समस्या का केवल एक ही निदान है कि आप ऐसी जानकारी पर भरोसा कर लेने के बजाय उत्तम आयुर्वेदाचार्य की सलाह लीजिये। ख्याल रखिये, जिन लोगों द्वारा चमत्कार के दावे किये जाते हैं, उनका प्रायः आयुर्वेद से धन कमाने के अतिरिक्त और कोई लेना-देना नहीं रहता है।

गलाकाट प्रतिस्पर्धा में भिड़ी हुई फार्मेसियाँ बाकी कसर निकाल देती हैं जो उनकी औषधियों के चमत्कारी होने का दावा करती हैं। उदाहरण के लिये, चार राज्यों में आयुर्वेद की औषधियाँ बेचने वाली कुछ दुकानों में सबसे महंगी आयुर्वेदिक औषधि की उपलब्धता पूछे जाने पर उत्तर में जिन औषधियों के नाम आये, उनमें सबसे विस्मयकारी तो एक ऐसा रसायन मिला जिसके आधा किलोग्राम वजन वाले डिब्बे की कीमत 9900 रुपये से अधिक थी। इसके अलावा सैक्स और ब्यूटी के बाजार में आयुर्वेद के नाम पर कई गोपनीय औषधियाँ भी छायी हुई हैं, जो 5000 से 7000 रुपये प्रति पैक धड़ल्ले से बिकती हैं। जाने-अनजाने कई वास्तविक आयुर्वेदाचार्य भी गलती कर बैठते हैं, जब रोगी को परामर्श व औषधि-निर्धारण करते हुये प्रायः यह कह देते हैं कि इस औषधि का इस रोग में चमत्कारी प्रभाव है।

एक बार पुनः यह बताना आवश्यक है कि चमत्कार और विज्ञान का आपस में पुश्तैनी बैर है। चमत्कार के लिये कारण और प्रभाव को स्थापित करने की कोई सार्वभौमिक, सैद्धान्तिक या प्रायोगिक बाध्यता नहीं है। ड्रग एंड मैजिक रेमेडीज (ऑब्जेक्श्नेबल एडवरटाईजमेंट) एक्ट, 1954 ऐसी औषधियों के विज्ञापनों का निषेध करता है, जो चमत्कारी प्रभाव का दावा करती हैं। यह एक संज्ञेय या हस्तक्षेप्य अपराध है। तात्पर्य यह हुआ कि ऐसे प्रकरण में पुलिस बिना किसी न्यायालय की अनुमति के दखल कर सकती है। ऐसी 54 बीमारियों से संबंधित चिकित्सा, निदान या रोकथाम हेतु चमत्कारी दवा से संबंधित विज्ञापनों पर अभी प्रतिबंध है। इस वैधानिक स्थिति के बावजूद कैंसर, बहरापन, मधुमेह, बन्ध्यापन, नाड़ीतंत्र, पौरुष-ग्रंथि, मिर्गी, पथरी, गेंगरीन, लकवा, कुष्ठ, मोटापा, अस्थि-रोग, नामर्दगी, यक्ष्मा आदि जैसी अनेक बीमारियों के बारे में टेलीविजन, अखबार एवं सोशल मीडिया में चमत्कारी दावे आज भी किये जाते हैं। इनसे सावधान रहना आवश्यक है। रामबाण शब्द का हिंदी में प्रयोग देखने पर गूगल सर्च में 7.82 लाख सन्दर्भ मिलते हैं। अंग्रेजी में मैजिक और आयुर्वेद खोजने पर लगभग 9.0 लाख सन्दर्भ आते हैं। इसी प्रकार रामबाण इलाज के 2.92 लाख सन्दर्भ, रामबाण दवा के 1.29 लाख सन्दर्भ, और रामबाण आयुर्वेदिक दवा के 1.36 लाख सन्दर्भ मिलते हैं। यदि चमत्कार एवं आयुर्वेद खोजें तो 1.34 लाख सन्दर्भ मिलते हैं। इसके विपरीत, प्रमाण-आधारित आयुर्वेदिक चिकित्सा, या आयुर्वेद के मैजिक की साइंस खोजने पर 200 के अन्दर सभी सन्दर्भ सिमट जाते हैं। आयुर्वेद में चमत्कार किये जाने के दावे उन रोगों के लिये तो हैं ही जिन्हें असाध्य माना जाता है, परंतु बूढ़े को जवान बनाने, गोरा रंग व सुदर्शन काया प्राप्त करने, और नामर्द में मर्दानगी बढ़ाने के चमत्कारिक नुस्खे भी कोई कम नहीं हैं।

**तात्पर्य यह हुआ कि ऐसे प्रकरण में पुलिस बिना किसी न्यायालय की अनुमति के दखल कर सकती है। ऐसी 54 बीमारियों से संबंधित चिकित्सा, निदान या रोकथाम हेतु चमत्कारी दवा से संबंधित विज्ञापनों पर अभी प्रतिबंध है। इस वैधानिक स्थिति के बावजूद कैंसर, बहरापन, मधुमेह, बन्ध्यापन, नाड़ीतंत्र, पौरुष-ठांथि, मिर्गी, पथरी, गेंगरीन, लकवा, कुष्ठ, मोटापा, अस्थि-रोग, नामर्दगी, यक्ष्मा आदि जैसी अनेक बीमारियों के बारे में टेलीविजन, अखबार एवं सोशल मीडिया में चमत्कारी दावे आज भी किये जाते हैं। इनसे सावधान रहना आवश्यक है। रामबाण शब्द का हिंदी में प्रयोग देखने पर गूगल सर्च में 7.82 लाख सन्दर्भ मिलते हैं। अंठोजी में मैजिक और आयुर्वेद खोजने पर लगभग 9.0 लाख सन्दर्भ आते हैं। इसी प्रकार रामबाण इलाज के 2.92 लाख सन्दर्भ, रामबाण दवा के 1.29 लाख सन्दर्भ, और रामबाण आयुर्वेदिक दवा के 1.36 लाख सन्दर्भ मिलते हैं। यदि चमत्कार एवं आयुर्वेद खोजें तो 1.34 लाख सन्दर्भ मिलते हैं। इसके विपरीत, प्रमाण-आधारित आयुर्वेदिक चिकित्सा, या आयुर्वेद के मैजिक की साइंस खोजने पर 200 के अन्दर सभी सन्दर्भ सिमट जाते हैं। आयुर्वेद में चमत्कार किये जाने के दावे उन रोगों के लिये तो हैं ही जिन्हें असाध्य माना जाता है, परंतु बूढ़े को जवान बनाने, गोरा रंग व सुदर्शन काया प्राप्त करने, और नामर्द में मर्दानगी बढ़ाने के चमत्कारिक नुस्खे भी कोई कम नहीं हैं।**

वास्तविकता को तीन स्तरों पर देखा जाना आवश्यक है। पहली बात यह है कि आयुर्वेद की मूल संहिताओं में चमत्कारिक चिकित्सा जैसा कोई पाठ पढ़ने में नहीं आता। दूसरा, आधुनिक वैज्ञानिक अध्ययनों में भी इस प्रकार के हाथों-हाथ चमत्कार का कोई प्रमाण नहीं मिलता। और, अंततः आयुर्वेदाचार्यों के अनुभवजन्य-ज्ञान में भी चमत्कार के कोई लिखित व शोधपरक प्रमाण नहीं मिलते, भले ही उनमे से कुछ ने इस शब्द को त्रुटिवश बार-बार उपयोग करने की आदत डाल ली हो।

आयुर्वेद में सबसे पुराने ग्रन्थ चरकसंहिता एवं सुश्रुतसंहिता की भाषायी व्यवस्था प्रायः आधुनिक काल के वैज्ञानिक शोध-पत्रों की तरह संयमित एवं मर्यादित है। यही बात आचार्य वाग्भट के अष्टांगहृदय पर भी लागू होती है। यहां तक की 13वीं शताब्दी में लिखी गई शारंगधर संहिता या बाद के काल में आचार्य चक्रपाणिदत्त द्वारा लिखे गये चिकित्सा ग्रन्थ चक्रदत्त में कहीं-कहीं भाषायी अलंकार अवश्य परिलक्षित होता है, तथापि चमत्कार जैसे शब्दों से उन्होंने भी उचित और सम्मानजनक फ़ासला बनाये रखा। संहिताओं के ऐसे श्लोक, जो चमत्कार के नजदीक जाते हुये परिलक्षित होते हैं, वे भी हमारे द्वारा भाषा की समझ के फेर के कारण ही होगा, अन्यथा संहिताओं के प्रत्येक योग का विस्तृत वर्णन एवं संबंधित औषधि की फलश्रुति में चमत्कार शब्द का प्रयोग नहीं हुआ। इनमें रोग-निदान एवं चिकित्सा, आहार-विहार, रसायन एवं औषधि के साथ पथ्य-अपथ्य का विस्तृत वर्णन मिलता है। चरकसंहिता के संपूर्ण चिकित्सा स्थान और उस पर दिग्गज आचार्यों जैसे चक्रपाणि, गंगाधर आदि द्वारा की गई टीकाओं में भी चमत्कार शब्द के दर्शन नहीं होते हैं। इनमें चिकित्सकीय योगों और औषधियों, उनसे जुड़ी संपूर्ण जानकारी तथा प्रभाविता के लिये तुलनात्मक जानकारी का ऐसा वर्णन है जिन्हें आज भी विज्ञान-सम्मत माना जाता है। संहिताओं में तो इस हद तक सावधानी बरती गई है कि जिन प्रकरणों में अतिशयोक्ति अलंकार है, उनमें आचार्यों ने प्रायः ऐसा इंगित भी कर दिया है या सुनी-सुनाई होने का संकेत कर दिया है। यहाँ तक कि भैषज्य रत्नावली नामक ग्रन्थ में जहाँ एक योग का नाम रामबाण रस है, उपमा के बावज़ूद उसका वर्णन भी तार्किक और मर्यादित है।


इन परिस्थितियों में ध्यान रखने योग्य सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आयुर्वेद आयु का विज्ञान है, चमत्कार नहीं। आयुर्वेदिक औषधियां भी अचूक, रामबाण या चमत्कारिक नहीं बल्कि वैज्ञानिक सिद्धांतों के अनुरूप ही प्रभावी या उपयोगी होती हैं। वस्तुतः आयुर्वेद एक प्रमाण-आधारित, विस्तृत, प्रभावी, समग्र और संपूर्ण चिकित्सा पद्धित है जिसके द्वारा स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा और रोगी का रोगोपचार होता है।

आयुर्वेद आयु का विज्ञान है, आय का नहीं। पर समय तेजी से बदल रहा है, और यह आयुर्वेद के लिये अच्छा ही है, बशर्ते बात प्रमाण-आधारित आयुर्वेद की हो रही हो। बात यदि भयंकर से भयंकर एसिडिटी चुटकी बजाते ही गायब कर दिये जाने की हो तो इसे झांसेबाज़ी ही समझिये। प्राचीन भारतीय साहित्य का सहारा लें तो यह कहना समीचीन होगा कि रामबाण केवल रामजी के पास ही है, और उसका प्रयोग भी केवल उन्ही के बस की बात है। औषधियों के चमत्कारी प्रभाव का दुष्प्रचारी दावा प्रमाण-आधारित आयुर्वेद चिकित्सा पद्धित की वैज्ञानिकता और विश्वसनीयता का सबसे बड़ा दुश्मन है। लोगों को स्वविवेक का प्रयोग करते रहना चाहिये और किसी बहकावे में नहीं आना चाहिये। आयुर्वेद को चमत्कार नहीं, अपितु विशिष्ट विधियों एवं सिद्धांतों से युक्त एक उत्कृष्ट चिकित्सा विज्ञान समझने में ही व्यक्ति, समाज और अर्थव्यवस्था की भलाई है।

समस्या असली आयुर्वेदाचार्य को छाँटने की भी कम नहीं है। किसी भी शहर में वास्तविक और असली बैचलर ऑफ़ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी की उपाधि वाले आयुर्वेदाचार्यों के अलावा विविध उपाधियों के बोर्ड लगे वैधजी, वैध्यजी, वेदकाचार्य, वेदजी, वेधजी आदि भी खूब फल-फूल रहे हैं। ये सब छद्मायुर्वेदाचार्य हैं। ऐसी स्थिति में ध्यान रखिये, विधिवत आयुर्वेद की शिक्षा प्राप्त बेचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसन एंड सर्जरी, मास्टर आफ आयुर्वेदिक मेडिसिन, आयुर्वेद में डॉक्टर ऑफ फिलोसफी जैसी उपाधियाँ ही मान्य हैं। वास्तविक और मान्य उपाधियों से रहित कोई भी व्यक्ति चिकित्सा करता है तो वह चिकित्सकीय दुष्कर्म है।

**- डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त; वर्तमान में अनेक विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं )**

# जन-जन के नायक नेताजी सुभाषचंद्र बोस



डॉ. जे. के. गर्ग

**जन** जन के नायक नेताजी तूम मुझे खून दो में तुम्हे आजादी दुगां के नारे के जनक आजाद हिन्द फौज के प्रणेता क्रांतिकारी जन नायक सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी, 1897 को कटक के निवासी जानकीनाथ बोस प्रभावती के यहाँ हुआ था। सुभाष 14 लड़के लड़कियों में से नौवीं संतान थे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा कटक में रेवेनशा कॉलेजिएट स्कूल में हुई। उन्होंने कलकत्ता यूनिवर्सिटी से 1919 में बीए की परीक्षा प्रथम श्रेणी से पास की थी इस परीक्षा में उन्हें यूनिवर्सिटी में उन्हें दूसरा स्थान मिला था।1920 की आईसीएस परीक्षा में उन्होंने चौथे स्थान मिला। सुभाष का मन अंग्रेजों के अधीन काम करने का नहीं था इसलिए उन्होंने से एक साल के भीतर 22 अप्रैल 1921 को त्यागपत्र दे दिया क्योंकि उनके दिल अंग्रेजों की गुलामी और भारत माता का आजाद करने का जुनून था। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ की सलाह के अनुसार भारत वापस आने पर वे सर्वप्रथम बंबई गये और गांधीजी से मिले। वहाँ 20 जुलाई 1921 को गांधी जी और सुभाष के बीच पहली मुलाकात हुई। बहुत जल्द ही सुभाष देश के एक महत्वपूर्ण युवा नेता बन गये। नेहरूजी के साथ सुभाष ने कांग्रेस के अंतर्गत युवाओं की इण्डिपेंडेंस लीग शुरू की। 1928 में जब साइमन कमीशन भारत आया तब कांग्रेस ने उसे काले झंडे दिखाये। कोलकाता में सुभाष ने इस आंदोलन का नेतृत्व किया। साइमन कमीशन को जवाब देने के लिये कांग्रेस ने भारत का भावी संविधान बनाने का काम आठ सदस्यीय आयोग को सौंपा। मोतीलाल नेहरू इस आयोग के अध्यक्ष बनाये गये सुभाष बाबू को इस आयोग का सदस्य बनाया गया। 1930 में जब कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में लाहौर में हुआ तब इस अधिवेशन के अन्दर तय किया गया कि भारत में 26 जनवरी का दिन स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जायेगा। अपने सार्वजनिक जीवन में सुभाष को कुल 11 बार कारावास का दण्ड मिला। सबसे पहले उन्हें 16 जुलाई 1921 में छह महीने के लिये क्रष्ण मन्दिर जाना पड़ा। 1930 में सुभाष कारावास में ही थे कि चुनाव में उन्हें कोलकाता का महापौर चुना गया। इसलिए सरकार उन्हें रिहा करने पर मजबूर हो गयी। वे जब कलकत्ता महापालिका के प्रमुखख अधिकारी बने तो उन्होंने कलकत्ता के रास्तों का अंग्रेजी नाम हटाकर भारतीय नाम पर कर दिया।1934 ई. में सुभाष अपना इलाज कराने के लिए ऑस्ट्रिया गए थे। उस समय उन्हें अपनी पुस्तक टाइप करने के लिए एक टाइपिस्ट की जरूरत थी। उन्हें एमिली शेंकल नाम की एक टाइपिस्ट महिला मिली। उन्होंने से सन् 1942 में बाढ़ गस्टिन नामक स्थान पर हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार एमिली शेंकल से विवाह किया। एमिली शेंकल से उनको पुत्री रत्न की प्राप्ति हुई जिसका नाम अनीता रखा। सुभाष ने उसे पहली बार तब देखा जब वह मुश्किल से चार सप्ताह की थी। 1938 में हरिपुरा अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। इसअधिवेशन में सुभाष का अध्यक्षीय भाषण बहुत ही प्रभावी हुआ। 3 मई 1939 को सुभाष ने कांग्रेस के अन्दर ही फॉरवर्ड ब्लाक के नाम से अपनी पार्टी की स्थापना की। कुछ दिन बाद सुभाष को कांग्रेस से ही निकाल दिया गया। बंगाल की भयंकर बाढ़ में घिरे लोगों को उन्होंने भोजन, वस्त्र और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का साहस पूर्ण काम किया था। समाजसेवा का काम नियमित रूप से चलता रहे इसके लिए उन्होंने युवक-दल की स्थापना की।

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, अंग्रेज़ों के खिलाफ लड़ने के लिये, उन्होंने जापान के सहयोग से आज़ाद हिन्द फ़ौज का गठन किया था उनके द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। उन्होंने भारतवासियों को "तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा" का नारा दिया था जो आज भी हमारे मन मस्तिष्क में गूंज रहा है। 21 अक्टूबर1943 को सुभाष बोस ने आजाद हिन्द फौज के सर्वोच्च सेनापति की हैसियत से स्वतन्त्र भारत की अस्थायी सरकार बनायी जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपींस, कोरिया, चीन, इटली, मान्छेको और आयरलैंड समेत 11 देशों ने मान्यता दी। जापान ने अंडमान व निकोबार द्वीप इस अस्थायी सरकार को दे दिये। सुभाष उन द्वीपों में गये और उनका नया नामकरण किया। 6 जुलाई 1944 को उन्होंने रंगून रेडियो स्टेशन से महात्मा गांधी के नाम एक प्रसारण जारी किया जिसमें उन्होंने इस निर्णायक युद्ध में विजय के लिये उनका आशीर्वाद और शुभकामनाएँ माँगी। इस भाषण के दौरान नेताजी ने गांधीजी को राष्ट्रिपता कहा तभी गांधीजी ने भी उन्हे नेताजी कहा, तभीसे उन्हें नेताजी कहा जाने लगा। नेताजी ने कहा था कि हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी स्वतंत्रता का मोल अपने खून से चुकाएं। हमेंअपने बलिदान और परिश्रम से जो आज़ादी मिले, हमारे अन्दर उसकी रक्षा करने की ताकत होनी चाहिए। सुभाषबाबू ने कहा था याद रखिए सबसे बड़ा अपराध अन्याय सहनाऔर गलत के साथ समझौता करना है। नेताजी कहा करते थे कि एक सैनिक के रूप में उनको आपको हमेशा सच्चाई, कर्तव्यऔर बलिदान जेसे तीन आदर्शों को संजोना और उन पर जीना होगा।

23 अगस्त 1945 को टोक्यो रेडियो ने बताया कि सैगोन में नेताजी एक बड़े बम वर्षक विमान सेआ रहे थे कि 18 अगस्त को ताइहोकू हवाई अड्डे के पास उनका विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में उनके साथ सवार जापानी जनरल शोदाई, पायलट तथा कुछ अन्य लोग मारे गये। नेताजी गम्भीर रूप से जल गये थे। उन्हें ताइहोकू सैनिक अस्पताल ले जाया गया जहाँ उन्होंने अंतिम श्वास ली और नेताजी पंच महाभूतों में विलीन हो गये। सितम्बर के मध्य में उनकी अस्थियाँ संचित करके जापान की राजधानी टोक्यो के रेंगोजी मंदिर में रख दी गयी भारतीय महालेखाकार से प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार नेताजी की मृत्यु 18 अगस्त 1945 को ताइहोकू के सैनिक अस्पताल में आजाद हिन्द फौज के माध्यम से भारत को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद करने के नेताजी का प्रयास हालांकि प्रत्यक्ष रूप में सफल नहीं हो सका था किन्तु उनका दूरगामी परिणाम हुआ। सन् 1946 के नौसेना का विद्रोह इसका जीता जागता प्रमाण है। नौसेना विद्रोह के बाद ही ब्रिटेन को विश्वास हो गया कि अब भारतीय सेना के बल पर भारत में शासन नहीं किया जा सकता और भारत को स्वतंत्र करने के अलावा उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा। आजाद हिन्द फौज को छोड़ कर विश्व-इतिहास में ऐसा कोई भी दृष्टांत नहीं मिलता जहाँ तीस-पैंतीस हजार युद्ध बंदियों ने संगठित होकर अपने देश की आजादी के लिए ऐसा प्रबल संघर्ष छेड़ा हो। सुभाष चंद्र बोस के उनके संघर्षों और देश सेवा के जज्बे के कारणही महात्मा गांधी ने उन्हें देश भक्तों का देशभक्त कहा था। नेताजी मानते थे कि जिस व्यक्ति के अंदर सनक नहीं होती वो कभी महान नहीं बन सकता। लेकिन उसके अंदर, इसके अलावा भी कुछ और होना चाहिए। जन जन के दुलारे नेताजी का जन्मदिन देश में पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। जन जन 23 जनवरी 2023 को राष्ट्र उनके 126 वें जन्म दिन पर उनके श्री चरणों मेंश्रद्धा सुमन अर्पित करता है।

**- डॉ. जे. के. गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कॉलेज शिक्षा जयपुर।**

# भजनलाल का तात्पर्य नई पीढ़ी नहीं, नई आकांक्षा है



रामगोपाल जाट

**ढाई** दशक बाद राजस्थान नई उड़ान की ओर है। राज्य की नई उम्मीदों और अपेक्षाओं का पक्षी आसमान में उड़ रहा है। राजस्थान जो आन-बान-शान का प्रतीक है, शौर्य की धरती है। प्राकृतिक रूप से सभी प्रकार के मौसम, जलवायु, वातावरण और भूमि का मिश्रण यहां पाया जाता है, उसके जन को ढाई दशक बाद नया चेहरा मिला है। यह सरकार केवल सरकार नहीं है, बल्कि 8 करोड़ जनता की उम्मीदों का अपार समुद्र है, जिसका संतुलित दोहन कर जनमानस की अपेक्षाओं का घड़ा भरने का भार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उनके मंत्रिमंडल के ऊपर है, जो न केवल आयु वर्ग के अनुसार युवा हैं, बल्कि जन अपेक्षाओं के मुताबिक भी जोशीला दल है।

पहली बार जीते भजनलाल शर्मा और उनका मंत्रिमंडल कई समानताएं लिए हुए है। भजनलाल भी 55 वर्ष के हैं, उनका मुख्य सचिव भी लगभग 55 वर्ष का है और अधिकांश मंत्री भी करीब उन्हीं की आयु वर्ग के हैं। पूरी टीम राजनीति के अनुसार युवा है। अनुभव भले ही भजनलाल को प्रशासनिक नहीं होगा, किंतु संगठन में काम करने का 3 दशक का हो चुका है। पहले एबीवीपी में, फिर युवा मोर्चा से होते हुए भाजपा में इतना लंबा अनुभव उनको प्रत्येक कार्यकर्ता की कार्यशैली से अवगत कराने के लिए काफी है। यह अनुभव उनको इस बात का भी आभास कराता रहेगा कि कार्यकर्ता और आम आदमी सरकार से क्या अपेक्षा रखता है। राजस्थान में करीब 2 दशक बाद सत्ता का नेतृत्व बदला है। हालांकि, यह काम कांग्रेस को पांच साल पहले करना चाहिए था, किंतु कांग्रेस ऐसा नहीं कर पाई। पांच साल पहले अशोक गहलोत को सत्ता का सुख भोगते 2 दशक बीत चुके थे, लेकिन शायद कांग्रेस में इतनी हिम्मत नहीं थी कि गहलोत की जगह युवा सचिन पायलट को सत्ता की चाबी सौंपती। भाजपा ने इस काम को जितने धौर्य से किया, उतनी ही ताकत से अंजाम तक पंहुचाया। भाजपा ने इसकी नींव पांच साल पहले सत्ता से बेदखली के साथ ही रखी दी थी। इन पांच वर्षों में पार्टी ने अध्यक्ष बदलने का निर्णय बहुत सूझबूझ के साथ लिया। अध्यक्ष के तौर पर डॉ. सतीश पूनियां को 3 वर्ष फ्री हैंड करके काम करने का अवसर दिया और जब तमाम बुरी ताकतों द्वारा अध्यक्ष के खिलाफ माहौल बनाया गया तो चेहरा बदलने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई।

भाजपा ने चुनाव मोदी और कमल के फूल पर चुनाव लड़ने की घोषणा करके अपने इरादे जाहिर कर दिये थे, किंतु वसुंधरा राजे फिर भी मानने को तैयार नहीं थीं कि उनको कोई हटा सकता है, और इस तरह से एक झटके में हटा सकता है। अपनी मां के दम पर राजनीति में आईं और 10 साल तक राजस्थान पर पूरी तानाशाही से राज किया, उससे भाजपा का आम कार्यकर्ता त्रस्त था। अब समय बदल गया है। एक आम कार्यकर्ता सत्ता का मुखिया है और एबीवीपी निकला चेहरा पार्टी का चेहरा है। ऐसे में दोनों के पास पार्टी के आम कार्यकर्ताओं के साथ काम करने का अनुभव है, उनका दुख-दर्द समझने का भी लंबा अनुभव है। भजनलाल शर्मा आम कार्यकर्ता जैसे हैं। अभी तक वो जिस तरह से जनता के बीच में हैं, उससे उनकी लोकप्रियता बढ़ रही है। कोई भी मुख्यमंत्री जितना जनता के लिए आम बना रहेगा, उतनी ही लोकप्रियता बढ़ती रहेगी। पूर्व सीएम वसुंधरा-गहलोत ने इस मामले में जनता का खूब उपहास उड़ाया। भजनलाल रात-दिन मेहनत कर रहे हैं। रैन बसेरों में जाना, जनता के बीच में खड़े होकर उनकी बात को सुनना, आम व्यक्ति की तरह सुबह पार्क में टहलते हुए साधारण जनों से बात करना, अचानक आधी रात थानों में पहुंच जाना और उसके साथ ही अपने निवास पर आमजन से बिना भेदभाव के मिलना उनके कद में वृद्धि कर रहा है और यही कार्य भजनलाल को खास सीएम बनाता है। हालांकि, उनको इसमें थोड़ी सावधानी भी रखनी होगी कि कहीं उनके साथ फोटो खिंचवाकर सत्ता और संगठन में दलाली करने वाले भ्रष्ट उनकी तस्वीरों के साथ उनकी छवि को भी नहीं बेच दें। पिछले दिनों देखा कि पार्क में टहलते हुए उनको कुछ दलालों ने घेर लिया था। हालांकि, एक आम कार्यकर्ता की भांति उनको भी इस बात का ध्यान नहीं रहा होगा, किंतु फिर भी सावधानी से ही उनकी छवि बची और बनी रहेगी।

जिस चीज से जनता पिछले 25 वर्षों में दुखी रही, वो यही थी कि मुख्यमंत्री जनता से आसानी से मिलता ही नहीं था। दोनों सीएम का बर्ताव ऐसे था, जैसे कोई महा पराक्रमी सम्राट हो, जिसके दर्शन करने को भी लोग तरस जाते थे। भजनलाल को अधिकारी वर्ग से बेहद सावधान रहने की जरूरत है। यह वर्ग सीएम की छवि को जनता से दूर करने की बनाता है। यह वर्ग न तो स्वयं आम जन से मिलता है और न ही यह चाहता है कि सीएम या मंत्री जनता से मिले। परिणाम यह होता है कि जनता सरकार से नाराज हो जाती है। विकास अपनी जगह है, किंतु आमजन और पार्टी कार्यकर्ता सबसे बड़ी अपेक्षा यही रखते हैं कि मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक से उनकी बिना किसी तामझाम के मुलाकात हो जाए। ऐसी ही छवि सीएम भजनलाल को स्वयं और अपनी सरकार की बनानी है, अन्यथा पांच वर्ष बीतने में समय नहीं लगता है। आज गहलोत-वसुंधरा से लोग मिलना भी नहीं चाहते हैं, वो नए सीएम भजनलाल से नई उम्मीद के साथ मिलना भी चाहते हैं और अपनी बात सीधे सीएम, मंत्री तक पहुंचाना भी चाहते हैं। सीएम, मंत्री जितना आमजन से मिलेंगे, उतनी ही उनकी और सरकार की छवि स्वच्छ व जनहितैषी होती चली जाएगी। यह अवसर भजनलाल को बेहद आसानी से मिला है, किंतु इस अवसर को बड़े अवसर में बदलने की कमान अब उनके ही हाथ में है। देखते हैं, कमान कितनी मजबूती से पकड़े रखते हैं।


**- रामगोपाल जाट,**
**वरिष्ठ पत्रकार।**

## बीकानेर में शीतलहर का प्रकोप जारी

**बीकानेर, (निसं)।** मरुनगरी यानी बीकानेर भयंकर शीतलहर की चपेट में है। प्रदेश में चल रहे तेज सर्दी का प्रकोप बीकानेर अंचल को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। पिछले तीन दिनों से दिन में भी गलन बनी हुई है। वहीं रातें बेहद ठंडी रह रही हैं। गुरुवार की रात बीकानेर में इस माह की सबसे सर्द रात रही। न्यूनतम तापमान 2.4 डिग्री दर्ज किया गया, जो राज्य में माउंट आबू के बाद सबसे कम रहा। माउंट आबू में माइनस एक डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। कल की भी सुबह कोहरे के बीच ही हुई।

पिछले तीन दिनों से ऐसा हो रहा है कि पूरे क्षेत्र को कोहरा अपनी चपेट में ले लेता है। वहीं धूप निकलने के बाद भी इतनी असरदार नहीं लगती। फिर भी थोड़ी राहत मिल जाती है। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल हल्के कोहरे का असर बना रहेगा। शनिवार को दोपहर में अच्छी धूप खिली, जिससे दिन का अधिकतम तापमान 21.7 डिग्री रहा। यह गुरुवार के मुकाबले लगभग चार डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 2.4 डिग्री दर्ज किया गया, जो कि गुरुवार के मुकाबले पांच डिग्री कम रहा। इससे पूर्व इस माह बीकानेर में न्यूनतम तापमान पांच जनवरी को 2.8 डिग्री रहा था। दिन खुलने के साथ हल्के कोहरे के कारण धूप थोड़ी देर से निकली, पर गुनगुनी ही रही। लोग सर्दी से बचने के लिए दिन भर गुनगुनी धूप सेंकते रहे। इससे पूर्व गुरुवार रात होने के साथ ही सर्दी का असर बढ़ गया था। देर रात तक तक गलन का अहसास होने लगा था। इससे न्यूनतम तापमान गिर गया।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### रविवार 21 जनवरी 2024

**पौष मास शुक्ल पक्ष, एकादशी तिथि, विक्रम सम्वत 2080, रोहिणी नक्षत्र रात्रि 3.52 तक, शुक्ल योग प्रातः 9.46 तक, वाणिज करण प्रातः 7.27 तक, चन्द्रमा आज प्रातः वृष राशि में संचार करेगा।**

**ग्रह स्थिति - सूर्य-मकर, चन्द्रमा-वृष, मंगल-धनु, बुध-धनु, गुरु-मेष, शुक्र-वृश्चिक, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में संचार करेगा।**

**आज राजयोग ओर दिपुष्कर योग रात्रि 3.52 से सूर्योदय तक है। आज भद्रा प्रातः 7.25 तक रहेगी। आज पुत्रदा एकादशी व्रत, मन्वादि व्रत है आज से राष्ट्रिय माघ मास आरम्भ होगा।**

**श्रेष्ठ चौघडिया - शुभ 8.40 से 9.59 तक, चर - 1.57 से 3.17 तक, लाभ-अमृत 9.54 से 12.38 तक।**

**राहुकाल - 9.00 से 10.30 तक, सूर्योदय 7.21 सूर्यास्त 5.54**

**मेष**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। शुभ कार्य के लिए यात्रा सम्भव है।

**वृष**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल आत्मविश्वास बडेगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेगी। आय में वृद्धि होगी।

**सिंह**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा।

**कन्या**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आज शुभ कार्यों में भाग ले सकते हैं। घर-परिवार में अथितियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**तुला**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

**वृश्चिक**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। परिवार में अथितियों का आगमन बना रहेगा।

**धनु**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। घर-परिवार में अथितियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।

**मकर**
घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बडेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह संपन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

**कुंभ**
घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बडेगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। अथितियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाये रखना ठीक रहेगा।

# अयोध्या से आई रामज्योति से 22 जनवरी को पिंकसिटी रोशनी से जगमग होगी

**जयपुर**, (का.सं.)। रामराज्य महोत्सव के तहत रामराज्य चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बाइस जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या से आई रामज्योति द्वारा करोड़ों दीपक प्रज्ज्वलित होंगे और घर घर रामज्योति पहुंचाने हेतु जयपुर शहर में करीब ग्यारह सौ रामज्योति वितरण केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

रामराज्य चेरीटेबल के संस्थापक सचिव जगदीश ए. पंचारिया ने बताया कि 22 जनवरी को रामराज्य महोत्सव के तहत बड़ी दीपावली के रूप में मनाया जा रहा है जिसमें जयपुर शहर में ग्यारह सौ स्थानों पर रामज्योति वितरण केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं और लगभग सात सौ वितरण केंद्र तय करके वहां रामज्योति पहुंचाने का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है एवम रामज्योति वितरण केंद्रों के माध्यम से जयपुर शहर के सभी मंदिरों तक रामज्योति पहुंचाई जाएगी तथा मंदिरों के माध्यम से घर घर तक रामज्योति पहुंचाकर जयपुर शहर में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन करोड़ों दीपक जगमग करने का लक्ष्य रखा गया है और जयपुर सहित संपूर्ण राजस्थान में ट्रस्ट द्वारा रामराज्य महोत्सव बड़ी दीपावली के रूप में मनाया जाएगा।

रामज्योति यात्रा के संयोजक प्रीतेश माथुर ने बताया कि पूर्व मुख्यआयकर आयुक्त एवं ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक नरेंद्र गौड़, इंडियन ऑयल सीएसआर चेयरमैन एवम ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक आशुतोष पंत, वरिष्ठ समाजसेवी एवम ट्रस्ट के संरक्षक विकास सिरोही, नेशनल रोड़ सेफ्टी काउंसिल के सदस्य निर्मल जैन के सानिध्य में हो रहे इस रामराज्य महोत्सव के तहत जयपुर के मंदिरों, गुरुद्वारों, सामाजिक संस्थाओं, ट्रस्टों, भागवताचार्य, धर्माचार्यों सहित अनेक आध्यात्मिक केंदों पर रामज्योति पहुंचाने की योजना बनी है जिससे बाइस जनवरी का दिन ऐतिहासिक दिवस के रूप में स्थापित हो जाएगा। पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त एवम ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक नरेंद्र गौड़ ने बताया कि सभी जयपुर वासियों और प्रदेश वासियों को अयोध्या से आई रामज्योति से ही घर घर दीपक प्रज्ज्वलित करके रामराज्य महोत्सव मानना चाहिए क्योंकि सैंकड़ों वर्षों से हमारे राम अब फटे हुए टेंट से अपने अनूठे महल में विराजित हो रहे हैं और सैंकडों सालों के इंतजार के बाद रामभक्त इस रामराज्य महोत्सव को मना रहे हैं।



अयोध्या से आई राम ज्योति।

- करोड़ों दीपक प्रज्ज्वलित करने जयपुर के हर कोने तक अयोध्या से आई रामज्योति पहुंचाने का लक्ष्य
- जयपुर शहर में 1100 रामज्योति वितरण केंद्र स्थापित करने की तैयारी पूर्ण

# वरिष्ठ अधिवक्ता अपने जूनियर वकीलों का भी रखे ध्यान : सी.एम.



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को बनीपार्क स्थित सेशन कोर्ट परिसर में दी बार एसोसिएशन जयपुर के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे। इस दौरान उनका माला पहनाकर स्वागत किया गया।

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वकील समुदाय में ऐसे कई युवा वकील हैं, जो वकालत के प्रारंभ में आर्थिक परेशानी का सामना करते हैं। ऐसे में वरिष्ठ अधिवक्ताओं को अपने जूनियर वकीलों का ध्यान रखना चाहिए।

सीएम शर्मा यह विचार शनिवार को दी बार एसोसिएशन, जयपुर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में रखे। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति परेशानी में होता है तो वह भगवान के बाद सिर्फ वकील को ही याद करता है। कई बार पक्षकार के पास कागज के पैसे तक भी नहीं होते हैं। ऐसे में वकील अपने खर्च पर उसे न्याय दिलाते हैं। वकील समाज से जुड़ा हुआ है और उसे पता रहता है कि आमजन को क्या परेशानी है। जब वकील किसी व्यक्ति की मदद करता है तो पूरे वकील समुदाय का नाम होता है। वकील समुदाय कई परेशानियों का सामना कर रहा है। सरकार उनकी समस्याओं का चरणबद्ध तरीके से समाधान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि न्याय के मंदिर में सभी पक्षों को न्याय मिलना चाहिए। न्याय में जो देरी होती है, वह देरी नहीं होनी चाहिए। वकालत का काम सेवा भावना से प्रेरित होकर किए जाने वाला काम है। हम व्यक्तिगत नहीं बल्कि समाज के लिए काम करेंगे तो हमें भी सम्मान मिलेगा, समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी और हमारे मन में होगा कि मैं आज अच्छा काम किया है।

शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सीएम से न्यायालय परिसर में बहुमंजिला इमारत बनाने के साथ-साथ वकीलों के लिए आवासीय कॉलोनी और जयपुर मेट्रो प्रथम और जयपुर मेट्रो द्वितीय की बिल्डिंग को पुल बनाकर जोड़ने की मांग की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एक्टिंग सीजे एमएम श्रीवास्तव ने कहा कि मुख्यमंत्री का यहां आना न्यायपालिका के प्रति उनकी संवेदनशीलता दिखता है। आज न्यायपालिका के सामने कई चुनौतियां हैं। संसाधनों को लेकर भी बड़ी समस्या है, जिसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा। जज बार के सहयोग के बिना काम नहीं कर पाएंगे। इसलिए वकीलों और न्यायाधीशों के बीच संवाद बना रहना चाहिए। समारोह में सीएम भजनलाल शर्मा ने बार अध्यक्ष पवन शर्मा को और एक्टिंग सीजे एमएम श्रीवास्तव ने महासचिव राजकुमार शर्मा को शपथ दिलाई। जबकि जस्टिस फरजंद अली ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष और अन्य कार्यकारी सदस्यों को शपथ दिलाई। समारोह में जस्टिस उमाशंकर व्यास और विधायक गोपाल शर्मा भी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस नेताओं ने की कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक से मुलाकात



नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, पूर्व केबिनेट मंत्री प्रमोद जैन भाया, पूर्व विधायक पानाचंद ने शनिवार कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू से शिष्टाचार मुलाकात कर प्रदेश की कानून व्यवस्था एवं समसामयिक विषयों पर चर्चा की।

**जयपुर**। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, पूर्व केबिनेट मंत्री प्रमोद जैन भाया, पूर्व विधायक पानाचंद ने शनिवार कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू से शिष्टाचार मुलाकात कर प्रदेश की कानून व्यवस्था एवं समसामयिक विषयों पर चर्चा की।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश में सरकार बदलते ही भारतीय जनता पार्टी के नेता ओछी मानसिकता का परिचय देते हुए कांग्रेस के नेताओं को बेवजह कानूनी मुकदमों में फंसाकर कांग्रेस नेताओं की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के बारां जिले के कांग्रेस नेताओं को निशाना बनाकर उनके खिलाफ पुलिस थानों में मामले दर्ज कराये जा रहे है।

कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि भविष्य में बिना किसी जांच और तथ्यों के तथा बिना किसी भी राजनैतिक दबाव में एफआईआर दर्ज न की जाए।

उन्होंने कहा कि भविष्य में उनके कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमें बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। यदि ऐसा हुआ तो इन झूठे मुकदमों के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को विवश होकर उग्र आन्दोलन करना पडेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस और प्रशासन की होगी।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने नव मतदाताओं से किया संवाद

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी आज भाजयुमो के "नमो नव मतदाता" कार्यक्रम के तहत गुर्जर की थड़ी स्थित एक निजी कोचिंग संस्थान पहुंचे और नव मतदाताओ से संवाद किया। इससे पहले सोड़ाला क्षेत्र स्थित नंदपुरी कॉलोनी में घर घर जाकर भी उन्होंने नव मतदाताओं को पहला वोट राष्ट्र के नाम, भाजपा के नाम और प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर करने के लिए प्रेरित किया।

कोचिंग संस्थान में नव मतदाताओं से संवाद करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 जनवरी को वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से नव मतदाताओं के साथ संवाद करेंगे। जो युवा आने वाले लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करेंगे वे 7820078200 नंबर पर मिस कॉल देकर रजिस्ट्रेशन करें और "नमो नव मतदाता" बने। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है और युवा ही भारत की सबसे बड़ी ताकत है। युवा अपने माता-पिता की आशाओं और विश्वास पर खरा उतरे। युवा अपने वोट की ताकत को समझे और देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें, राष्ट्रिहत में पडे एक-एक वोट से ही देश को मजबूती मिलती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश लगातार मजबूत हो रहा है। पहले हम दुनिया की तरफ देखते थे और उनका अनुसरण करते थे, लेकिन आज दुनिया भारत की तरफ देखती है और हमारा अनुसरण करती है। रूस और यूक्रेन युद्ध के समय दुनिया ने देखा किस प्रकार भारत युद्ध रूकवाकर अपने देश के नागरिकों को सुरक्षित वापस अपने देश लाया। जिस देश ने वर्षों तक हमें गुलाम बनाकर रखा, अर्थव्यवस्था में उसे पछाड़कर आज भारत शीर्ष के पांच देशों में आ चुका है, जल्दी ही हम टॉप तीन देशों में शामिल होंगे। इस दौरान भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पुरुवंशी सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गरीबों को कंबल बांटे सी.एम.ने

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार रात 12 बजे बाद अचानक ओटीएस स्थित सीएम आवास से निकल रेलवे स्टेशन के पास सदर थाने पहुंचे। उन्होंने देर रात की गतिविधियां और पुलिस की चौकसी देखी। सदर थाने पुलिस थाने के स्टाफ से बात कर जानकारी लेने के बाद रैन बसेरों का जायजा लिया। इस दौरान जाग रहे कुछ लोगों से बात भी की। उनकी समस्याओं के बारे में जाना। वही इसके साथ ही मुख्यमंत्री शर्मा ने रेलवे स्टेशन के बाहर सौ रहे गरीब व बेसहारा लोगो को कम्बल वितरित किए।

# गौशालाओं में होंगे दो दिवसीय महोत्सव

**जयपुर**, (का.सं.)। अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि में बन रहे मंदिर में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के दृष्टिगत मंदिरों के साथ-साथ अब प्रदेश की गौशालाओं की भी सफाई के लिए अभियान चलेगा। इस कार्य की पहल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद ने की है। परिषद के संरक्षक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि 21 जनवरी, रविवार को प्रदेश की गौशालाओं में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसकी शुरूआत श्रीपिंजरापोल गौशाला में दोपहर 2 बजे की जाएगी। गौशाला परिसर में करीब सौ से अधिक गौभक्त गौशाला परिसर में बिखरे प्लास्टिक के कचरे व गंदगी की साफ-सफाई करेंगे। शाम को गौशाला परिसर में रोशनी की जाएगी। इसके बाद 22 जनवरी को प्रातः साढे 7 बजे पंचगव्य से गौमाता का स्नान किया जाएगा। साथ ही गौथान की साफ-सफाई कर शाम को लाइटिंग होगी। उन्होंने बताया कि गौशाला परिसर में रविवार रात 12 बजे से सोमवार रात 12 बजे तक गौमाता को रामधुनी सुनाई जाएगी।

# राजस्थान कांग्रेस ने वार रूम कमेटी बनाई

**जयपुर**, (का.प्र.)। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राजस्थान के कांग्रेस वार रूम की केंद्रीय कमेटी का गठन किया है। डोटासरा ने कमेटी की घोषणा करते हुए प्रदेश कांग्रेस महासचिव जसवंत गुर्जर को कमेटी का अध्यक्ष बनाया है। वहीं सह अध्यक्ष सांगानेर से कांग्रेस उम्मीदवार रहे पुष्पेंद्र भारद्वाज होंगे। कमेटी में सदस्यों के रूप में राजेंद्र यादव, छोटू मीणा, रघुवीर सिंह, राहुल भाकर और शाश्वत पुरोहित को शामिल किया गया है। लोकसभा चुनाव की इसी तैयारी के साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से गठित कांग्रेस मेनिफेस्टो समिति के सदस्य तथा कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य, पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र बनाने के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनो एवं सिविल सोसाइटी, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई तथा कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा कर सुझाव आमंत्रित किए। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष तथा राजस्थान विधानसभा चुनाव में मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष रहे डॉ. सीपी जोशी भी शामिल हुए।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 35 सड़कों को मिली मंजूरी : दिया कुमारी

**जयपुर**। प्रदेश को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 35 सड़कों की स्वीकृति मिली है। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने शुक्रवार को इस संबंध में स्वीकृति जारी की है। पीएमजीएसवाई-थर्ड के तहत प्रदेश में 251.38 करोड़ रुपये की लागत से 394.65 किमी. की 35 सड़कें बनाने की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री गिरिराज सिंह का धन्यवाद देते हुए कहा है कि पिछले दो वर्षों से यह स्वीकृति नहीं मिल रही थी किन्तु मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार के विशेष प्रयासों से यह स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसके तहत डीडवाना-कुचामन, झुंझनु और नागौर जिले में 35 सड़कें बनाई जायेंगी। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में सड़कें बनने से गांव से शहर का संपर्क सुदृढ़ एवं त्वरित होगा। इससे ग्रामीण उत्पादों की शहरों तक पहुंच सुनिश्चित होगी जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि गांवों में आधारभूत सुविधाऐं मजबूत होने से गांव इकोनोमिक हब के रूप में विकसित होंगे जिससे विकसित भारत के लक्ष्य को हम जल्द से जल्द हासिल कर सकेंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है।

# कांस्टेबल भर्ती की चिप खराब, हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने कांस्टेबल भर्ती-2023 की शारीरिक दक्षता परीक्षा में अभ्यर्थी के लगाई चिप के गलत रिकॉर्डिंग करने से जुड़े मामले में गृह सचिव, डीजी भर्ती बोर्ड और अलवर पुलिस अधीक्षक से जवाब तलब किया है। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश देशराज चौधरी की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने इन अधिकारियों से पूछा है कि क्यों न दक्षता परीक्षा के दौरान की गई वीडियोग्राफी को अदालत में मंगाकर उसका निरीक्षण किया जाए और याचिकाकर्ता के तथ्य सही होने पर क्यों ना उसे चयन प्रक्रिया में शामिल किया जाए।

याचिका में अधिवक्ता आरपी सैनी ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने गत तीन अगस्त को कांस्टेबल के 3578 पदों के लिए भर्ती निकाली थी। जिसकी शारीरिक दक्षता परीक्षा गत 28 दिसंबर को राजस्थान पुलिस अकादमी में संपन्न हुई। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता ने 22 मिनट और 40 सेकंड में दौड के सभी 13 राउंड पूरे किए थे, लेकिन उसके लगाई चिप में सिर्फ 12 राउंड की रिकॉर्ड हुए। चिप के डेटा के आधार पर पुलिस विभाग ने उसे नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर कर दिया। याचिका में कहा गया कि उसने तय समय में दौड के सभी 13 राउंड पूरे किए हैं, लेकिन चिप में तकनीकी गडबडी होने के कारण उसमें पूरी रिकॉर्डिंग नहीं पाई। इसके अलावा पुलिस विभाग ने दक्षता परीक्षा के दौरान वीडियोग्राफी भी कराई थी। याचिका में गुहार की गई है कि अदालत में वीडियोग्राफी मंगवाकर उसका निरीक्षण किया जाए और उसमें 13 राउंड की रिकॉर्डिंग मिलने पर याचिकाकर्ता को चयन प्रक्रिया में शामिल किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# कृषि मेले का उद्घाटन आज

**जयपुर**। जोबनेर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बलराज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 से 23 जनवरी तक फार्म टेक एशिया किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा करेंगे।


## तीये की बैठक



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी **श्री मांगू सिंह जी** का स्वर्गवास 19.01.24 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक रविवार दिनांक 21.1.24 को दोपहर 3 से 4 बजे निवास स्थान- प्लॉट नं. 82, आनन्द विहार-, दादी का फाटक जयपुर पर होगी।

**शोकाकुल-** श्री बगस सिंह जी (भाई), हनुमान सिंह शेखावत, रायसल सिंह शेखावत (पुत्र), अजित सिंह (जंवाई), भानू प्रताप सिंह (पौत्र) एवं समस्त शेखावत परिवार

9460144850, 9782221959

## नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# मरीजों को शुद्ध रक्त उपलब्ध कराने पर मंथन




ब्लड बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान की ओर से शनिवार को जयपुर के रक्त संग्रहण केन्द्र में आईएसबीटी राजस्थान चैप्टर सीएमई का आयोजन किया गया।

**जयपुर**, (का.सं.)। ब्लड बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान की ओर से शनिवार को जयपुर के रक्त संग्रहण केन्द्र में आईएसबीटी राजस्थान चैप्टर सीएमई का आयोजन किया गया। सीएमई में मरीजों को शुद्ध और गुणवत्तायुक्त रक्त उपलब्ध कराने पर विशेषज्ञों ने मंथन किया। इसके लिए रक्त की न्यूक्लिक एसिड एम्पलीफिकेशन टेस्ट, 'नेट' टेस्टिंग पर जोर दिया गया। साथ ही सरकार से ब्लड बैंक की माल प्रेक्टिस पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की मांग की गई।

राजस्थान में ट्रांसफ्युजन मेडिसिन एक परिदृष्य विषय पर आयोजित इस सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यशाला (सीएमई) में जयपुर के अलावा प्रदेश के अनेक शहरों में संचालित सरकारी और निजी ब्लड बैंक्स के प्रतिनिधि चिकित्सकों ने भाग लिया। सीएमई का उद्घाटन जोधपुर के एम्स के अध्यक्ष और राजस्थान अस्पताल, जयपुर के चेयरमेंन डॉ. एस एस अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि हर मरीज को सुरक्षित रक्त मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए ब्लड बैंक्स को निर्धारित मानकों का शत प्रतिशत पालन करना चाहिए। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि सरकार और ब्लड बैंक्स के लिए सरकार की ओर से मॉनीटरिंग संस्था, ड्रग कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन को अपने उत्तरदायित्व को निभाना होगा। साथ ही सोसायटी को भी अपनी भूमिका का सक्रिय निर्वहन करना होगा।

# घूसखोर निदेशक दो दिन के रिमांड पर

**जयपुर**। राजधानी में 35 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़े गए मत्स्य विभाग के डायरेक्टर आईएएस प्रेमसुख बिश्नोई और एडिशनल डायरेक्टर राकेश देव को एसीबी ने शनिवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों अफसरों को दो दिन के रिमांड पर भेज दिया। एसीबी ने दोनों को 35 हजार रुपए की रिश्वत लेते टोंक रोड पर लालकोठी स्थित ऑफिस से गिरफ्तार किया था। इनके ठिकानों पर की गई सर्च में एसीबी को प्रॉपर्टी डॉक्यूमेंट मिले है। इसके अलावा सर्च कार्रवाई में उनके ठिकानों से एसीबी टीम को प्रॉपर्टी डॉक्यूमेंट व हथियार मिलना सामने आया है। शनिवार दोपहर रिश्वत में पकड़े गए दोनों अफसरों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें कोर्ट के आदेश पर दो दिन के रिमांड पर भेज दिया गया।

एसीबी अधिकारियों ने बताया कि एक परिवादी ने एसीबी में शिकायत दी थी। अगस्त-2023 में उसने टोंक में फिश फार्मिंग के लिए टेंडर लिया था। नवंबर में लाइसेंस के लिए डिमांड की, लेकिन लाइसेंस नहीं दिया गया। लाइसेंस के लिए कई बार चक्कर लगाने के बाद उससे कहा गया कि एक लाख रुपए की व्यवस्था करो।


## NAME CHANGE

I have changed my name from Bhagwanti Sangtani to Bhagwanti Devi Sangtani W/o Nandlal Sangtani for all purpose. Resi.: 65-A, Saraswati Park, Suraj Nagar East, Jaipur

## खोया पाया

मैं जगदीश सिंह पुत्र हरि सिंह मेरे प्रॉपर्टी पेपर जिसका पता है भूखण्ड संख्या 679 राहुल सिटी बुनियादी विकास ग्रह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड कालवाड रोड कालवाड जयपुर कही गिर चुके है। जिस किसी को भी मिले दिए गए उक्त पते पर या मोबाइल नंबर पर सम्पर्क करे 6367335323

## कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय

राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in,
Phone No. 0141-2782772

क्रमांक: DHC-II/2783 दिनांक: 10/1/2024

### जाहिर आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 1/162, मानसरोवर, जयपुर क्षेत्रफल 92.25 वर्ग मीटर/ वर्गगज का आवंटन श्रीमती मोहनी देवी पत्नी श्री मनोहर चोटवानी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 253 दिनांक 21/01/1987 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 06/04/1987 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 767 दिनांक 16/02/2001 के द्वारा श्री मुकुल शर्मा पुत्र स्व. श्री बालकृष्ण शर्मा के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर में दिनांक 24/03/2001 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री मुकुल शर्मा की मृत्यु दिनांक 11/11/2022 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती सुमन शर्मा पत्नी स्व. श्री मुकुल शर्मा ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं वसीयतनामा प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/ आवेदक श्रीमती सुमन शर्मा पत्नी स्व. श्री मुकुल शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

**सम्पदा प्रबन्धक** वृत्त द्वितीय, जयपुर

## आम सूचना

दिनांक: 20.01.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अचल सम्पत्ति प्लाट नम्बर 6, सादर फाटक, चौमू हवेली, गांगपोल, जयपुर, राज, कुल क्षेत्रफल 278.65 वर्गगज है। उक्त सम्पत्ति रामेश्वर प्रसाद व हनुमान सहाय ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 27.05.1965 द्वारा ठाकुर राजे सिंह से क्रय की। रामेश्वर प्रसाद, उनकी पत्नी श्रीमती नारायणी देवी उनकी पुत्री मूली देवी व पांची देवी के स्वर्गवास पश्चात् उनके विधिक उत्तराधिकारी में उनकी उनकी पुत्रियां श्रीमती प्रभाती देवी शर्मा, श्रीमती विमला देवी, श्रीमती धापा देवी शर्मा व पुत्र मक्खन लाल शर्मा तथा मूली देवी के उनके पुत्र गोपाल लाल शर्मा व राकेश शर्मा उक्त सम्पत्ति में उनके हिस्से के संयुक्त रूप से मालिक, स्वामी व अधिकारी काबिज हुए एवं इन्होंने उक्त सम्पत्ति में रामेश्वर प्रसाद के हिस्से में निहित अपने-अपने अविभाजित हिस्सों को रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र दिनांक 15.06.2023 द्वारा मक्खन लाल शर्मा के हित में त्याग कर दिया। हनुमान सहाय शर्मा एवं उनकी पत्नी श्रीमती गुलाब देवी के स्वर्गवास पश्चात उनके विधिक उत्तराधिकारी में उनके पुत्र कैलाश चन्द्र शर्मा, डॉ. सत्यदेव शर्मा व पुत्री श्रीमती गीता देवी उक्त सम्पत्ति में उनके हिस्से के संयुक्त रूप से मालिक, स्वामी व अधिकारी काबिज हुए एवं इन्होंने उक्त सम्पत्ति में हनुमान सहाय शर्मा के हिस्से में निहित अपने-अपने अविभाजित हिस्सों को रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र दिनांक 04.01.2024 द्वारा डॉ. सत्यदेव शर्मा के हित में त्याग कर दिया। डॉ. सत्यदेव शर्मा ने उक्त सम्पत्ति में में निहित अपने अविभाजित हिस्से को रजिस्टर्ड उपहार पत्र दिनांक 05.01.2024 द्वारा सिद्धार्थ शर्मा को उपहार कर दिया। मक्खन लाल शर्मा ने उक्त सम्पत्ति में निहित अपने अविभाजित हिस्से को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 25.10.2023 द्वारा सिद्धार्थ शर्मा को विक्रय कर दिया। इस प्रकार सिद्धार्थ शर्मा उक्त सम्पत्ति के विधिक रूप से मालिक, स्वामी, अधिकारी काबिज हुए। अब उक्त सम्पत्ति पर मेरी अभिभाष्य वित्तीय संस्था HERO Fin Corp Ltd. से ऋण ले रहे हैं, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालिकाना हक, स्वामित्व, कब्जे व अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करें अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।

ऋषिकेश महर्षि एडवोकेट (एस. आर. एम. पार्टनर)
पता- 82, एवरेस्ट विहार, किंग्स रोड, निर्माण नगर, जयपुर, राज.

## उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 269/22
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम श्रीमती शशी गुप्ता पत्नी श्री रामस्वरूप गुप्ता जाति महाजन
विवाद स्थान R/o सी-10, रोड नं.11, नित्यानंद नगर क्वीन्स रोड, गांधी पथ, जयपुर मृतक मुकुल गोयल पुत्र रामस्वरूप गुप्ता की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 22.01.24

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम मुकुल गोयल पुत्र रामस्वरूप गुप्ता जाति.... निवासी सी-10, रोड नं.11, नित्यानंद नगर क्वीन्स रोड, गांधी पथ, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 22 माह 01 सन् 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 3 माह 1 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

मोहर अदालत

आज्ञा से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर-द्वितीय

# दो सगी बहनों ने अपने बच्चों सहित फांसी लगाकर आत्महत्या की

## बताया जा रहा है कि लंबे समय से परिवार में गृहक्लेश और पारिवारिक विवाद हो रहा था

**डीडवाना, (निसं)।** जिले के मौलासर थाना अंतर्गत नुवां गांव में शनिवार को एक बड़ी दर्दनाक घटना हो गई, जिसमें दो सगी विवाहित बहनों ने अपने दो बच्चों के साथ फांसी के फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। मृतकों में एक सात साल की बच्ची और चार साल का बच्चा भी शामिल है। इस घटना में चारों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। इस मामले में दोनों बहनों के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दोनों बहनों को प्रताड़ित करने और उनकी हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में मामला दर्ज करवाया है, जिसके आधार पर पुलिस ने 6 लोगों को डिटेन कर जांच शुरू कर दी है।



मृतकों के परिजनों ने मांगों को लेकर बांगड़ अस्पताल में धरना दिया।

- मौलासर थाना क्षेत्र के नुवां गांव की है घटना, दोनों महिलाओं के पति विदेश में कर रहे नौकरी
- चारों के शव राजकीय बांगड़ जिला अस्पताल लाये, परिजनों ने हत्या का मामला दर्ज करवाया
- मामले में पुलिस ने छह लोगों को डिटेन किया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है

जानकारी के अनुसार नुवां गांव की रहने वाली दो सगी बहनें नाजिया और साजिया का एक ही परिवार में ससुराल है। दोनों बहने जेठानी और देवरानी है। दोनों महिलाओं के पति चार सालों से विदेश में कार्यरत है। बताया जा रहा है कि लंबे समय से परिवार में गृह क्लेश और पारिवारिक विवाद हो रहा था कुछ समय पूर्व बहनों द्वारा ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पुलिस में मामला दर्ज करवाया गया था। इसके बाद दोनों बहने तनाव में आ गई और कल मध्य रात्रि दोनों बहनों ने दो बच्चों सहित फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को जब घटना का पता चला, तो घर में कोहराम मच गया, वहीं सूचना पर मौलासर पुलिस मौके पर पहुंची और चारों के शवों को फंदे से उतार कर डीडवाना के राजकीय बांगड़ चिकित्सालय की मोर्चरी में पहुंचाया। इस मामले में पुलिस ने मृतक बहनों के परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। वहीं इस मामले में छह लोगों को डिटेन किया गया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग दोनों बहनों को घर के एक कमरे में ही रखते थे। उन्हें मकान के दूसरे हिस्सों में आने जाने की मनाही थी। इसके अलावा उन्हें घर में बार बार मानसिक प्रताड़ना दी जाती थी। संभवत इसी कारण से दोनों बहनों ने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया। हालांकि पीहर पक्ष ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

**यह हैं मृतक :-** मृतकों की पहचान नाजिया (32) पत्नी सलाहुद्दीन, साजिया (30) पत्नी लियाकत अली, कनिष्का (7) पुत्री लियाकत अली और आमीर खान (4) पुत्र लियाकत अली के रूप में की गई है।

**शाम को बनी सहमति, हुआ पोस्टमार्टम :-** विवाहित बहनों की दो बच्चों के साथ संदिग्ध मौत के मामले में पूरे दिन चले गतिरोध के बाद शाम को आखिरकार सभी मृतकों का पोस्टमार्टम किया जाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए गए। इससे पूर्व पूरे दिन मृतकों के परिजन बांगड़ अस्पताल में धरने पर बैठे रहे। इस दौरान परिजनों ने इस घटना की मुख्य आरोपी मृतक बहनों के सास को गिरफ्तार करने, शवों का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने और मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई करने के मांग रखी। साथ ही मांगें पूरी नहीं करने पर शवों का पोस्टमार्टम नहीं करवाने और शव नहीं लेने की चेतावनी दी। इसे लेकर पूरे दिन पुलिस प्रशासन और परिजनों के बीच गतिरोध कायम रहा। आखिरकार मृतक बहनों की सास को गिरफ्तार करने और बाकी मांगे मानने के पश्चात सभी मृतकों का पोस्टमार्टम किया जाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए गए।

# विवाहिता को बंधक बनाकर दुष्कर्म

## विवाहिता को नाबालिग बेटी को मारने की धमकी दी

**बीकानेर, (निसं)।** जिले के देशनोक पुलिस थाना क्षेत्र में विवाहिता को बंधक बनाकर उसकी नाबालिग बेटी को जान से मार देने की धमकी देकर विवाहिता के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मामला तीन माह पुराना है, किंतु पीड़िता ने अब पुलिस अधीक्षक को परिवाद दिया है। जिसके आधार पर थाने में मामला दर्ज किया गया है।

- पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को परिवाद दिया

रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया कि उसकी श्रीराम पुत्र नारायण से जान पहचान थी। जिसके कारण उसका उसके घर आना-जाना था। आरोपी ने उसको विश्वास में लिया तथा उसके कई फोटो खींच लिए और बाद में उसको ब्लैकमेल करने लगा। आरोप है कि एक दिन आरोपी ने मौका पाकर उसकी ढाणी में आया और उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि उसने ऐसा कई दफा किया।

अब आरोप उसको अपने साथ ले जाने के लिए दबाव बना रहा है। आरोप है कि 8 नवम्बर 2023 को आरोपी की धमकी के बाद वह उसके साथ गाड़ी में बैठकर उसके साथ चली गई। गाड़ी में दो जने और थे। जिन्होंने धमकी देकर कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए।

पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसको व उसकी बेटी को लेकर अज्ञात स्थान पर लेकर गए। जहां आरोपी ने उससे सोने की रखड़ी, सोने की ठूसी, कानों के बाले, चांदी की तागड़ी, चांदी की पायल व मोबाइल छीन लिया। यहां आरोपी श्रीराम ने धमकी देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। चार पांच दिनों तक बंधक बनाए रखा। बाद में एक दिन मौका पाकर वे दोनों आरोपियों के चंगुल से भाग निकली।

# तस्कर को दस साल की कैद

**भीलवाड़ा, (निसं)।** विशिष्ट न्यायाधीश (एनडीपीएस प्रकरण) ने शनिवार को डोडा-चूरा तस्करी के मामले में आरोपी को दस साल की कैद और एक लाख रुपये जुर्माने से दंडित किया है। न्यायालय सूत्रों के अनुसार, मांडल थाने के तत्कालीन एसएचओ (आरपीएस प्रोबेशनर) सज्जन सिंह ने मांडल चौकी के सामने 17 अक्टूबर 2020 को नाकाबंदी की थी। इसी दौरान एक ईको कार से 212 किलो 420 ग्राम डोडा-चूरा मिला था। पुलिस ने केस दर्ज किया। इस मामले की जांच करने के बाद पुलिस ने कार के रजिस्टर्ड मालिक चावंडिया, बड़लियास निवासी सांवर कुमार ओझा पुत्र हर नारायण को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ चार्जशीट न्यायालय में पेश की। ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक कैलाश चौधरी ने 10 गवाह और 68 दस्तावेज न्यायालय में पेश कर आरोपित पर लगे आरोप सिद्ध करवाये।

# भुलावाड़ा के खलिहानों में जरख दिखा

**डूंगरपुर, (निसं)।** रणोली वन क्षेत्र के भुलावाड़ा गांव के खलिहानों में शनिवार को एक जरख देखे जाने के बाद आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। शिकारियों द्वारा जंगली जानवरों का शिकार करने के लिए डाला गया लोहे का विशेष फंदा जरख के आगे के पांव में फंसा होने के कारण वह हल्के कदमों से भागता हुआ खलिहानों से टामटिया बांध की ओर गया। वहीं, जरख को देखने लोगों की भीड लगने पर वह नहर में जाकर छुप गया।

वरदा थाना क्षेत्र के भुलावाडा गांव में शनिवार को जरख दिखाई दिया। जरख देखकर लोग घबरा गए और हो हल्ला मच गया। जरख के पैर में फंदा बंधा होने से वह हल्के पैरों से ही चल पा रहा था। वहीं लोगों की भीड होने से जरख टामटिया बांध की ओर भागने लगा। बांध की नगर में जाकर छुप गया।

- जरख के आगे के पैरों में फंसा हुआ था फंदा

ग्रामीणों की सूचना पर वरदा थानाधिकारी लालसिंह निनामा मय जाब्ता मौके पर पहुंच गए। वन विभाग को सूचना दी गई। जिस पर वन विभाग के नाथूराम रोत वनपाल आंतरी, पुनाली वनपाल हर्षवर्धन सिंह डेचा से हरिओमसिंह, महेश रोत सहित टीम ने मौके पर पहुंची। नहर में डूबकर बैठा लकडबग्गा घायल हालत में पड़ा था। रेस्क्यू टीम ने घायल जरख पर जैसे ही चद्दर डालकर कर पांव में फंसा लोहे का फंदा निकाला। जरख फुर्ति से उठकर भागने लगा। वन विभाग की टीम ने करीब एक किलोमीटर तक पीछा किया, लेकिन वह रणोली के जंगल की तरफ भाग गया। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

# सी.एम. बनने के बाद भजनलाल शर्मा पहली बार बीकानेर पहुंचे

**बीकानेर, (निसं)।** सीएम भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री बनने के बाद शनिवार को पहली बार बीकानेर पहुंचे। मुख्यमंत्री विशेष विमान से नाल एयरपोर्ट पर पहुंचे, जहां केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, विधायक बीकानेर पूर्व सिद्धि कुमारी, बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास, संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया और आईजी ओमप्रकाश ने अगवानी कर गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्थानीय कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद नाल एयरपोर्ट से जयपुर के लिए रवाना होंगे।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को एयरपोर्ट पर दिया गार्ड ऑफ ऑनर

मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही। ड्रोन व स्पेशल सुरक्षा फोर्स के अलावा 9 एएसपी, 15 डीवाईएसपी, 50 सीआई-एसआई, 150 एएसआई-हवलदार, 1100 जवान-आरएसी की 2 कंपनियां तैनात रहीं। खाजूवाला पहुंचने पर वहां मंत्री सुमित गोदारा, श्रीकोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी, खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल, श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचन्द सारस्वत, संभाग प्रभारी सीआर चौधरी, भाजपा प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला, बीकानेर जिला देहात अध्यक्ष जालम सिंह भाटी, चम्पालाल गेधर, अनूपगढ़ नगर पालिका चेयरमैन प्रियंका बालान, बीकानेर जिला कलक्टर भगवती प्रसाद कलाल, पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम समेत मौजूद भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ-साथ जिला स्तरीय अधिकारियों ने सीएम की अगुवानी की।

# अलग-अलग हादसों में दो की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** नाई थाना क्षेत्र में नील गाय से बचने के प्रयास में ऑटो दीवार से जा टकराया। हादसे में गंभीर घायल अधेड़ की मौत हो गई। शनिवार तडके नाई थाना क्षेत्र में ऑटा में नील गाय से बचने के प्रयास में दीवार से ऑटो टकराने से घायल मेघवालों का मोहल्ला निवासी लोगर (54) पुत्र कन्नाजी मेघवाल को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। लोगर व नया खेड़ा निवासी शराफत पुत्र नयाज मोहम्मद दोनों ऑटो में बैठकर तडके सब्जी मण्डी जाने के लिए रवाना हुए। जहां बीच रास्ते रिकु की बाडी के समीप रोड़ पर आई नीलगाय को बचाने के प्रयास में ऑटो दीवार से जा टकराया था। हादसे में गंभीर घायल होने पर लोगर को चिकित्सालय में भर्ती करवाया जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर हेड कांस्टेबल निसार मोहम्मद ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

वहीं शहर के गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र में अत्यधिक शराब पीने से युवक की मौत हो गई। अन्यत्र अम्बामाता थानाक्षेत्र में युवक की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र जोगी तालाब निवासी दीपक (25) पुत्र नारायण रेबारी की अत्यधिक शराब पीने से मौत हो गई। शुक्रवार रात में दीपक शराब पीकर घर आया था। दूसरे दिन जाग नहीं होने पर परिजन उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर हेड कांस्टेबल भेरूसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# एमबी कॉलेज में बने प्रवेश द्वार का पायलट ने उद्घाटन किया

## पूर्व संसद सचिव कीर्तिशेष गजेन्द्र सिंह शक्तावत की स्मृति में बनाया है प्रवेश द्वार



कार्यक्रम में पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास आदि मौजूद रहे।

उदयपुर, (कासं)। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने पूर्व संसद सचिव कीर्तिशेष गजेन्द्र सिंह शक्तावत की स्मृति में एमबी कॉलेज में बने प्रवेश द्वार का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अर्जुन सिंह बामणिया, पूर्व सीडब्ल्यूसी सदस्य रघुवीर सिंह मीणा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ गिरिजा व्यास, बीएन विवि सुखाडिया विवि वीसीए विद्यापीठ वीसी शिव सिंह सारंगदेवोत, पूर्व राज्यमंत्री जगदीशराज श्रीमाली, प्रदेश महासचिव लाल सिंह झाला प्रदेश महासचिव गोपाल शर्मा मावली विधायक पुष्कर डांगी राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ जी पीसीसी उपाध्यक्ष सुरेश श्रीमाली पीसीसी महासचिव गोवर्धन सिंह चौहान पूर्व विधायक त्रिलोक पूर्बिया जीए पीसीसी सचिव हनुमंत सिंह बोहेडा पीसीसी सचिव दिनेश श्रीमाली पीसीसी महासचिव पंकज शर्मा पीसीसी महासचिव गोवर्धन सिंह चौहान पूर्व मंत्री असरार अहमद पीसीसी सदस्य दुर्गा सिंह पीसीसी सदस्य सुरेश सुथार उदयपुर देहात व शहर जिलाध्यक्ष कचरू लाल चौधरी व फतेह सिंह पूर्व जिला उपाध्यक्ष गोपाल सिंह चौहान वल्लभनगर विधानसभा परिवार के करण काका कोठारी व सभी परिवारजन उपस्थित थे।

# राम मंदिर उत्सव को लेकर घर-घर भगवा झंडे लगाने के दौरान दो गुटों में विवाद

## तनाव की स्थिति को देखते हुए फिलहाल गांव में आर.ए.सी. की बटालियन तैनात

**जोधपुर, (कासं)।** राम मंदिर उत्सव को लेकर घर-घर भगवा झंडे लगाने के दौरान दो गुट आपस में भिड़ गए। कुछ लोगों ने इस पर आपत्ति जताई। उन्होंने झंडा लगाने से मना किया। इस पर बात बिगड़कर मारपीट तक बात पहुंच गई। मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है। मामले में पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। मामला जोधपुर के नंदवाण में शनिवार दोपहर का है।

मामले की जानकारी पर जोधपुर पश्चिम एडीसीपी चंचल मिश्रा, एसीपी नरेंद्र देवड़ा, विवेक विहार थाना प्रभारी राजेंद्रसिंह सहित पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा। मौके पर मौजूद भीड़ को शांत करवाया। तनाव की स्थिति को देखते हुए फिलहाल गांव में आरएसी की बटालियन को तैनात किया गया है। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में भी लिया है।

- पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया

जानकारी अनुसार जोधपुर में राम मंदिर उत्सव को लेकर सभी घरों और मोहल्ले को भगवा झंडों से सजाया जा रहा है। नंदवाण गांव में भी शनिवार को हिंदू संगठनों के युवकों की ओर से मुख्य रास्ते पर बिजली के पोल पर झंडों को लगाया जा रहा है। गांव में रहने वाले तीन-चार परिवार के लोगों ने अपने घर के आगे पोल पर झंडा लगाने से मना कर दिया। इस पर झंडा लगाने वाले युवकों की टोलियों और उन परिवार के लोगों के बीच बहस हो गई। बहस इतनी बढ़ गई कि झंडा लगा रहे एक युवक को पीट दिया।

मारपीट की सूचना पर नंदवाण और सालावास के काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। विवेक विहार थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत किया। तनाव को देखते हुए मौके पुलिस अधिकारियों को मौके पर बुलाया साथ ही सावधानी के तौर पर आरएसी की टुकडी को गांव में तैनात किया गया है। इस घटना को लेकर सालावास निवासी धन्नाराम प्रजापत ने विवेक विहार थाने में रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि राम मंदिर महोत्सव को लेकर वह शनिवार दोपहर को अपने साथियों के साथ सालावास गोशाला व गांव में झंड़े लगाकर सजावट कर रहे थे। इस दौरान गांव में ही रहने वाले मुबारक खान, अलाउखान, सफी खान, लतीफ खान, इकबाल खान, दिलावर खान, शहाबुद्दीन, सद्दाम, इरफान, मोहसीन, मैना पत्नी मुबारक खान, सफी व अन्य लोगों ने उनका रास्ता रोककर मारपीट शुरू कर दी। देर रात तक पुलिस मौके पर लोगों में समझआईस कर रही थी।

# मौत को हादसे का रूप देने के लिए नहर में डूबाई कार

**हनुमानगढ़, (निसं)।** टाउन क्षेत्र के गांव गुरुसर रोही स्थित एसएसडब्लू नहर में पिछले दिनों कार नहर में गिरने से विवाहिता की मौत के मामले में नया खुलासा हुआ है। मामला हादसे का न होकर हत्या का निकला। पुलिस ने आज आरोपी पति व उसके साथी को गिरफ्तार किया है। पति ने ही अपने दोस्त के साथ मिलकर पत्नी की हत्या की थी। मृतका भावना के भाई विक्रम पुत्र शिवप्रकाश निवासी वार्ड 6, 4 बीपीएम ढाणी, डाबला ने महिला थाना में मामला दर्ज करवाया था। जिसमें पति समेत ससुराल पक्ष के आठ लोगों पर दहेज के लिए तंग करने और कार को जानबूझकर नहर में गिराकर हत्या करने का आरोप लगाया था। मामले की जांच के लिए पुलिस की तीन विशेष टीमें गठित की गई। जांच के बाद पुलिस ने मृतका के पति अमन चैन व उसके साथी मुकेश उर्फ मकड़ा निवासी शेरेंका को गिरफ्तार किया है।

- पति ने ही अपने दोस्त के साथ मिलकर पत्नी की हत्या की थी
- मामला हादसे का न होकर हत्या का निकला, आरोपी पति व साथी गिरफ्तार

जांच टीमों ने पाया कि अमनचैन को अपनी पत्नी भावना के चरित्र पर शक था। इसके चलते उसने अपने साथी मुकेश उर्फ मकडा के साथ मिलकर भावना की हत्या की योजना बनाई। योजना के अनुसार अमनचैन अपनी पत्नी भावना को दवा दिलाने के बहाने हनुमानगढ़ के लिए रवाना हुआ। रास्ते में अपने साथी मुकेश को भी साथ ले लिया। हनुमानगढ़ से वापिस आते समय रास्ते में गुरूसर नहर के पास कार में पहले से रखे एक बड़े प्लास्टिक के बर्तन में भावना का सिर डूबोकर मारने का प्रयास किया। इसमें असफल होने पर कार को नहर में उतार दिया। इसके बाद अमनचैन व उसका साथी मुकेश गाड़ी का गेट खोलकर बाहर आ गए। मृतका भावना ने भी बाहर निकलने की कोशिश की तो दोनों आरोपियों ने नहर में डूबाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस आरोपियों को रिमांड पर लेकर जांच कर रही हैं।

# जैसलमेर ''मरू महोत्सव'' में विदेशी सैलानी घटे

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** मरु महोत्सव कहने को तो यह विश्व विख्यात है लेकिन विश्वभर के दर्शक इस मेले को नहीं मिल पा रहे हैं। फ्रांस एक ऐसा देश है जहां के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का भारत से प्रेम, जैसलमेर में फ्रांस के सैलानियों को खींच कर ला रहा है। शनिवार को भी फ्रांस के सैलानियों ने ग्रुप लीडर की देख रेख में जैसलमेर भ्रमण किया। बताया जा रहा है कि 25 जनवरी को पीएम मोदी के जयपुर दौरे के दौरान वे फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ जयपुर के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे।

फ्रांस के सैलानी तो मरू महोत्सव में भी आ रहे है परन्तु जिस उद्देश्य से मरू महोत्सव शुरू किया गया था अब वह उस पर खरा नहीं उतर रहा है। इस वर्ष 22 से 24 फरवरी को मरु महोत्सव का आयोजन होगा। इसको लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरु कर दी है। करीब चार दशक पहले डेजर्ट फेस्टिवल की शुरुआत विदेशी सैलानियों को जैसलमेर की लोक संस्कृति से रूबरू के उद्देश्य से की गई थी। उस समय तो देशी सैलानी यहां आते ही नहीं थे। कुछ सालों तक इस



फ्रांस के सैलानियों ने जैसलमेर भ्रमण किया।

महोत्सव में विदेशी सैलानियों की भीड़ उमड़ती रही। लेकिन हर बार एकरूपता होने के चलते विदेशी सैलानियों का इस महोत्सव से मोह भंग हो गया। आंकड़ों की बात करें तो 2015 में 11356 विदेशी सैलानी आए थे। 2022 में 316 और 2023 में 5703 सैलानी आए थे।

अगर इस बार विदेशी सैलानियों को आकर्षित नहीं किया गया तो हर बार की तरह इस बार भी मरू महोत्सव के कार्यक्रमों में दर्शकों की तो भीड़ जुट जाएगी। लेकिन वह सिर्फ लोकल दर्शक व सरकारी अधिकारियों व सुरक्षा बलों के दर्शक ही होंगे। पिछले कुछ सालों से देखा जा रहा है कि जिला प्रशासन व पर्यटन विभाग इस महोत्सव को इवेंट का रूप दे रहे हैं।

- 2022 में 316 और 2023 में 5703 सैलानी आए थे
- हर बार एकरूपता होने से विदेशी सैलानियों का महोत्सव से मोह भंग

2021 में तो किसी इवेंट कंपनी के भरोसे ही पूरा फेस्टिवल आयोजित करवाया गया। इसके अलावा तीन चार सालों से बॉलीवुड़ की हस्तियों को बुलाया जा रहा है। कुल मिलाकर इवेंट की चकाचौंध में रेगिस्तानी रंग फीके पड़ते जा रहे हैं। यही वजह है कि विदेशी पर्यटक अब इस महोत्सव के प्रति आकर्षित नहीं हो पा रहे हैं। इतना ही नहीं बड़ी तादाद में आने वाले देसी सैलानी भी इस फेस्टिवल में दर्शक के रूप में कम ही दिखते हैं।

इस महोत्सव का नाम है मरू महोत्सव, यानी जैसलमेर व राजस्थान सहित देश भर के लोक कलाकारों का प्लेटफार्म। शुरूआत से ही इस फेस्टिवल में देश विदेश के लोक कलाकारों को ही परफॉरमेंस के लिए बुलाया जाता रहा है। लेकिन अब उन्हें दरकिनार किया जाकर बॉलीवुड में संगीत की हस्तियों को ज्यादा तवज्जो दी जाती है, जबकि लोक कलाकारों को फ्रेम ही नहीं मिल रहा है। हालांकि उनके कार्यक्रम रखे जाते हैं लेकिन पब्लिसिटी के नाम पर बड़ी हस्तियां ही दिखती है। इसी वजह से देशी विदेशी सैलानी इसके प्रति कम रूचि दिखा रहे हैं।

पर्यटन विभाग द्वारा हमेशा खानापूर्ति के तहत ही प्रचार प्रसार किया जाता रहा है। जबकि यह विश्व विख्यात मेला है। इसका प्रचार देश भर के अलावा विदेशों में भी महोत्सव से दो चार महीने पहले किया जाना चाहिए ताकि जैसलमेर आने वाले सैलानी अपने प्लान में इस महोत्सव को शामिल कर सके। लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। प्रचार प्रसार के नाम पर केवल खानापूर्ति ही की जा रही है। इस वजह से न तो विदेशी सैलानी मरु महोत्सव को देख पाते है और न ही महोत्सव में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग ले पाते है।

# पाक विस्थापितों की जमीन पर बस गई अवैध बस्ती, अब रिपोर्ट तैयार करने में जुटे हैं अफसर

## कालवाड़ रोड स्थित गोविंदपुरा में 176 पाक विस्थापितों को आवंटित किए जाने थे 100 भूखंड़

- यू.डी.एच. मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने गत 9 जनवरी को बैठक में मांगी थी इस प्रकरण की विस्तृत रिपोर्ट
- बताया जा रहा है कि जेडीए जोन 8 के अफसरों ने 24 दिसंबर 2020 को प्रवर्तन शाखा को पत्र लिखकर अतिक्रमण प्रोफोर्मा रिपोर्ट भेजी थी। तत्कालीन उपायुक्त ने रिपोर्ट में कहा था कि 50-60 अज्ञात परिवारों ने झुग्गी-झोपड़ियां बनाकर अतिक्रमण कर लिया है, मौके पर मदरसा भी संचालित है। इसके बावजूद जेडीए की प्रवर्तन शाखा ने भूमि से अवैध कब्जे नहीं हटाए।
- इसके बाद जोन उपायुक्त ने गत 17 अक्टूबर 2023 को प्रवर्तन शाखा को पुन: स्मरण पत्र भेजकर इस बेशकीमती भूमि से अवैध कब्जे हटाने की सिफारिश की, इसके बावजूद जेडीए की प्रवर्तन शाखा इस प्रकरण को दबाए बैठे रही

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । पाक विस्थापित हिंदू परिवारों को कालवाड़ रोड पर गोविंदपुरा में जिस भूमि पर बसाया जाना था, वहां 'अवैध बस्ती' बन गई। इस सरकारी भूमि पर कई निर्माण होने के बावजूद पिछली कांग्रेस सरकार में जे.डी.ए. के अफसरों ने इसे हटाने की कोई कार्रवाई नहीं। गत 9 जनवरी को जब यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने इस मामले में जेडीए के अफसरों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी तो अब अधिकारी इस मामले की रिपोर्ट बनाने में जुटे है। धर्मसंकट यह है कि इस सरकारी जमीन पर अतिक्रमण नहीं हटाने के लिए अब किसकी जिम्मेदारी तय हो?

सूत्रों की मानें तो राजधानी जयपुर में कालवाड़ रोड पर गोविंदपुरा में पाक विस्थापितों के लिए आवासीय योजना बनाकर उसमें 100 भूखंड़ आवंटित किये जाने थे। इसके लिए भूमि आरक्षित की गई थी। इस बेशकीमती सरकारी जमीन पर पिछले कुछ सालों में अवैध कब्जे होते चले गए और जेडीए व राज्य सरकार में बैठे जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने रहे। भाजपा ने विधानसभा चुनाव के लिए जारी अपने संकल्प पत्र में प्रदेश की जनता से यह वादा किया है कि हिन्दू शरणार्थी परिवारों के लिए घरों व कॉलोनियों का निर्माण करेंगे। भाजपा सरकार ने इस संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करने का काम शुरू कर दिया है। जानकारों की मानें तो पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के समय पाक विस्थापित हिंदू परिवारों को बसाने की कवायद शुरू हुई थी। कुल 276 परिवारों की सूची राज्य सरकार से जयपुर विकास प्राधिकरण को दी गई थी। इनमें से 100 विस्थापित परिवारों को जगतपुरा के पास खूसर विस्तार योजना में भूखंड आवंटित किए गए। .शेष 176 परिवारों के लिए गोविंदपुरा योजना में 100 भूखंड प्रस्तावित किए गए। जेडीए ने इस योजना की प्लानिंग भी कर ली थी और परियोजना कार्य समिति की बैठक में योजना के मानचित्र को अनुमोदित भी कर दिया गया, लेकिन राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद पिछले 5 सालों में यह स्कीम ठंडे बस्ते में चली गई। इसी बीच इस बेशकीमती सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण और कब्जे होते गए, लेकिन उन्हें हटाने में जेडीए के अफसरों ने कोई रूचि नहीं ली। हालांकि भूमि से कब्जे हटाने के लिए जेडीए जोन 8 के अधिकारियों ने 24 दिसंबर, 2020 को प्रवर्तन शाखा को पत्र लिखा था। पत्र के साथ जोन कार्यालय ने अतिक्रमण प्रोफोर्मा रिपोर्ट भी भेजी थी। इस पत्र में जोन उपायुक्त ने बताया कि 50-60 अज्ञात परिवारों ने झुग्गी-झोपड़ियां बनाकर अतिक्रमण कर लिया है, मौके पर मदरसा भी संचालित है। इसके बावजूद जेडीए की प्रवर्तन शाखा ने भूमि से अवैध कब्जे नहीं हटाए। नतीजन जोन उपायुक्त ने 17 अक्टूबर 2023 को प्रवर्तन शाखा को फिर स्मरण पत्र भेजा। यह पत्र भेजकर फिर से भूमि से अवैध कब्जे हटाने की सिफारिश की, लेकिन अब तक अवैध कब्जे नहीं हटाए गए।

गत 9 जनवरी को यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने जब अधिकारियों की पहली बैठक ली तो उन्होंने इस प्रकरण पर अफसरों से जवाब मांगा। साथ ही 15 दिन में जिम्मेदार अधिकारियों की सूची और अब तक इस स्कीम में क्या-क्या कार्रवाई की गई, उसके बारे में जवाब मांगा। अब जेडीए के अधिकारी रिपोर्ट तैयार करने में जुटे है, जिसमें यह जवाब देना है कि हिंदू परिवारों को भूखंड का आवंटन अब तक क्यों नहीं किया गया? धर्मसंकट यह है कि अब किस अधिकारी की जिम्मेदारी इस प्रकरण में तय की जाए। बताया जा रहा है कि नगरीय विकास मंत्री पुन: 24-25 फरवरी को विभाग की रिव्यू मीटिंग ले सकते हैं।

## लॉरेन्स बिश्नोई गैंग का इनामी बदमाश गिरफ्तार



आरोपी विक्रम गुर्जर

**जयपुर** (कासं)। पुलिस कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच ने लॉरेंस विश्नोई गैंग के बदमाश को धर दबोचा। आरोपी के ऊपर कोटपूतली बहरोड में 25 हजार रुपए और सांगानेर जयपुर में 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने आरोपी को दस्तयाब कर सांगानेर पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विक्रम गुर्जर उर्फ लादेन कोटपुतली बहरोड का रहने वाला है। पुलिस ने मुखबिर से सूचना मिलनेक के बाद आरोपी को सेक्टर-5 प्रताप नगर नाले के पास स्लीप लाइन जयपुर से दस्तयाब कर लिया। आरोपी कोटपुतली बहरोड का हार्डकोर हिस्ट्रीशीटर एवं लॉरेंस गैंग का सक्रिय सदस्य है। जिसके खिलाफ मारपीट, हत्या का प्रयास, अपहरण, फिरौती मांगना एवं आर्म्स एक्ट के लगभग 28 प्रकरण दर्ज है। आरोपित पुलिस की गिरफ्तारी के डर से 8 से 9 माह से अन्य राज्यों में फरारी काट रहा था। कार्यवाही में सीएसटी के कांस्टेबल मनोज कुमार की अहम भूमिका रही। आरोपी के खिलाफ डीसीपी जयपुर पूर्व से दस हजार रुपए और थाना बहरोड कोटपुतली में पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

**जयपुर** । रामगंज इलाके में दोस्ती कर एक तलाकशुदा महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। विरोध करने पर शादी करने का झांसा देकर पिछले तीन साल तक कई बार होटल में ले जाकर देहशोषण किया। इसके बाद दूसरी लड़की से सगाई कर ली। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि रामगंज निवासी 36 वर्षीय की तलाकशुदा महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि साल-2020 में उसकी मुलाकात रामगंज निवासी मोहम्मद अदनान से हुई थी। बातचीत के दौरान दोनों में दोस्ती हो गई। मोबाइल पर कॉल-मैसेज के जरिए बातचीत होने लगी। पीडिता का आरोप है कि आरोपी ने 20 दिसंबर 2020 को मिलने के बहाने बुलाया और मोती डूंगरी रोड स्थित एक होटल में ले गया। होटल के रूम में आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर शादी करने का वादा किया। शादी करने का झांसा देकर पिछले तीन साल कई बार अलग-अलग होटल में ले जाकर देहशोषण करता रहा।

## डेयरी कैशियर को लूटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार



**जयपुर** (कासं)। सांगानेर थाना पुलिस ने डेयरी कैशियर के साथ लूट करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लूट के समय काम में ली गई बाइक बरामद की है। डीसीपी (पूर्व) ज्ञानचंद यादव ने बताया कि आरोपी जतिन मनमानी सेक्टर-8 प्रताप नगर और राजेश उर्फ राजा सैन सेक्टर-8 प्रताप नगर का रहने वाला हैं। थानाप्रभारी अमित शर्मा ने बताया कि 30 दिसंबर को डेयरी कैशियर अपनी सरस घी की सप्लाई पूरी करने के बाद सप्लाई के पैसे लेकर मालवीय नगर जा रहा था। तभी बाइक सवार दो बदमाश आए और उसका बैग छीनकर भाग गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। पुलिस ने साक्ष्य जुटाने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## अपहरण कर नाबालिग से दुष्कर्म

**जयपुर** । राजधानी से अपहरण कर एक नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। गिफ्ट देने के बहाने आरोपी रिश्तेदार से उसको मिलने बुलाया था। नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोशी की हालत में किडनैप कर अजमेर ले गया। 8 दिनों तक बंधक बनाकर आरोपी रिश्तेदार ने नाबालिग के साथ देहशोषण किया। नाबालिग पीड़िता के पिता ने आमेर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। घटना एक जनवरी की बताई जा रही है।

पुलिस ने बताया कि आमेर निवासी 60 वर्षीय व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी बेटी को नए साल पर राहुल मीणा और कमल मीणा ने खोरा मीणा मिलने बुलाया और उसे अपने साथ अपहरण कर अजमेर ले गए। आरोपियों ने उसे अजमेर में बंधक बनाकर रखा और कई दिनों तक उसका देहशोषण किया। किसी तरह पीडित उनकी चंगुल से निकल कर घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई। इस मामले में पुलिस पीडिता का मेडिकल करवा कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में जयपुर की युवा फिल्मकार की लघु फिल्म का चयन हुआ



युवा फिल्मकार निशि दूगड़

**जयपुर,** (का.सं.)। जयपुर की युवा फिल्मकार निशि दूगड़ की लघु-फिल्म 'अनारदाना' का 74वें बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में भारत की प्रविष्टि के रूप में चयन हुआ है। निशि दूगड़ इस बाल-फिल्म की निर्माता, निर्देशक और कहानीकार हैं। यह एक चुलबुली बालिका की कहानी है जिसकी बेफिक्र चंचलता पर अचानक परिवार में हुई एक दु:खद घटना ने विरोम लगा दिया। जयपुर में ही फिल्माई गई इस फिल्म का विश्व प्रीमियर बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में 15 से 25 फरवरी के बीच होगा, जहां इसका मुकाबला इस वर्ग की दुनिया भर के अन्य देशों की फिल्मों से होगा। निशि को फिल्म मेले में भाग लेने के लिये बर्लिन आने का निमंत्रण मिला है। आशा है उसे पुरस्कार भी प्राप्त होंगे। फिल्म निर्माता-निर्देशक के रूप में अपने ही आर्थिक संसाधनों से यह चलचित्र निशि का प्रथम संघर्षपूर्ण प्रयास है। इसमें उसे अपने माता-पिता व निर्माण सहयोगियों का पूरा सहयासेग और प्रोत्साहन मिला। इस लघु चलचित्र की सफलता के श्रेय में वे सभी भागीदार हैं। निशि का जन्म फतेहपुर के जयपुर निवासी दूगड़ परिवार में हुआ है और प्राथमिक शिक्षा भी जयपुर के सेंट जेवियर स्कूल में हुई है। वह कोलकाता के सेंट जेवियर कॉलेज की मल्टीमीडिया विषयश में स्नातक हैं। उनकी फिल्म संबंधी सिनेमेटोग्राफी आदि अन्य विषयों की शिक्षा फिल्म एंड टेलिविजनन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया पुणे में हुई है। राजस्थान में इस क्षेत्र में भी मेघा का अभाव नहीं है। अच्छा हो कि राजस्थान सरकार ऐसे मेघावी युवाओं के विकास और सफलता के लिये आवश्यक सुविधाओं और आर्थिक व अन्य संसाधनों का नियमित प्रबंध पर उनकी सफलता का मार्ग सरल करे।

## उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा व महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने की मंदिर में सफाई



**जयपुर** । अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की मूर्ति की स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव होगा। इसकी तैयारियां जयपुर में जोरों पर चल रही हैं। शनिवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और ग्रेटर निगम महापौर सौम्या गुर्जर ने मालवीय नगर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में साफ-सफाई की। उप मुख्यमंत्री ने रामोत्सव के तहत शहर को साफ करने में लगे सफाईकर्मियों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि हम सभी को स्वच्छता के लिए झाड़ू उठाने की जरूरत है। इससे जयपुर को अगले सर्वेक्षण में अच्छे अंक भी मिलेंगे। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने कार्यक्रम में लोगों से कहा कि कोई भी सार्वजनिक स्थान पर कचरा न फैलाएं। उन्होंने कहा कि रामोत्सव पर ग्रेटर निगम पांच लाख दीपकों से जगमग होगा। मंदिरों और चौराहों पर रंगोली बनाई जाएगी।

## बदमाशों ने युवक का अपहरण कर 5 लाख रु. फिरौती मांगी

- पुलिस की नाकाबंदी देखकर पीड़ित को मानसरोवर में छोड़ भागे आरोपी

**जयपुर** । विद्याधर नगर थाना इलाके में एक युवक को अगवा कर मारपीट कर पांच लाख रुपए मांगने का मामला सामने आया है। बदमाशों ने शहर में पुलिस की नाकाबंदी देखकर उसे मानसरोवर में सुनसान स्थान पर छोड़ दिया और फरार हो गए। पीडित ने घटना के सम्बंध में थाने में मामला दर्ज करवाया है। मामले की जांच एसीपी शास्त्रीनगर राजेश कुमार कर रहे है।

पुलिस के अनुसार विवेकानंद कॉलोनी नया खेड़ा निवासी रवि शेखर ने मामला दर्ज करवाया कि योगेज आलीजा ने उसे किसी काम के बहाने दाना-पानी रेस्टोरेंट विद्याधर नगर बुलाया। इसी दौरान कार सवार चार लोग आए और उसके अपहरण कर अपने साथ ले गए। रास्ते में मारपीट कर उससे पांच लाख रुपए मांगे। रुपए नहीं देने पर आरोपी उसके साथ मारपीट करते रहे और कार में इधर-उधर घुमाते रहे। इसके बाद शहर में पुलिस की नाकाबंदी देखकर बदमाश डर गए और मानसरोवर में सुनसान स्थान पर छोड़कर भाग निकले। इस पर पीडित ने थाने पहुंच कर शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 18 जनवरी की दोपहर दो से तीन बजे के बीच की है। इसी तरह जवाहर सर्किल इलाके में सिगरेट पीने से मना कर एक छात्र को भारी पड़ गया। तीन युवक उसका अपहरण ले गए और मारपीट कर उससे 18 हजार 100 रुपए ले लिए। घटना के सम्बंध में पीडित ने थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस के अनुसार जीएसआई कॉलोनी निवासी दिलीप कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि नंदपुरी मस्जिद केपास वह चाय की थड़ी पर बैठा था। वहां पर उदय मीणा, आशीष और उसके साथ भी बैठे थे। आरोपियों ने उसे सिगरेट पीने को कहा। इस पर उसने मना कर दिया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और बाइक पर अगवा कर बरकत नगर ले गए। वहां पर आरोपियों ने उससे 18 हजार 100 रुपए ले लिए। इसमें 4 हजार 700 रुपए नगद और बाकी रुपए ऑनलाइन डलवाए। इसके बाद बदमाश उसे छोड़कर भाग निकले।

इस पर पीडित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित जयपुर में रहकर पढ़ाई कर रहा है। पीड़ित से इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेने के लिए बुलाया है। इसके बाद ही आरोपियों की धरपकड़ की जाएगी।

## पेपर लीक प्रकरण में वांछित कनिष्ठ सहायक गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए कनिष्ठ लेखाकार एवं राजस्व लेखाकार भर्ती परीक्षा वर्ष 2013 के पेपर लीक प्रकरण में वांछित चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस एवं एसओजी वी के सिंह ने बताया कि पेपर लीक व नकल माफिया से जुड़े अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी के गठन के बाद में कनिष्ठ लेखाकार एवं राजस्व लेखाकार भर्ती परीक्षा वर्ष 2013 के पेपर लीक प्रकरण में अब तक कुल 22 अपराधी गिरफ्तार किये जा चुके है। एसओजी द्वारा वर्ष 2015 मे कनिष्ठ लेखाकार व तहसील राजस्व लेखाकार प्रतियोगी परीक्षा - 2013 के पेपर लीक प्रकरण का खुलासा करते हुए प्रकरण दर्ज किया था। जिस पर एसओजी ने कार्रवाई करते हुए मोहनलाल विश्नोई बागोड़ा जिला सांचौर हाल कनिष्ठ सहायक पंचायत समिति लूणी जिला जोधपुर को पूछताछ गिरफ्तार किया गया है। आरोपित मोहनलाल द्वारा कनिष्ठ लेखाकार व तहसील राजस्व लेखाकार प्रतियोगी परीक्षा-2013 का पेपर ब्लूटूथ के माध्यम से परीक्षा के दौरान नकल करना पाया गया है। एसओजी अब तक 25 आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है।

## ऑनलाइन होटल बुकिंग के नाम पर पांच लाख रु. ठगे

**जयपुर** । बनी पार्क इलाके में ठग ने ऑनलाइन बुकिंग कैंसिल होने का डर दिखाकर होटल बुकिंग के नाम पर पांच लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीडित का आरोप है कि साइबर ने ओटीपी पूछकर बैंक अकाउंट में सेंध लगाकर साइबर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। इस संबंध में पीड़ित ने थाने में मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि घीया मार्ग बनीपार्क निवासी दिनेश कुमार चौधरी ने मामला दर्ज करवाया है कि 18 जनवरी को सुबह उन्होंने होटल बुकिंग के लिए वेबसाइट से कस्टमर केयर के नंबर पर कॉल किया। कुछ देर बाद एक मोबाइल नंबर से वाट्सएप पर होटल के रूम की बुकिंग को लेकर मैसेज आया। एडवांस जमा कराने के बाद ई-मेल और वॉट्सऐप पर टिकट भेजने के लिए लिखा गया। बताया गया कि बुकिंग कन्फर्म के लिए 28 हजार 390 रुपए का पेमेंट करना होगा। पेमेंट के लिए ओटीपी देना होगा। बिना इसके पेमेंट नहीं होगा। ओटीपी का मैसेज आते ही उसने बता दिया। उसके बाद 10 रुपए का पेमेंट बुकिंग कन्फर्म के लिए मांगा गया। नेटवर्क समस्या के चलते ओटीपी नहीं आ रहा था। होटल की तरफ से लगातार ओटीपी भेजा जा रहा था।

फोन पर उससे कहा गया कि जल्दी पेमेंट करें नहीं तो बुकिंग कैंसिल हो जाएगी। धोखे से 4 लाख 68 हजार 280 रुपए का ओटीपी भेज उससे पूछा और बैंक अकाउंट में सेंध लगा दी। साइबर क्रिमिनल ने होटल बुकिंग के नाम पर 4 लाख 96 हजार 671 रुपए की ऑनलाइन ठगी कर डाली। साइबर ठगी का पता चलने पर पीड़ित थाने में पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर मोबाइल नंबर के आधार पर साइबर ठग की तलाश कर रही है।

## ट्रक ने स्कूल बस को टक्कर मारी, एक दर्जन बच्चे घायल

**जयपुर** । अजमेर रोड पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने बड़ के बालाजी कट पर स्कूल बस को टक्कर मार दी। हादसे में एक दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई थी। सूचना पर मौके पर पहुंच कर बगरू थाना पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाल कर सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचाया, जहां से बच्चों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया। हादसे की सूचना पर बच्चों के परिजन भी उनकी कुशलक्षेम जानने अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने बताया कि हादसा दोपहर करीब 3 बजे हुआ था। हादसे के बाद ग्रामीणों ने रास्ता जाम कर दिया था। लोगों को समझा-बुझाकर रास्ता खुलावाया। ग्रामीणों की मांग है कि इस कट पर लगी ट्रेफिक लाइट को दुरुस्त करवाने के साथ यहां पर यातायात पुलिस का जवान तैनात किया जाए।

## सार-समाचार

### मनीष गुप्ता उपाध्यक्ष निर्वाचित



**जयपुर** । दी एम्प्लॉयर्स एसोसिएशन ऑफ़ राजस्थान की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया। वर्ष 2024-25 के चुनाव अलोक फतहपुरिया की देखरेख में करवाए गए। इसमें इन्सुलेशन एनर्जी लिमिटेड के चेयरमैन मनीष गुप्ता को उपाध्यक्ष चुना गया। सर्वसहमति से एन.के.जैन को ईएआर का अध्यक्ष चुना गया और उनके नेतृत्व में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसका कार्य काल 2 वर्ष रहेगा। मनीष गुप्ता एवं समस्त कार्यकारिणी को मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। गुप्ता ने पद ग्रहण के बाद आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी सदस्यों को बधाई भी दी और ये आश्वासन दिलाया कि वे राज्य व केंद्र सरकार के उद्योग विभाग के साथ मिलकर निर्यात बढाने के लिए हर संभावना तलाशेगा।

### पं.सलिल भट्ट गाएंगे प्रभु श्रीराम के भजन



**जयपुर,** (का.सं.)। प्रभु श्रीराम के अयोध्या में पुनर्स्थापित होने के महापर्व के एक दिन पूर्व 21 जनवरी को सात्विक वीणा के रचयिता तंत्री सम्राट पं सलिल भट्ट अनूठा, अप्रतिम श्री राम सम्वाद प्रस्तुत करेंगे। यह कार्यक्रम मालवीय नगर स्थित आर्च कॉलेज के मुख्य सभागार में अपराह्न 3 बजे होगा। शुभ विचार संस्था और आर्च कॉलेज की ओर से हो रहे इस कार्यक्रम में देश-दुनिया के मशहूर कलाकार पं.सलिल भट्ट खुद के प्रतिष्ठापित सनातन सात्विक स्वर संवाद कार्यक्रम में प्रभु श्रीराम के पूर्वज, श्रीराम की अद्भुत शक्तियों और श्रीराम परिवार के बारे में रोचक जानकारी देकर श्रोताओं को आनंदित करेंगे। आर्च कॉलेज की संस्थापक अर्चना सुराणा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रभु श्रीराम के सुमधुर भजन रचनाएं होंगी। शुभ विचार संस्था के निदेशक जीतेन्द्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में प्रसिद्ध तबला वादक पं. राम कुमार मिश्रा संगत करेंगे।

### व्यापारी से 63 लाख रुपए ठगे

**जयपुर** । आदर्श नगर थाना इलाके में एक नामी कम्पनी की केबल्स और एलईडी लाइट्स देने के बहाने एक व्यापारी से 63 लाख रुपए से ज्यादा ठगने का मामला सामने आया है। पीडित ने इस सम्बंध में थाने में मामला दर्ज करवाया है । पुलिस के अनुसार तुलसीदासजी की बगीची जनता कॉलोनी निवासी पशुपति शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि उसे एक नामी कम्पनी की केबल्स और एलईडी लाइट्स देने के बहाने दिनेश कुमार बाफना, प्रकाश कुमार और सपना बाफना ने उससे 63 लाख 62 हजार 288 रुपए ले लिए। आरोपियों की फर्म तमिलनाडु में रजिस्टर्ड है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### 'मिलेट्स फॉर हेल्थ-हैप्पीनेस' कार्यक्रम



**जयपुर** । दुर्गापुरा स्थित राजस्थान कृषि अनुसंधान केंद्र में राजस्थान महिला अधिकारी एवं कर्मचारी एकीकृत महासंघ (राजमेक्स) की ओर से 'मिलेट्स फॉर हेल्थ एंड हैप्पीनेस' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक शैलजा देवल रही एवं अध्यक्षता राजमेक्स की अध्यक्ष विजेता चारण ने की। इस दौरान रोजमर्रा के भोजन में मिलेट्स को शामिल करने पर जोर दिया। साथ ही महासंघ के विभिन्न मुद्दों व समस्याओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर राजमेक्स के पदाधिकारी कमल शेखावत, किरण आहूजा, अल्पना कुलश्रेष्ठ, अर्चना गोयल, प्रभा गुप्ता नीलिमा, सुमित्रा चौधरी और सुरेखा गोयल मौजूद रहीं। वहीं, इसमें कृषि विभाग शाखा से संयुक्त निदेशक मधुलता सिंह, संगीता अग्रवाल, कविता चावला, रमा गुप्ता, जानकी, कृष्णा के साथ ही डॉ. गार्गी सक्सेना एवं डॉ. प्रतिभा ने मिलेट्स के उपयोग व पोषकता पर व्याख्यान दिया गया। वक्ताओं ने इस क्षेत्र में किये गए अनुसंधान पर चर्चा करते हुए मिलेट्स के उपयोग से कई बीमारियों के समाधान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मिलेट्स उद्यमी दीपा, डॉ ज्योति गोस्वामी भी मौजूद रहीं।

### हत्या के मामले में फरार बदमाश पकड़ा

**जयपुर** । महेश नगर पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे 15 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ भरतपुर के अलग-अलग थानों में 7 मामले दर्ज है। पुलिस पकड़े हुए आरोपी को अटलबंद भरतपुर पुलिस को सुपुर्द करेगी। डीसीपी (दक्षिण) योगेश गोयल ने बताया कि 19 जनवरी को पुलिस गश्त के दौरान कांस्टेबल देवराज को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक बदमाश त्रिवेणी नगर के पास एक कैफे में आया हुआ है। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर सूपा बयाना भरतपुर निवासी अनुज को गिरफ्तार कर लिया। थानाप्रभारी अनिल मूंड ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भरतपुर राजस्थान के विभिन्न थानों में मारपीट, हत्या, हत्या का प्रयास, लूट के मामले दर्ज है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के उपर थाना अटलबंद भरतपुर के एक मामले में 15 हजार रुपए का इनाम रखा हुआ है।

### हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। डीएसटी टीम और जालूपुरा थाना पुलिस ने हथियार लेकर वारदात की फिराक में घूम रहे बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक देशी कट्टा बरामद किया है। डीसीपी (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि ऑपरेशन आग के तहत अवैध हथियार रखने वाली गैंग के सदस्यों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि खन्ना पार्क के गेट के पास जालूपुरा में हथियार के लेकर एक बदमाश घूम रहा है और कोई वारदात करने की फिराक में है। इस पर डीएसटी थानाप्रभारी दिलीप सोनी, जालूपुरा थानाधिकारी अंतिम शर्मा के निर्देशन में टीम का गठन किया गया। टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी अभिषेक पालीवाल हसनपुरा सी सदर का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से देशी कट्टा बरामद किया है। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि वह देशी कट्टा कहां से लाया था और कितने रुपए में लाया था। इसके साथ ही पुलिस उसके आपराधिक रिकार्ड को भी खंगाल रही है।

### गांजा तस्करी में लिप्त महिला गिरफ्तार

**जयपुर** । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने करणी विहार थाना इलाके में ऑपरेशन "क्लीन स्वीप" के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाली एक महिला तस्कर कमला सांसी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा 110 ग्राम और बिक्री राशि बरामद की है। फिलहाल आरोपी महिला से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने करणी विहार थाना इलाके में अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाली एक महिला तस्कर कमला सांसी निवासी लालरपुरा करणी विहार जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से पुलिस ने 110 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित ब्रिकी राशि जब्त की है।





## World Snow Day

World Snow Day is celebrated on the third Sunday in January each year. The inaugural celebration started in 2012. World Snow Day, however, was the second phase of the FIS (The International Ski Federation) campaign to get more kids involved with snow sports. The first phase, which was called 'Bring Children to the Snow,' began five years earlier. The purpose of World Snow Day is to encourage families to make lasting memories with their children, as well as, to offer opportunities for kids to have experiences with winter sports like snowboarding and skiing.

#LIFESTYLE

# Need A Break From Social Media?

Yes, taking a social media break can be tough but it's not impossible.







After declaring that she was taking a social media break, shortly after 18 hours, Selena Gomez was seen back on Instagram. Does this remind you of someone you know or just you? Well, most of us are guilty of doing this! We say that we are going to delete this app, deactivate our profile and never return, but fail miserably, ending up *doomscrolling* on the same platform the very next day.

Yes, taking a social media break can be tough but it's not impossible. The FOMO, the urge to share something important or the inability to fill the void, the reasons are ample to fail at it but a little help can go 'a long way.' So, here are a few guidelines on how you can take a social media break successfully.

1. **Set clear goals:** Define the purpose of your break. Whether it's reducing stress, increasing productivity or improving mental health, having clear goals will help you 'stay focused.'
2. **Inform your network:** Let friends and followers know about your break. This reduces expectations and ensures understanding from your online community.
3. **Time limits:** Set specific time limits for your break. Whether it's a few days or weeks, having a clear timeframe helps you stick to your plan.
4. **Disable notifications:** Turn off social media notifications to minimise temptations and distractions during your break.
5. **Find alternatives:** Replace social media with other activities. Pick up a hobby, read a book or spend more time with friends and family, offline.
6. **Uninstall apps:** Consider removing social media apps from your phone. This makes it less convenient to access, reducing the likelihood of mindless scrolling.
7. **Create a schedule:** Plan how you'll spend your time during the break. Structure your day with activities that don't involve social media.
8. **Reflect:** Use this time for self-reflection. Understand your relationship with social media, identify triggers and consider making long-term adjustments.
9. **Connect face-to-face:** If possible, meet friends in person. Real-world interactions can provide a refreshing break from virtual connections.
10. **Evaluate and adjust:** Regularly assess your progress and make adjustments as needed. If certain aspects of your 'social media use' negatively impact you, consider permanent changes.

In case, you are pondering whether taking some time off social media is good for you, here are some benefits:


- **Improved mental health:** Reduced exposure to negative news, comparisons and online drama can lead to improved mental well-being during and after the break.
- **Improved productivity:** Without constant interruptions from social media, individuals often experience heightened 'focus' and 'productivity' in various aspects of their lives.
- **Better sleep quality:** Disconnecting from social media, particularly before bedtime, can enhance sleep quality by reducing exposure to blue light and potential stressors.
- **Enhanced real-life connections and communication:** Taking a break can lead to increased face-to-face interactions, strengthening personal relationships and fostering a sense of community beyond the digital realm.
- **Reduced stress and anxiety:** Minimising exposure to negative content and alleviating the pressure to stay constantly connected can contribute to lower stress levels and reduced anxiety.
- **Improved self-esteem:** Stepping away from social media diminishes the inclination to compare oneself to others, promoting 'healthier' self-esteem and a more 'positive' self-perception.



# *Netaji* tames *Masterji* - What a tussle!

True to his words, *Netaji* asked me to attend functions outside my house only twice, once to deposit my nomination papers and another time to meet the Party President, Nathu Lal ji, who was passing through Bansur.







**Subhash Mathur**
*Retd. IRS officer and a freelance thinker*

With disdain, *Netaji*, not only did not accept my 'No,' but also sent seven of his staunch supporters the next day to take my signatures on the form to become a candidate of the 'Temple party' for Vidhan Sabha. The 'fab seven' cajoled, persuaded, argued and mildly threatened but left my house only after 'I had, voluntarily, signed up.'

#RELUCTANT DREAMS

I retired as a maths teacher from the Govt. school, *Bansur tehsil*, Alwar district, in Rajasthan.

I was living a staid life with my youngish wife, Savita of 55 years.

My father had left behind a self-contained two-bedroom cum study house, with drawing-dining and a modern kitchen. It had two modern washrooms as well a sit-out in the backyard.

Savita and I lived a peaceful life in this *mansion* of ours. By 'I,' I mean 'me,' that is *Murari Mal Jangid* but universally known as *Murari Masterji* or just plain and simple 'Masterji.'

Our married daughter, Kamala, lived close by in Tijara.

Our son, Prakash, was due to pass out as a Mechanical engineer from an Engineering college in Sikar, shortly.

Once in a while, some students, from the nearby schools, would drop in for guidance. Else, it was a placid life.

In simple words, we were living a quiet and peaceful life, content with our circumstances.

But it was too good to last. Something had to give.

And, it sure, did!



A phone call on my landline from *Netaji*, a former student, shattered my peace for all times to come.

Simply put, *Netaji* proposed that *Masterji* should agree to be a candidate for the Assembly elections from Bansur on 'Temple Janata party symbol' which was a *Cheetah couple* looking up to the sky.

I outright refused but the damage had been done.

As I feared forever!

*Netaji* never accepted a 'no' from anyone even while he was in school. I didn't expect any better now.

*Netaji was adamant.*

Even teachers used to dread his outbursts as he was fond of using several pejoratives in between his harangues.

But for reasons which I could never fathom, *Netaji* respected me a lot.

I also reciprocated his sentiments by putting in some effort to make him clear matric. Netaji left the school as Surendra Pal Gujjar alias 'Netaji,' passed matric in his fourth attempt.

Big title!

Collectively, the school breathed a sigh of immense relief.

With disdain, *Netaji*, not only did not accept my 'No,' but also sent seven of his staunch supporters the next day to take my signatures on the form to become a candidate of the 'Temple party' for Vidhan Sabha.

The 'fab seven' cajoled, persuaded, argued and mildly threatened but left my house only after 'I had, voluntarily, signed up.'

I spoke loudly to myself, "*Yaar,* it's okay that I have signed up but I will never stir out of the house and thereby, forfeit my deposit."

Lovely!

Surprisingly, *Netaji* accepted all my 'harsh' conditions except that I had to leave the house for tendering the form before the Returning officer.

So I signed.

And surprisingly, I went back to my humdrum life except for following the election news more closely in the local papers.

Shortly thereafter, many banners with my photo suddenly appeared in the city. Some posters were plastered in public places. I got these pulled down on an *ASAP basis* by talking to the local head of the 'Temple party.'

True to his words, *Netaji* asked me to attend functions outside my house only twice, once to deposit my nomination papers and another time to meet the Party President, Nathu Lal ji, who was passing through Bansur.

Midway through the campaign, wife Savita candidly gave me her clear-cut assessment that I had less than 1 percent chance of polling more than 1k votes and a 100 percent chance of forfeiting my security deposit.

Her assessment came based on the collective wisdom of her *two Kitty groups*.

Hail the *Kitties* of the world!

Lord! How do they know everything?

I didn't disagree with Savita but I was secretly and fondly hoping for more like in '*Yeh dil maange more*.'

From time to time, I reminded myself that the two big gun political parties were also in the fray.

That thought sobered me down a lot.

But surprisingly, the *secular political space* in Rajasthan had been captured by *AAP*.

As the campaign intensified, local newspapers began to identify me as 'a candidate with a decent chance.'

I scoffed at these reports because I knew better.

But the *Exit polls* took us by surprise. My name was at the 'number three' position from *Bansur.*

Savita again told me with crystal clear clarity, '*Murari Lal Masterji*, stop dreaming! Stay close to reality and live with your eyes open.'

These women! They don't let one dream and stay puffed up even for a few hours.

On the counting day, Savita and I had gone to Alwar to attend the marriage celebrations of a close relative and were oblivious to the trends.

I was very pretty sure that I didn't stand a chance. The gap was far too much to cover up with the front runners.

But once again, a call from, who else but *Netaji*, shattered my composure and my peace.

Excitedly, Netaji informed me that I was leading the count and the *President of the party* would be speaking to me shortly.

Be available. Don't switch off.

How have the fortunes changed so dramatically?

Notorious *Netaji* was lording over his almost virtuous maths teacher, *Masterji*!

Strange are ways of fortunes.

Sure enough, I won.

Should I celebrate? I opted for the quiet route.

But peace was shattered shortly when the local leaders and supporters of the 'Temple party' descended upon my house, dancing to DJ dizzy tunes like *Lungi dance*. With the excitement growing, Savita abandoned her stiff upper lip and called up the *local Halwai*, *Bholu* and ordered mounds of *sweets* and *samosas* and tons of tea.

But peace was shattered shortly when the local leaders and supporters of the 'Temple party' descended upon my house, dancing to DJ dizzy tunes like '*Naatu Naatu,*' *Lungi dance*, etc.

With the excitement growing every second, Savita abandoned her stiff upper lip and called up the *local Halwai*, *Bholu* and ordered mounds of *sweets* and *samosas* and tons of tea.

After my initial reluctance, I too capitulated and danced away to 'glory.' And surprisingly, Savita joined me with gay abandon, in front of our house.

After all, one doesn't become *an MLA* every day. And for a 'poor Master,' it was 'Kingdom Come.'

For the curious, I won by *1947 votes*.

Overall, the 'Temple party' won 13 seats and became a dominant player in govt. formation.

*Netaji* went gaga as I was his choice. On the third day, he sent a *car Dzire* for me to travel to Jaipur as he put it for 'consultations.'

In reality, the bargaining over ministerial berths had begun.

Right royally, I was lodged in a 'suite' in the Circuit House.

By the time I realized the import of these talks, it became crystal clear that I had been shortlisted to be a 'Junior Minister.'

Now that 'I was in the game,' I called up Savita from the car itself, from my brand new Samsung Galaxy A34, gifted by Netaji that very afternoon.

"Get ready to shift to Jaipur and live in a sprawling bungalow with huge lawns," I told Savita. "And much else."

Savita, as usual, was skeptical but by evening, my name had been announced as a 'Minister of State with Independent charge.'

All doubts were removed. Even for Savita!

By now, I had learned the rules of the game. Make a ludicrous demand and watch how quickly it's fulfilled.

I asked for a better 'suite' and sure enough, I was upgraded to a *two-bedroom* '*suite*' in a *Four Star hotel*.

I asked for a better car and promptly, a *Suzuki Invicto* was placed at my disposal.

I even got the portfolio that I wanted.

Once the fuss was over at the *Raj Bhavan*, I drove over, in Invicto, with Savita and children, Kamala and Prakash, to my office.

I gingerly sat down on the chair, in the spacious chambers of the Minister, with the title,

"*MURARI LAL JI JANGID,* B.Sc, B.Ed, MINISTER OF STATE (INDEPENDENT CHARGE) FOR KHADI GRAM UDYOG."

rajeshsharma1049@gmail.com







#GENERATION Z

# The Loss of Deep Reading

Since the dawn of the 21st century, the rate of children, who read for fun, has plummeted.



Will there ever be another *Harry Potter*? Between 1997 and 2007, it seemed like every child (and even their parents) was reading *J.K. Rowling's* timeless fantasy novels about a skinny, bespectacled teenager's adventures at Hogwarts School of Witchcraft and Wizardry. Kids, worldwide, attended midnight parties for the launch of new installments, dressed as *witches and wizards* for *Halloween* and spent long hours, reading the thick hardcovers two, three, four or more times.

But since the dawn of the 21st century, when digital reading of website articles, blogs, emails, social media posts and chats began supplanting print reading, the rate of children, who read for fun, has plummeted. We may never again see another book series capture kids' attention as Harry Potter did.

In addition to lessening books' influence in the youth cultural zeitgeist, the broader switch to digital reading may be having a more pernicious effect, adversely affecting kids' reading comprehension skills, a recently published meta-analysis finds.

## Digital reading and comprehension

In 2011, scientists reviewed 99 studies exploring the effect of print reading on children's comprehension skills. As one would expect, they found a sizable one. The more the kids were exposed to print reading, the better able they were, to understand and recall what they were reading. Moreover, print reading appeared to promote a virtuous cycle. As young readers consumed longer and more complex texts, their reading skills improved, prompting them to pursue even more complex written works, further boosting their abilities.

They found that digital reading improves comprehension skills but the beneficial effect is between six and seven times lesser than print reading and it's least for children.

Great exposure to digital reading activities may detract early readers from building a strong reading foundational base in a *critical period* when they are shifting from 'learning to read' to 'reading to learn.'

Why does *digital reading* appear to be far less beneficial? The scientists cited numerous speculations from the literature. First, the linguistic quality of digital text tends to be of much lower quality. When chatting, we often use informal language with simplified vocabulary and we ignore grammar rules. Content is also typically far shorter, not requiring focus and retention to understand and fully enjoy longer works with intricate narratives and numerous characters.



According to Naomi S. Baron, an emerita professor of World Languages and Cultures at American University, a book's physical properties might also uniquely boost information retention.

"With paper, there is a literal laying on of hands, along with the visual geography of distinct pages. People often link their memory of what they've read to how far into the book it was or where it was on the page," she wrote.

"The physical properties of a book or magazine, the smell, the looks, the feel, can also make reading more pleasurable," she added.

Lastly, when reading content on digital sources, distractions from social media, YouTube and video games are often just a click away, hampering full comprehension of texts. In a recent study of undergraduates at West Virginia University, two-thirds admitted 'checking social media "often" or "very often" while reading.' Just over half of respondents said that social media negatively impacted their reading habits while 45% said that it had a neutral effect and 2.5% said that it had a positive effect.

Because youth tend to have impaired impulse control, they can be more susceptible than adults to distractions, when engaging in digital reading. They also are less likely to have mastered vocabulary and grammar rules, meaning that they will be exposed to more 'rudimentary writing' on social media and in chats with friends. It's for these reasons that the scientists recommend that parents and teachers limit kids' time with digital content or at least, emphasize printed works or using basic e-readers with ink-screens.

## Will teens follow their elders' advice?




"Recent data from the American Library Association point up some surprising choices by today's *Generation Z* (ages 13-25) compared with those of *Millennials* (ages 26-40). According to their study, *Gen Zers* are not only reading more books per month (presumably for pleasure) than are *Millennials*, but are reading more print than their older brethren."

Some of the researches showed that most students readily acknowledge that they learn and concentrate 'better' when 'reading print.'


Could subsequent generations come back to print? Time will tell.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अजमेर हुआ भगवामय, राम नाम पताकाओं से सजे घर व बाजार

## धार्मिक आयोजनों की धूम, आनागसार चौपाटी रोशनी से जगमगाएगी

**अजमेर,** (कासं)। अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर अजमेर शहर भगवामय हो गया है। शहर की 10 हजार से ज्यादा दुकान एवं मकान सजाए गए हैं, साथ ही शहर के प्रमुख बाजारों सहित नौ किमी आनासागर चौपाटी भी जगमगाएगी। शहर भर में रामधुनी, रोशनी सहित अन्य आयोजन शुरू हुए। वैशाली नगर में भारत विकास परिषद की ओर से प्राण प्रतिष्ठा को लेकर स्वागत द्वार बनाया है।

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर देश भर में माहौल राम मय हो गया है। अजमेर शहर सहित जिलेभर में छोटे बड़े से लेकर सभी प्रमुख मंदिरों, गली मोहल्लों को भगवा रंग में सजाया जा रहा है। बाजारों को सजाने के लिए श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ सहित अन्य व्यापारिक संगठन द्वारा बाजारों में सजावट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पूरा शहर भगवा और केसरिया रंग रंगा हुआ है। बाजारों में भगवान राम के झंडों से बाजारों को सजाया गया है, लोग गाडि़यों पर भी झंडे लगाकर घूम रहे हैं। नगर निगम की ओर से आनासागर चौपाटी पर सजावट करवाई जा रही है।

**राम नाम पताकाओं से सजे बाजार :-** श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ से जुड़े व्यापारिक संगठनों नया बाजार व्यापारिक संगठन की ओर से आगरा गेट तक सजावट कराई गई है। घी मंडी गेट से नया बाजार तक बाजार को सजाया गया है, यहां बैंड बाजे की धुन पर से रामजी का स्वागत किया जाएगा। केसरगंज व्यापारिक संघ की ओर से भी 100 दुकानों पर ध्वजाएं लगाई जा रही है, 22 जनवरी को 101 किलो खीर का वितरण किया जाएगा। मोदियांना गली होलीदड़ा में बाजार को लाइट से सजाया गया है। सिने वर्ल्ड चौराहे पर भी बड़ा तोरणद्वार बनाया जा रहा है। पुलिस लाइन व्यापारिक संघ की ओर से भी 100 से ज्यादा दुकानों को सजाया है। मदार गेट पर भी भगवा झंडों से सजावट की जा रही है, यहां 1001 किलो सूजी का हलवे का वितरण होगा। रामगंज मुख्य बाजार सहित श्री कार्य सिद्धि बालाजी मंदिर को भी सजाया जा रहा है। पुरानी मंडी सहित शहर के विभिन्न बाजारों को भगवा झंडों के साथ सजाया गया है।

**संजय मार्केट यूथ विंग कार्यक्रम :-** श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के संगठन संजय मार्केट यूथ विंग के व्यापारियों द्वारा सोमवार को अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पड़ाव क्षेत्र के व्यापारियों की ओर से शिवाजी पार्क से बाजार अपना बाजार, आलवानी साईकिल के पास के बाजार की सजावट,लाईटिंग, आतिशबाजी, लंगर वितरण, पौषबड़ा कार्यक्रम के साथ लंगर प्रसादी का वितरण किया जाएगा। कोषाध्यक्ष हितेष नैनवानी ने बताया कि डीजे पर रामधुनि का आयोजन भी समस्त बाजार में किया जाएगा। अध्यक्ष मितेष निचानी, उपाध्यक्ष हरीश अगनानी, सचिव हरीश वतवानी ने बताया कि कार्यक्रम में दोपहर एक बजे लंगर प्रसादी वितरण, चार बजे से अभिनन्दन समारोह के अतिथि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, पार्षद नकुल खण्डेलवाल, श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के अध्यक्ष महेन्द्र बंसल, महासचिव रमेश लालवानी, सुनील दत्त जैन आदि का अभिनन्दन किया जाएगा। इस अवसर पर अमीश नाहर, सुजीत नाहर, लक्की कोरवानी, दौलतराम लख्यानी,भारत तोलानी, राजकुमार पिंजलानी,जितेन्द्र आलवानी, धनराज, चन्द्र लखीसरानी, उमेश दत्तवानी, भगवान तीर्थानी, मनीष पिंजवानी, दिनेश बदलानी, दिव्यांश आलवानी, नितिन जैन, टिन्कू, राजू, दौलत,राजा अमरनानी सहित समस्त व्यापारियों के द्वारा सोमवार को पड़ाव क्षेत्र में अनेक आयोजन करके दीपावली के समान आयोजन करने की जिम्मेदारी प्रदान की गई है। अयोध्या राम मंदिर में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर खाईलैंड मार्केट विकास समिति के तत्वावधान में अध्यक्ष संजीव खण्डेलवाल और सचिव प्रदीप अग्रवाल के नेतृत्व में शोभयात्रा 22 जनवरी को सुबह निकाली जाएगी।

# ब्यावर नगर को राममय करने की तैयारियां अंतिम चरण में

## ब्यावर नगर के हर मंदिर में भव्य कार्यक्रम और महाआरती की व्यवस्था




नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राम, सीता, लक्षमण, हनुमान और शबरी के स्वांग रचते हुए सजीव झांकियां सजाई।

**ब्यावर,** (निसं)। श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के निमित्त पूरे शहर को भी अयोध्यामय बनाने की तैयारियां जोरों पर हैं।

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के निमित्त अक्षत वितरण के लिए बनी समिति के नगर पालक विनोद धीमान ने बताया कि इस अक्षत वितरण कार्य में समाज के सभी वर्गो ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेकर इसे पूर्ण कर दिया है। किसी परिवार में किसी कारणवश अक्षत ना पहुंचे हो, तो वो श्री आशापुरा माता मंदिर से स्वयं भी प्राप्त कर सकते हैं। शनिवार को ही शहर में हर गली मोहल्लों के मंदिर के आसपास नन्हे मुन्ने बच्चों ने राम, सीता, लक्षमण, हनुमान और शबरी के स्वांग रचते हुए झांकियां सजाई और शहर में घूमे जहाँ आसपास से गुज़रने वाले उन्हें प्रणाम करते हुए आशीर्वाद ले रहे थे।

उन्होंने बताया कि अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर नगर में भी अत्यंत उत्साह व उमंग का माहौल है। इस ऐतिहासिक पल के सभी लोग साक्षी बन सकें, इस हेतु नगर के सभी मंदिरों में स्थानीय मंदिर समिति के तत्वाधान में कई धार्मिक कार्यक्रमों की रचना बनी है। सभी मंदिरों की विशेष सजावट की गयी है। विद्युत रोशनी से मंदिर परिसर को जगमग करा गया है। प्रतिमा का विशेष शृंगार किया जा रहा है। रूप से सभी मंदिरों में अयोध्या धाम में रामलला की होने जा रही दिव्य आरती के ठीक उसी समय सभी मंदिरों में महाआरती का कार्यक्रम तय हुआ है। प्रताप मंडल के पालक राजीव मिश्रा ने बताया कि दिनांक 22 जनवरी को सुरजपोल गेट बाहर श्री प्राचीन बालाजी मंदिर में प्रातः 10:30 बजे भजन एवं सायं पांच बजे सुंदरकांड का पाठ होगा।

# पुलिस के साथ हाथापाई करने के मामले में दो जने गिरफ्तार

## 15 दिन पहले खनन माफियाओं ने किया था पुलिस पर हमला




पुलिस के साथ हाथापाई कर राजकार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**खेतड़ी,** ( निसं)। पचेरी कलां पुलिस ने देर शाम को पुलिस के साथ हाथापाई कर राज कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों ने 15 दिन पहले अवैध खनन रोकने गई पुलिस टीम के साथ हाथापाई कर ट्रैक्टर छुड़ा ले गए थे।

थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि सात जनवरी को वह थाना क्षेत्र की सीमावर्ती इलाके में वांछित अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गए हुए थे। इस दौरान थाना क्षेत्र के सीमावर्ती गांव चुड़ीना में अवैध खनन कर बजरी भरकर ले जाने की सूचना मिली थी। जब वह मौके पर पहुंचे तो कुछ लोग नदी से अवैध खनन का ट्रैक्टर में भरकर ले जा रहे थे। इस दौरान शिवपुरा मोड पर पुलिस ने दो ट्रैक्टरों को रुकवा कर उनसे भरकर लाई गई बजरी के बारे में जानकारी जुटाई तो बोलोरो गाड़ी में सवार होकर काकड़ा निवासी राजकुमार उर्फ लीलू, नांगल काठा निवासी कृष्ण कुमार, चुड़ीना निवासी सतवीर, तिरखाराम सहित अन्य लोगों ने पुलिस की गाड़ी के आगे गाड़ी लगाकर ट्रैक्टर छुड़ाकर ले गए थे।

इस दौरान आरोपियों ने पुलिस के साथ हाथापाई भी की थी, जिस पर पुलिस ने एक आरोपी चुड़ीना निवासी तिरखाराम को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, जबकि अन्य आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस टीम को सूचना मिली कि पुलिस के साथ हाथापाई करने के आरोपी क्षेत्र में आए हुए हैं, जिस पर पुलिस ने हरियाणा के डरौली जाट में दबिश देकर प्रवीण पुत्र सत्यवीर व मंजीत पुत्र सत्यवीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

थानाधिकारी ने बताया गिरफ्तार आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी रणजीत सिंह, एएसआई कैलाश चंद शर्मा, फतेह सिंह, कांस्टेबल सुनील कुमार, मनीष, बलकेश आदि शामिल थे।

- पुलिस टीम के साथ हाथापाई कर ट्रैक्टर छुड़ा ले गए थे

# अवैध हथियारों के साथ तीन बदमाश गिरफ्तार

## हथियारों को मध्यप्रदेश से खरीद कर तस्करों को सप्लाई करने की फिराक में थे

**बाड़मेर,** (निसं)। डीएसटी व धोरीमन्ना थाना की संयुक्त पुलिस टीम ने शनिवार को अवैध हथियारों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए भारी मात्रा में अवैध हथियार व जिन्दा कारतूस बरामद करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाश उक्त हथियार मध्यप्रदेश से खरीद कर आगे विभिन्न स्थानों पर तस्करों को सप्लाई करने के फिराक में थे।

पुलिस अधिक्षक दिगंत आनंद ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा चलाई जा रही 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत संगठित अपराधियों का उन्मुलन, अवैध हथियार व मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम तथा वांछित व ईनामी अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान डीएसटी टीम को प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बाड़मेर सत्येन्द्र पाल सिंह व वृताधिकारी वृत गुड़ामालानी देवीसहाय के सुपरविजन में धोरीमन्ना पुलिस थानाधिकारी सुखराम व जिला स्पेशल टीम बाड़मेर द्वारा डीएसटी टीम के प्रभारी हेड कांस्टेबल मेहाराम की सूचना पर मुलजिम हिस्ट्रीशीटर देवीलाल, श्रीराम जाणी व विक्रम के कब्जे से 6 अवैध देशी पिस्टल मय 12 जिंदा कारतूस बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गई है।

पुलिस अधिक्षक दिगंत आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2024 की पुलिस प्राथमिकता तथा राज्य सरकार द्वारा 100 दिवसीय कार्य योजना के प्रभावी कियान्वयन हेतु डीएसटी टीम को संगठित अपराधियों/गैंग्स का चिन्हिकरण व उन्मुलन, अवैध मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम एवं अवैध हथियार बरामदगी व वांछित एंव ईनामी अपराधियों की धरपकड़ के निर्देश दिये गये थे। जिसके क्रम में डीएसटी बाड़मेर द्वारा हिस्ट्रीशीटर देवीलाल उर्फ देवाराम द्वारा संचालित अवैध हथियार तस्करी के गिरोह का चिन्हिकरण कर निगरानी प्रारम्भ की गई। इस हेतु डीएसटी व धोरीमन्ना पुलिस की संयुक्त टीम का गठन कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गये। अवैध हथियार गैंग पर निगरानी के दौरान गठित टीम के हेड कांस्टेबल मेहाराम को ईतला मिली कि हिस्ट्रीशीटर देवीलाल अपने सहयोगी के साथ भारी मात्रा में अवैध हथियार मध्यप्रदेश से तस्करी करके लाया है जो धोरीमन्ना, गुड़ामालानी एंव सांचौर क्षेत्र में अपराधियों/ तस्करों को सप्लाई करेगा। जिस पर गठित टीम द्वारा शनिवार को हिस्ट्रीशीटर अपराधी देवीलाल उर्फ देवाराम पुत्र किशनाराम विश्नोई निवासी रावलीनाडीनगर पुलिस थाना रागेश्वरी, श्रीराम पुत्र भागीरथराम विश्नोई निवासी पुर पुलिस थाना सांचौर जिला सांचौर और विक्रम पुत्र वागाराम विश्नोई निवासी पुर पुलिस थाना सांचौर जिला सांचौर को मय स्पोर्ट बाईक के दस्तयाब कर उनके कब्जे से 6 अवैध देशी पिस्टल मय 12 जिंदा राउण्ड बरामद किये।

इस सम्बन्ध में पुलिस थाना धोरीमन्ना पर आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किये गये। एसपी दिगंत आनंद ने बताया कि अपराधियों द्वारा उक्त हथियार मध्यप्रदेश में किससे खरीदने व आगे किन अपराधियों को सप्लाई करने के सम्बन्ध में गहनता पूर्वक अग्रिम अनुसंधान व पूछताछ की जा रही है। मुलजिम देवीलाल उर्फ देवाराम पुलिस थाना रागेश्वरी का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है जिसके विरूद्ध नौ प्रकरण व मुलजिम श्रीराम जाणी के विरूद्ध चार प्रकरण दर्ज होकर न्यायालय में विचाराधीन है।

# ट्रेनों में टिकट चैकिंग में 74 मामले पकड़े

- 37 मामले बिना टिकट यात्रा के एवं 37 अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले मामले पकड़े

**कोटा,** (निसं)। वर्तमान में कोटा रेल मंडल में विशेष टिकट चेकिंग अभियान नियमित रूप चलाया जा रहा है।

कोटा के मंडल वाणिज्य प्रबंधक किशोर कुमार पटेल ने 20 जनवरी को मंडल मुख्य टिकट निरीक्षक अजय शर्मा, सात चेकिंग स्कवाड स्पेशल टीम एवं तीन रेल सुरक्षा बल के जवानों के सहयोग से कोटा-शामगढ़ खंड के गाड़ी संख्या 22976 रामनगर-बांद्रा टर्मिनल, गाड़ी संख्या 20941 बांद्रा टर्मिनल-गाजीपुर सिटी एवं गाड़ी संख्या 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस में विशेष टिकट चैकिंग के दौरान कुल 74 मामलें पकड़े जिससे रेलवे को कुल 51 हजार 1 सौ रूपये का राजस्व मिला।

उक्त एक्सप्रेस ट्रेनों में कुल 37 मामले बिना टिकट यात्रा के एवं 37 अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले मामले पकड़े गए। इसके अतिरिक्त गाड़ी संख्या 20941 बांद्रा टर्मिनल-गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस के पेंट्रीकार में 3 अवैध वेंडर पकड़े जिनसे कुल 10,320 रूपये का जुर्माना वसूला गया। वाणिज्य विभाग द्वारा मंडल के आय में बढ़ोत्तरी का सराहनीय कार्य किया है। टिकट चैकिंग में सर्वाधिक मामले पकड़ने एवं उत्कृष्ट आय अर्जित करने में चल टिकट परीक्षक अनिल, राकेश गोयल, वृजेश सिसोदिया, रामनाथ एवं रविप्रकाश की विशेष भूमिका रही। यह कार्यवाही आगे भी निरन्तर जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि यात्री गाड़ियों में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाया जा सके।

# पोल में आए करंट से कर्मचारी की मौत



मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों ने हंगामा किया।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। बिजली के पोल पर काम के दौरान एक कर्मचारी की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मामला जिले के मांडल थाना क्षेत्र का है। थाना क्षेत्र के भीमपुरा में रहने वाला 27 साल का मुश्ताक अली क़ायमखानी शनिवार को आरज़ियामें में बिजली के पोल पर काम करने के लिए चढ़ा था। इसी दौरान वो लाइन में करंट चालू होने से करंट लग गया और वो करंट लगने से नीचे गिर गया। मौके पर ही मुस्ताक की मौत हो गई। घटना के बाद ग़ुस्साए परिजनों ने शव को लेकर वहां कुछ देर प्रदर्शन किया। बाद में मुआवजा राशि पर सहमति बनने के बाद परिजन शांत हुए। पुलिस ने मृतक के पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा।

# झांसा देकर रूपये ऐंठे, एक गिरफ्तार

- फर्जी वेबसाईट के माध्यम से लड़कियां उपलब्ध कराने का झांसा देकर ठगी की


**डूंगरपुर,** (निसं)। साबला थानान्तर्गत पचलासा बड़ा तालाब की पाल के किनारे एक युवक को फर्जी वेबसाईट के माध्यम से लड़कियां उपलब्ध कराने का झांसा देकर रूपये ऐंठने के मामले में पचलासा बड़ा निवासी नाथूलाल पुत्र गौतम पाटीदार को मोबाईल सहित गिरफ्तार कर लिया है।

साबला थाना पुलिस के अनुसार मुखबीर की सूचना पर पचलासा बडा तालाब की पाल पर वेबसाईट पर फर्जी सिमकार्ड के मोबाईल नम्बर रजिस्ट्र्ड करते हैं। उसके बाद ग्राहको द्वारा उक्त वेबसाईट को खोलने के बाद उक्त रजिस्ट्र्ड मोबाईल नम्बर पर ग्राहकों द्वारा मैसेज किया जाता है। उसके बाद अभियुक्त द्वारा ग्राहकों को बातों में उलझा कर लड़कियों की फोटो डालकर ग्राहक को फंसाते हैं एवं लड़कियां उपलब्ध कराने के नाम पर ग्राहकों से भारी मात्रा में राशि ऐंठ कर अपने खाते में डलवा देते हैं। उसके बाद ग्राहकों के मोबाईल नम्बर अभियुक्त द्वारा ब्लैकलिस्ट में डाल देते हैं। विज्ञापन में जिन लड़कियों की फोटो उपलब्ध करायी जाती है, वे असल में उपलब्ध नहीं होती है, मात्र फोटो का झांसा देकर ग्राहक को फंसा कर रूपये ऐंठते है और ग्राहक शर्म के मारे कोई कानूनी कार्यवाही नहीं करवाते है।

इस प्रकार यह ग्राहको की मजबुरी का फायदा उठा कर बडी रकम ऐंठ कर राशि अपने खाते मे डलवाते है वे स्वयं लाभ कमा ग्राहकों को नुकसान पहुंचाते हैं। इस मामले में साबला पुलिस ने रंगे हाथ नाथूलाल को गिरफ्तार कर लिया तथा उसके कब्जे से एक मोबाईल भी बरामद कर लिया। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही जारी है।

# एस.डी.एम. ने मनरेगा का निरीक्षण किया

- अनुपस्थित श्रमिकों की मौके पर ही अनुपस्थिति दर्ज की



हनुवतखेड़ा में एसडीएम सुनील पंवार ने मनरेगा का निरीक्षण कर निर्देश दिये।

**छबड़ा** (निसं)। एसडीएम ने भूलोन बूथ पर पहुंचकर चुनावी संबंधी कार्यों व राजीविका केंद्र तथा हनुवतखेड़ा में चल रहे मनरेगा का निरीक्षण किया। यहां ग्राम सेवक अनुपस्थित मिलने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

एसडीएम सुनील पंवार ने बताया कि हनुवतखेड़ा में चल रहे मनरेगा के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित श्रमिकों की मौके पर ही अनुपस्थिति दर्ज की गई। चुनाव संबंधी कार्यों के चलते भूलोन बूथ का निरीक्षण किया तो यहां अनुपस्थित ग्राम सेवक को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वही, राजीविका केंद्र का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण संबंधी शिकायतें प्राप्त होने पर तत्परता से कार्रवाई के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# पांच अवैध स्टॉकों के विरुद्ध कार्रवाई

**हनुमानगढ़,** (निसं)। राज्य में खनिजों के अवैध खनन, निर्गमन, भण्डारण की रोकथाम हेतु खान विभाग, राजस्व, वन, परिवहन एवं पुलिस विभाग को सम्मलित करते हुए 31 जनवरी तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सहायक खनिज अभियंता एस सी अग्रवाल ने बताया कि गठित दलों द्वारा 18 व 19 जनवरी को तहसील पल्लू व पीलीबंगा क्षेत्र में खनिज जिप्सम के 5 अवैध स्टॉकों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए मौके पर 4196.29 मैट्रिक टन जिप्सम को जब्त किया गया। खनिज जिप्सम के दो अन्य प्रकरण में पुलिस थाना, पल्लू में एफआईआर दर्ज कराई गई व 5 प्रकरणों में जुर्माना वसूली और एफआईआर दर्ज करवाने की कार्यवाही की जा रही है।

# शैक्षिक सम्मेलन में पहुंचे शिक्षा मंत्री मदन दिलावर

**जोधपुर,** (कासं)। प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि पिछली सरकार में नियुक्त शिक्षा अधिकारी आज से ही अपनी सेवाएं समाप्त समझें। उन्होंने कहा कि निजी स्वार्थ के लिए पिछली सरकार ने कई अधिकारियों का सेवा विस्तार किया है, आज से ही यह सभी अधिकारी अपनी सेवाओं को समाप्त समझ लेवें। वे आज जोधपुर प्रवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर जोधपुर में आयोजित शिक्षकों के शैक्षिक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि शिक्षाविद् अधिकारियों व निजी बड़ी संस्थाओं से विचार करेंगे और कैसे नई शिक्षा नीति को लागू किया जा सके इस पर विचार किया जाएगा। अगले वर्ष शिक्षक सम्मेलन की रिकॉर्डिंग करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दो दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन हुआ है। इन सम्मेलन में किन विषयों पर चर्चा हो रही है इसका विचार किया जाएगा। अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की समीक्षा की जा रही है। छात्र हितों पर कोई कुठाराघात नहीं होगा। छात्र हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 22 प्रतिशत शिक्षकों के पद रिक्त है जिन्हें जल्द ही भरा जाएगा। सभी शिक्षकों का सदुउपयोग किया जाएगा। रिलीव नहीं करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# पंचायत समिति की बैठक में हंगामा

**नोहर,** (निसं)। पंचायत समिति सभागार में साधारण सभा की बैठक हंगामेदार रही। बैठक की शुरूआत में ही पुलिस कार्यप्रणाली को लेकर जव चर्चा चली तो नकली डीएपी प्रकरण मामले में पंचायत समिति प्रधान सोहन ढिल ने पुलिस का रवैया सौ प्याज भी खाए और सौ जूते भी कहावत जैसा बताया। इस पर सदन में बैठे पुलिस उप अधीक्षक रघुवीर सिंह भाटी ने डीएपी मामले में स्पष्टीकरण दिया। इसी बीच सदन में बैठे सी.आई. धर्मपाल ने प्रधान सोहन ढिल द्वारा कही गई कहावत पर नौक-झौक करने लगे। इस पर सभाध्यक्ष प्रधान ढिल ने उन्हें समझाया लेकिन सी.आई. धर्मपाल समझने को तैयार नहीं हुए जिस पर प्रधान ढिल ने बैठक से बाहर निकल जाने को कहा।

# वन मंत्री संजय शर्मा ने पूर्व उपसभापति से मुलाकात कर पूछी कुशलक्षेम

**अलवर ।** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने बायोडायवर्सिटी पार्क का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारी को पार्क के रख-रखाव एवं सौन्दर्यकरण के निर्देश दिये।

राज्य मंत्री संजय शर्मा ने प्रतापबंध स्थित बायोडायवर्सिटी पार्क का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पार्क में उगी हुई झाडियों, क्षतिग्रस्त मचान, कुर्सियों, किड जोन के झूलों आदि अव्यवस्था पर नाराजगी जाहिर करते हुए उपवन संरक्षक अलवर को दूरभाष पर निर्देश दिये कि क्षतिग्रस्त कार्यों को यथाशीघ्र दुरूस्त कराकर पार्क के पुनरूद्धार व सौदर्यकरण कार्य करावें।

उन्होंने निर्देश दिए पुनरूद्धार के उपरांत पार्क का रखरखाव एवं साफ-सफाई नियमित रूप से करावें तथा पार्क की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करावें। इस संबंध में लापारवाही किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं की जाएगी।


वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संजय शर्मा ने परिवारजनों से भी मुलाकात की।

**पूर्व उपसभापति से मुलाकात कर पूछी कुशलक्षेम :** उन्होंने राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय के आईसीयू में भर्ती पूर्व उपसभापति राजदुलारी शर्मा से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी एवं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

उन्होंने पीएमओ को निर्देशित किया कि इलाज में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहे। इस दौरान उन्होंने चिकित्साल में भर्ती अन्य मरीजों से बातचीत कर चिकित्सालय की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। इसके पश्चात उन्होंने विगत दिनों अलवर शहर हुई चोरी की घटनाओं के पीडित दुकानदारों से मौके पर जाकर घटना की जानकारी ली।

उन्होंने पुलिस अधीक्षक को दूरभाष से निर्देश दिए कि इन घटनाओं के आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करें। साथ ही निर्देश दिए कि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति नही होनी चाहिये इसके लिए पुलिस गश्त बढाए तथा अलवर की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखे।

## 'भाजपा झूठे मामले दर्ज करवा रही है'

**अलवर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, पूर्व केबिनेट मंत्री प्रमोद जैन भाया, पूर्व विधायक पानाचंद ने आज कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू से शिष्टाचार मुलाकात कर प्रदेश की कानून व्यवस्था एवं समसामयिक विषयो पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार बदलते ही भारतीय जनता पार्टी के नेता ओछी मानसिकता का परिचय देते हुए कांग्रेस के नेताओं को बेवजह कानूनी मुकदमों में फंसाकर कांग्रेस नेताओं की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बारां जिले के कांग्रेस नेताओं को निशाना बनाकर उनके खिलाफ पुलिस थानों में मामले दर्ज कराये जा रहे है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि उनके नेताओं की राजनीतिक छवि धूमिल करने के लिए भाजपा झूठे मामले दर्ज करवा रही है। उन्होंने मांग की है कि भविष्य में बिना किसी जांच और तथ्यों तथा राजनैतिक दबाव में एफआईआर दर्ज न की जाए।

## अधिकारियों व वकीलों का स्वास्थ्य परीक्षण किया


न्यायालय परिसर में वकीलों ने अपनी जांच कराई।

**सांभरझील, (निसं)।** ज्योति विद्यापीठ महला के सौजन्य से न्यायालय परिसर में आयुर्वेद, फिजियो थेरेपी, प्राकृतिक चिकित्सा, आयुष द्वारा हेल्थ चेकअप परामर्श एवम उपचार शिविर में चिकित्सकों की टीम ने न्यायिक अधिकारियों, वकीलों, सहायक वकीलों के स्वास्थ्य का चेकअप किया। शिविर का एडीजे नीरज भामू, एसीजेएम ऋचा कौशिक, ग्राम न्यायाधिकारी पूजा मीना ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मेडीकल टीम के प्रमुख डॉक्टर मनोज गोड के सानिध्य मे चिकित्सकों व नर्सिंग स्टाफ ने स्वास्थ्य का परीक्षण कर जरूरतमंद को निशुल्क दवाइयां व उचित सलाह प्रदान कर लाभान्वित किया। शिविर में सभी प्रकार के स्त्री रोग, दन्त रोग, आँख रोग, गुदा रोग, बवासीर, मस्से, हड्डी एवं जोडों के रोग पोलियो/लकवा, पथरी रोग, श्वास रोग एवं त्वचा रोगों के उपचार व बचाव की जानकारी दी गई।

## अयोध्या से आये पूजित अक्षतों का किया वितरण

**कोटपूतली।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में बड़ा मंदिर एवं श्री अवध बिहारी मंदिर में बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें सुरेश संघई, हनुमान, एड. अशोक सुरेलिया, प्रवीण बंसल, बबलू मीणा, गोपीराम शर्मा, प्रमोद शर्मा, पप्पू गुर्जर, मोहनलाल मीणा समेत अन्य मौजूद रहे। इस मौके पर अयोध्या से आये पूजित अक्षत एवं पत्रक का वितरण किया गया। एड. शिवकुमार बंसल ने बताया कि 22 जनवरी सोमवार को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में दीपोत्सव का आयोजन किया जायेगा। अमित यादव ने बताया कि इस अवसर पर बड़ा मंदिर परिसर में बड़ी एलईडी पर श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का लाईव प्रसारण दिखाया जायेगा। साथ ही रामधुनी एवं सत्संग का आयोजन होगा एवं मंदिर परिसर में विशेष सजावट भी की जायेगी। राम भक्तों द्वारा सोमवार को मंदिर परिसर में दीपकों से सजावट करते हुए आतिशबाजी की जायेगी।

## श्रीराम जीवन की जीवंत झांकियां सजाई, रैली निकाली

- 51 तोरण द्वारों से हुआ भव्य स्वागत, जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा

**मंडावरी।** कस्बे में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मौजूदा समय में घर-घर राम हर घट राम के साथ क्षेत्र में माहौल राम मया हो रहा है। कस्बे में शनिवार को 22 जनवरी राम लला मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राम जीवन पर आधारित भव्य जीवंत झांकियां का प्रदर्शन किया गया।

साथ ही भारी संख्या में राम भक्तों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा भगवान झंडी हाथ में लेकर जय श्री राम के नारे लगाते हुए क्षेत्र को राम मय कर दिया गया। यह भगवा रैली जीवंत झांकियां के साथ गौरव पथ स्थित फ्यूचर वर्ल्ड एकडमी से शुरू हुई। श्री राम भगवान के जीवन चरित्र पर सजाई गई जीवंत झांकियां के साथ भगवा जागृति रैली का कस्बे में विभिन्न जगहों पर 51 तोरण द्वारों से भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान रैली का विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न वर्गों सहित जन समुदाय द्वारा पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया। श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई जीवंत झांकियां की रैली एवं भगवा यात्रा नगर पालिका क्षेत्र के नगर पालिका के सामने होती हुई राष्ट्रीय राजमार्ग से निकलती हुई मुख्य बाजार होकर विभिन्न गली मोहल्ले चौराहे से गुजरी। रैली में चल रहे नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं द्वारा श्री राम के जयकारे लगाए गए एवं भव्य राम मंदिर निर्माण सहित रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विभिन्न धार्मिक भजन भी उच्चारित किए गए।

फ्यूचर वर्ल्ड अकैडमी मंडावरी के द्वारा रामलला प्राण प्रतिष्ठा पूर्व जागृति रैली का आयोजन किया गया रैली में मुख्य वक्ता के रूप में खंड संघ चालक श्री भगवान सहाय शर्मा ने अयोध्या में श्री राम के तंबू से मंदिर में पहुंचने की पूरी कहानी बच्चों को विस्तार से बतलाई गई।कैलाश शिवाजी ने कार सेवा के बारे में बालकों का मार्गदर्शन किया।

## भ्रमण व स्नेह मिलन कार्यक्रम

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा ने एक अनूठी पहल करते हुए पुलिस विभाग के पारिवारिक सदस्यों का कार्यालय भ्रमण एवं स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। उक्त कार्यक्रम के दौरान पुलिस पारिवारिक सदस्यों का जिला पुलिस अधीक्षक, टोंक के कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का भ्रमण करवाया जाकर कार्मिकों द्वारा अपने परिवार के सदस्यों को अपने कार्य के बारें में अवगत कराया गया एवं पुलिस की कार्यशेली के सम्बन्ध मे जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक, पुलिस परिवार से मिले व उनकी पारिवारिक परिस्थितियों के बारे में जानकारी ली एवं उनकी दिनचर्या के सम्बन्ध में तथा पुलिस परिवार के बच्चों से उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में की जा रही तैयारी व अन्य बिन्दुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। पुलिस परिवार के सदस्यों ने उक्त कार्यक्रम की प्रशंसा कर उक्त नवाचार की सराहना करते हुऐ खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में दौरान आदर्श चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, टोंक, सलेह मोहम्मद, वृताधिकारी वृत टोंक इत्यादि उपस्थित रहें।

## खेत में सोए किसान की ठंड से मृत्यु होने पर कलेक्टर ने दिलाई सहायता राशि

- 'योजनाओं का फायदा हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सरकार और प्रशासन का सहयोग करें'

**खैरथल।** नगर परिषद खैरथल के वार्ड नंबर एक के खातीवाडा पार्क में विकसित भारत संकल्प यात्रा कैंप लगाया गया। जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने पहुंचकर कैंप का निरीक्षण किया और आमजन को विकसित भारत की शपथ दिलाई। इस दौरान कलेक्टर ने लोगों की समस्याएं सुनी, स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि पीएम स्वनिघी योजना के तहत ऋण चेक प्रदान किए एवं खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

जिला कलेक्टर ने कैंप में उपस्थित लोगों को भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी और लोगों से अपील की भारत सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचने में सरकार व प्रशासन की मदद करें और अधिक से अधिक लोगों को सरकार की ओर से लग रहे कैंपों में लाकर मदद दिलाए जिंससे सही मायने में कैंपों का उद्देश्य सार्थक हो सके। जिला कलेक्टर ने विभाग वाइज अधिकारियों से प्रत्येक डेस्क पर जाकर जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने प्रधानमंत्री की विश्वकर्म योजना का लाभ अधिक से अधिक दिए जाने के लिए भी निर्देशित किया।

कैंप में पहुची प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गारंटी वेन में लगी एलइडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रसारण को आमजन को दिखाया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थी को गैस कनेक्शन वितरित किए गए एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित हेल्थ कैंप में ग्रामीणों का हेल्थ चेकअप किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम धरती कहे पुकार के का आयोजन एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत कार्य करने वाले नागरिकों को अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। कैंप में नगर परिषद आयुक्त श्याम बिहारी गोयल सीएमएचओ आर डी मीणा वह जिला खेल अधिकारी अंजना देवी व आधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

दूसरी और जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने खैरथल तिजारा जिले के गांव कुशालबास में खेत में रखवाली के लिए रात को सोए 52 वर्षीय किसान सुखी राम की ठंड से मृत्यु होने पर रेवेन्यू बोर्ड से दी जाने वाली 11 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत कराई जाकर चेक प्रदान करने तहसीलदार मुंडावर को पीड़ित परिवार के घर भेजा। जिला कलेक्टर के आ ान पर ईपी स्कूल के डायरेक्टर आजाद चौधरी ने पीड़ित परिवार को 21 हजार की सहायता राशि घर जाकर प्रदान की। जिला कलेक्टर ढाका ने भामाशाहों से आगे बढ़कर पीड़ित परिवार की मदद किए जाने का आवाहन किया है। बताया गया है कि किसान सुखीराम की पत्नी व 19 वर्षीय बेटा मानसिक रूप से कमजोर है 17 वर्षीय बेटी सुषमा घर की जिम्मेदारी को संभालती है। मृतक खुशीराम के परिवार पैतृक जमीन व भैंस के पीछे चल रहा है।

## दुष्कर्म के आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

**टोंक।** एक नाबालिग पुत्री के साथ मुल्जिम हंसराज माली द्वारा बहला फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म कर बालिका को खुन से लथपथ अवस्था में छोडकर चले जाने की वारदात के दौरान पुलिस प्रशासन ने पोक्सो एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान कर आरोपी को 24 घन्ट में गिरफ्तार किया। प्रकरण की घटना नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म व गम्भीर अत्याचार का होने पर जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा द्वारा प्रदत्त निर्देशों की पालना में प्रकरण महिला अपराध अनुसंधान सैल टोंक व महावीर सिंह, वृत्ताधिकारी वृत्त निवाई के पर्यवेक्षण मे हरिपाल सिंह थानाधिकारी निवाई के नेतृत्व मे एक विशेष टीम गठित कर प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुये पुलिस द्वारा केवल 24 घन्टे में मुल्जिम हंसराज पुत्र रामकल्याण जाति माली उम्र 35 साल निवासी चिकाना पुलिस थाना निवाई जिला टोंक को तलाश कर पोक्सो एक्ट का प्रमाणित पाया जाने पर गिरफ्तार किया गया। गठित टीम व स्पेशल लोक अभियोजक पोक्सो कोर्ट टोंक द्वारा मुल्जिम को सजा दिलवाने हेतु प्रकरण में 31 गवाहान से समझाईस कर न्यायालय में कथन लेखबद्ध करवाये गये।

## हाथ-पैर तोड़ने वाला ईनामी बदमाश गिरफ्तार किया

- थाने के टॉप 10 में शुमार है आरोपी

**दौसा।** जिले की सदर थाना पुलिस ने मारपीट के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।दौसा की सदर थाना पुलिस ने थाना स्तर के टॉप-10 अपराधी व पांच हजार के इनामी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थाना इंचार्ज गौरव प्रधान ने बताया कि मामले में पुलिस टीम ने लोकेश मीणा निवासी बालाजी होटल के पास सांकरवाड़ा तथा सुरेंद्र मीणा निवासी सांकरवाड़ा टोडाभीम को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों समेत कई अन्य ने साढ़े छ महीने पहले खान भांकरी रोड स्थित हेलीपैड पर ट्रैक्टर चालक के हाथ-पैर तोड़ दिए थे। मामले में पुलिस पूर्व में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने बताया 26 जुलाई 2023 को हरकेश मीणा निवासीमल वास्या ढाणी भांडारेज ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पिता छोटूराम महेश्वरा से टैंकर में पानी लेकर दौसा आ रहे थे।

इस दौरान हेलीपैड के पास पहुंचा तो स्कूल के बच्चों ने पानी पीने के लिए टैंकर रूकवा लिया। इसी दौरान बाइक सवार तीन व कार सवार चार युवक आए और उसके पिताजी को सड़क पर पटक कर उसके साथ सरिए से मारपीट कर हाथ-पैर तोड़कर फरार हो गए थे।आरोपी पिछले सात साल में हरियाणा, नोएडा, दिल्ली व जयपुर में फरारी काटता रहा। आरोपी को गिरफ्तार करने में थाने के हेड कॉन्स्टेबल धर्मराज की विशेष भूमिका रही।

## कलस्टर कैम्प आयोजित

**कोटपूतली।** कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजपूताना पी.जी. कॉलेज में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु कलस्टर कैम्प का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. एच.एन. धोलीवाल ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार कैम्प में 18 वर्ष के युवाओं को मतदाता पहचान पत्र बनवाने हेतु प्रेरित किया गया। ईएलसी प्रभारी ताराचन्द सैनी ने युवाओं को चुनाव से संबंधित ऑनलाईन एप के विषय में जानकारी प्रदान की तथा विद्यार्थियों को चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने की शपथ दिलवाई गई। इस दौरान सहायक प्रोफेसर आर.पी. धोलीवाल, उमराव लाल, एस.के. शर्मा, संतोष सैनी, सुरेश कुमार रिवालिया, मनीष मीणा, पुनीत नागर, भारत सैनी, नीरज कुमार, राधेश्याम मोरवाल, मैंथलेस गुर्जर, भावना शर्मा, रेखा यादव, शालू शर्मा समेत विद्यार्थी मौजूद रहे।

## विशाल कलश यात्रा और शोभायात्रा निकाली जायेगी

**चौमूं / कालाडेरा ( निसं )** 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि के स्थान पर भव्य श्री रामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के समारोह के मंगल मय अवसर पर चौमूं उपखण्ड के ग्राम कालाडेरा में भव्य रूप से मनाया जाएगा।

कालाडेरा ग्राम पंचायत के संरपच अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि के स्थान पर भव्य श्री रामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह के मंगल मय अवसर पर कालाडेरा में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के अन्तर्गत रविवार दिनांक 21 जनवरी 2024 को विशाल कलश यात्रा और भगवान श्री राम की झांकी सहित शोभायात्रा तथा सोमवार 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा के समय प्रात: 10:00 बजे कस्बे में स्थित श्री सीताराम जी के मंदिर के सामने भगवा चौक पर संगीतमय हनुमान चालीसा और रामधुनि के बीच प्राण, प्रतिष्ठा के दुर्लभ क्षण का साक्षी बनने हेतु एलईडी स्क्रीन लगाकर लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। इससे पूर्व संपूर्ण ग्राम में प्रत्येक घर में भगवा ध्वज फहराया जाएगा तथा भगवा बंदनवारों से ग्राम में मुख्य मार्गों सहित अनेक स्थानों पर सजावट की जाएगी। वहीं संरपच शर्मा ने सभी ग्राम जनों से यह करबद्ध प्रार्थना कि सभी ग्राम जन इस दिव्य समारोह का हिस्सा बनने के लिए सभी कार्यक्रमों में उत्साह के साथ सहभागी बने तथा शोभा यात्रा तथा प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने घरों पर रोशनी करें तथा दीपमालिका सजावें। प्रत्येक सनातनी हिंदू परिवार के लिए अपने जीवन काल में इससे ज्यादा शुभ दिन और कोई नहीं होगा ।

## वांटेड आरोपी को गिरफ्तार किया

**दौसा।** जिले की मेहंदीपुर बालाजी थाना पुलिस ने सात साल से फरार चल रहे वांटेड आरोपी को गिरफ्तार किया है। दौसा जिले की मेहंदीपुर बालाजी थाना पुलिस ने सात साल से फरार चल रहे वांटेड आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बालाजी थाना क्षेत्र के ही खेडी रामला गांव निवासी किशनलाल मीणा उर्फ बिन्नू को गिरफ्तार किया है। बालाजी थाना इंचार्ज बुद्धि प्रसाद ने बताया की 13 मई 2017 को रामेश्वर मीणा निवासी गगवाना ने मामला दर्ज कराया था कि किशनलाल समेत 15-20 लोग लाठी-डंडे व धारदार हथियार लेकर आए और उस पर जानलेवा हमला कर दिया था। बदमाशों ने रामेश्वर पर तलवार से हमला कर उसका पैर काट दिया था, इससे उसे गंभीर चोटें आई थीं। महिलाओं के साथ भी अभद्रता की गई थी और कपड़े फाड़ दिए थे।

## फुलेरा में श्री सीताराम हनुमान महायज्ञ का आयोजन

**फुलेरा।** कस्बे के स्कूल खेल मैदान फुलेरा में शनिवार प्रात: 11:15 बजे संस्कार सेवा योजना ट्रस्ट व सर्वसमाज सनातन समिति फुलेरा के संयुक्त तत्वावधान में श्री सीताराम हनुमान महायज्ञ का आयोजन प्रारंभ किया गया।

उपरोक्त जानकारी देते हुए धर्मप्रेमी धीरेन्द्र टेलर व समिति के प्रवक्ता पवन कुमावत ने बताया कि अयोध्या में 22 जनवरी को श्री रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। गौरतलब है कि कार्यक्रम का आगाज 17 जनवरी को आयोजित कलश यात्रा के साथ हुआ। जिसमें महिला समिति फुलेरा द्वारा सर्व समाज के सहयोग से क्षेत्र में एक भव्य एवं विशाल कलश यात्रा निकाली गई थी। इसी क्रम में 20 जनवरी को श्री सीताराम हनुमान महायज्ञ का आरंभ सनातन विजय पताका फहराने के साथ में हुआ। जिसमें सेवाभावी सामाजिक कार्यकर्ता गौरीशंकर शर्मा के द्वारा सनातन ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात वहीं धर्मप्रेमी नन्दकिशोर द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया। इसी क्रम में गायत्री परिवार के कार्यकर्ता विनोद प्रजापति एवं विपिन पारीक के निर्देशन में सीताराम हनुमान महायज्ञ प्रारंभ किया गया। यज्ञ में विशिष्ठ अतिथि राजेशखर गिरि महन्त वीर हनुमान मन्दिर बोराज एवं धर्मसिंह व्यवस्थापक गायत्री शक्ति पीठ कालवाड़ रहे। फुलेरा के रामभक्तों द्वारा यज्ञ हेतु व्यवस्थाएँ की गई। प्रथम दिवस पर आयोजित 24 कुणडीय यज्ञ में 96 जोड़ों सहित करीब 200 अन्य लोगों ने आहूति देकर यजमान की भूमिका निभाते हुए गायत्री मंत्र की दीक्षा ली।

# भगवा रंग में रंगा मालपुरा, गुंजे जय श्री राम के नारे

**मालपुरा** (निस) अयोध्या मे राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अन्तर्गत मालपुरा मे आयोजित तीन दिवसीय समारोह पर शनिवार को जय श्री राम के जयघोष के साथ शुभारम्भ हुआ।

अयोध्या कारसेवक मंडल के तत्वाधान मे पुरानी तहसील बारादरी बालाजी मंदिर से विशाल रामधुनी नगर परिक्रमा निकाली गई। आयोजन समिति की और से वर्ष 1992 मे अयोध्या मे बाबरी विध्वंश कारसेवा मे शामिल हुये दो दर्जन से अधिक कारसेवको को भगवा पगडी व दुपट्टा पहना सम्मान से नवाजा गया। क्षैत्र के 51 गांवो से पहुंची मंडलियो ने राजस्थानी लोकवाद्य यंत्र ढोलक व झांझ के साथ रामनाम

- कार सेवकों का सम्मान किया गया


अयोध्या कारसेवक मंडल की और से मालपुरा मे 51 गांवो की रामधुनी मंडलियो द्वारा रामनाम संकीर्तन यात्रा वन निकाली गई।

संकीर्तन यात्रा शुरू की गई जो कि पुरानी तहसील आजाद चौक,बापु बाजार,ज्योति मार्केट, ख्वासजी का कटला, गांधी पार्क, महावीर मार्ग, नवीन मंडी होते हुए आदर्श नगर बालिका विद्या मंदिर पहुंच समापन हुआ। भगवा रंग मे रंगे मालपुरा के मुख्य मार्गो से गुजरी सजीव झांकिया व रामधुनी मंडलो का गांधी पार्क पर जेसीबी मशीनो से पुष्पवर्षा कर भव्य आतिशबाजी से स्वागत किया गया। जगह-जगह शहरवासियो ने पुष्पवर्षा कर बच्चा-बच्चा राम का जन्मभूमि के काम का, एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम के जयघोष लगाये गये। मर्यादा पुरूषोतम श्री राम के जीवन से जुडे विभिन्न प्रसंगो की सजीव झांकिया सजाई गई। शोभायात्रा के साथ चल रहै राम लक्ष्मण, सीता व हनुमान जी के सजीव स्वरूपो एवं विद्वान संतो की जगह-जगह आरती उतारी गई। सो से अधिक महिलाओं ने सिर पर केसरिया पगडी पहन रामधुनी नगर परिक्रमा का नेतृत्व किया जो कि मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के विभाग प्रमुख शिव लहरी जी भाईसाहब ने नारी शक्ति को पुष्पगुच्छ व कारसेवको को कुमकुम का तिलक लगाकर सम्मान करते हुए कहा कि पांच सो साल के लम्बे संघर्ष व बाबरी के विध्वंश मे पांच लाख कारसेवको के शहीद होने के बाद आज कई सालो से तम्बू मे विराजित भगवान श्री राम विश्व के सबसे बडे राम मंदिर मे सुशोभित होने की इस पावन वैला को देश मे दीपावली के समान महापर्व के रूप मे मनाया जा रहा है। जो कि करोडो सनातन धर्म के लोगो के लिए गौरव का विषय है। विद्या मंदिर मे सामुहिक आरती के पश्चात पंगत प्रसादी का आयोजन किया गया। आयोजको की और से सम्पूर्ण सनातन धर्म के लोगो के मिले सहयोग पर आभार जत्ता रामकाज कीन्है बिनु मोहे कांहे विश्राम के जयकारे लगाये। वही प्रतापपुरा गांव मे भव्य कलश यात्रा निकाली गई। तो डिग्गी मे विद्यार्थियो व ग्रामीणो ने निकाली भगवा रैली।

## दो दिन में होंगे अनेक कार्यक्रम

**राजगढ़।** कस्बे में अयोध्या में होने वाले श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बच्चों ने रैलीनिकाली। सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं की ओर से दो दिन में अनेक कार्यक्रम होंगे। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं जेडी स्कूल की ओर से हजारों बच्चों ने प्रमुख बाजारों से होकर झांकियों सहित आकर्षक रैली निकाली। रैली का प्रमुख मार्गो में धर्म प्रेमी लोगों ने पुष्प बरसाकर स्वागत किया। इधर सनातन सभा की ओर से 21 जनवरी को दोपहर 2 बजे अवधूत दत्ता आश्रम से मांचा ड़ी चौक स्थित सीताराम मंदिर तक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। सचिव मुरारी लाल शास्त्री ने बताया कि भव्य शोभा यात्रा के साथ 22 जनवरी को प्रात: 9 बजे से शंख ध्वनि के साथ प्राण प्रतिष्ठा के दिन धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे वही अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कभी श्रद्धालु लाभ उठा सकेंगे। इधर गायत्री शक्तिपीठ पर अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से 2 दिन तक अखंड पाठ का आयोजन होगा। अखंड पाठ के समापन के पश्चात हवन यज्ञ का आयोजन होगा एवं अनेक संस्कार भी गायत्री शक्ति पीठ पर कराए जाएंगे। इस अवसर पर ओम प्रकाश शर्मा, केशव शर्मा, उमाशंकर, सुनीता शर्मा, गिरिराज प्रसाद, प्रीति विजय, मीना विजय, सीमा विजय एवं मीणा खंडेलवाल सहित सत्य प्रकाश सैनी मौजूद रहे। शनिवार को हजारों बच्चों की धार्मिक रैली को अवधूत दत्त आश्रम के महंत एवं समाजसेवी राम रतन ताम्बी ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

## अभियान के तहत कार्यवाही में पुलिस को मिली सफलता

### मोटरसाईकिल चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया

- चोरी की मोटरसाईकिल को भी जप्त किय वांछित आपराधियों के विरुद्ध जारी अभियान मे फुलेरा पुलिस को मिली सफलता

**फुलेरा।** फुलेरा पुलिस ने अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए मोटरसाईकिल चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी की मोटरसाईकिल को भी जप्त कियाहै। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक शान्तनु कुमार सिंह ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार सम्पूर्ण जिले में वांछित आपराधियो, सम्पति सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम एंव मादक पद्धार्थ, अवैध शराब, अवैध खनन / निर्गमन, नकबजनी, चोरी एवं अन्य अवैध गतिविधियों की रोकथाम कर कार्यवाही करने हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

गौरतलब है कि जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार सिंह के निर्देशन एंव कुशल नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय हरिप्रसाद सोमानी व वृताधिकारी वृत सांभरलेक लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन में फुलेरा थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस की एक विशेष टीम का गठन किया गया। जिसमें एएसआई कैलाश चन्द शर्मा, हेड कांस्टेबल महावीर सिंह, सुरजीत, रामचन्द्र, सुरेश पायल को शामिल किया गया। इसी क्रम में फुलेरा थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि गत 15 नवम्बर 2023 को परिवादी सुवालाल मीणा निवासी पालू कला थाना क्षेत्र मौजमाबाद जिला दूदू ने थाने पर मामला दर्ज कराया कि फुलेरा नगर पालिका के सामने खड़ी मेरी मोटरसाईकिल को अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। साथ ही गठित टीम ने तुरंत कार्यवाही करते हुए चोरी हुई मोटरसाईकिल के सम्बध में फुलेरा, जोबनेर, रेनवाल व आस पास के सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी सहायता, परम्परागत मुखबीरी, आसूचना संकलन व ईलाका थाना अन्य थानो के काफी संदिग्ध व्यक्तियों से पुछताछ के पश्चात मुल्जिम को चिह्नित कर मुल्जिम देवेन्द्र कुमार उर्फ देबू पुत्र महेन्द्र कुमार बाकोलिया जाति रैगर उम्र 20 वर्ष निवासी रैगर मोहल्ला वार्ड नम्बर 15 जोबनेर थाना क्षेत्र जोबनेर को गिरफ्तार किया। साथ ही चोरी मोटरसाईकिल को भी बरामद करने मे सफलता हासिल की गई।

## पालिका अध्यक्ष ने लाभार्थियो को बांटे चैक

**मालपुरा** (निस)। केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शहरी अभियान के अन्तर्गत शनिवार को नगरपालिका परिसर मे एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया गया। पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी ने दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारम्भ किया। शिविर स्थल पर पहुंचे संकल्प यात्रा रथ का स्वागत कर केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बडी स्क्रीन पर प्रसारण किया गया। पालिका अध्यक्ष सहित तहसीलदार व कार्यवाहक पालिका ईओ राहुल पारीक, एसडीएम मनोज कुमार वर्मा,पूर्व पालिका अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार जैन,भाजपा मंडल अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जैन, ने केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियो को चैक वितरण किये गये। बडी संख्या मे पहुंचे शहरवासियो को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाई गई। मंचाशीन अतिथियो ने केन्द्र सरकार की योजनाओं से अवगत करवा आमजन से जागरूक रहकर लाभ लेने का आव्हान किया गया।

**पीएचईडी मंत्री ने शपथ ग्रहण समारोह मे की शिरकत :** अभिभाषक संघ टोडारायसिंह की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। राज्य सरकार ने पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। केबिनेट मंत्री ने उपस्थित अधिवक्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पीडित व्यक्ति न्याय की आस मे न्यायालय का दरवाजा खटखटाता है जहां अधिवक्ता ही उसका एक सहारा होता है।

## प्रभात फेरी निकाली

**श्रीमाधोपुर ।** श्रीराम भक्तों की ओर से अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व प्रभात फेरी निकाली गई। फेरी के प्रथम चरण में श्री रघुनाथ मंदिर श्रीमाधोपुर से नगर के बाजारों में होते हुए मीणा मोहल्ला,चौहान बस्ती, मंगल कॉलोनी, वाल्मीकि बस्ती में से निकाली। हनुमान भक्त मण्डल के दिव्यांश भारती ने बताया कि राम भक्तो द्वारा रामधुन गाते हुए, नाचते हुए, श्री राम के जयकारे लगाते हुए ये प्रभात फेरी 21 व 22 जनवरी को भी प्रात: 6.30 बजे से पूरे नगर में निकाली जाएगी। इस मौके पर डॉक्टर माधव सिंह, डॉक्टर परशुरम भातरा, प्रभू सिंह, विनोद शर्मा, विशाल बोहरा, अजय मिश्रा, महेन्द्र बबेरवाल, पंकज लाटा, मनोज कारिया, ललित टिंकर, अरुण टिंकर, रतन खाटूवाला, तपेंद्र कुमार शर्मा, यश सोनी, मुकेश सोनी, दया शंकर, हरीश जीनगर समेत कई बंधुगण मौजूद रहे।

## घर में आनंदोत्सव मनाने का आव्हान

**खाटूश्यामजी ।** मंढा रोड़ स्थित गणपति कॉलोनी में चल रही श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन शनिवार को वृंदावन के कथावाचक पं.छैल बिहारी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन चरित्र हमें जीवन जीने की शैली सिखाता है।

# शबरी के भजन ने वातावरण को किया राममय

■ लक्ष्मण ने सूर्पणखा के नाक कान काटे

**अलवर।** युवराज प्रताप श्री रामलीला शिवाजी पार्क,आनन्दोत्सव समिति एवम गौ धाम समिति के संयुक्त तत्वावधान में 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में राममय बने शिवाजी रामलीला रंगमंच पर लक्ष्मण ने सूर्पनखा के नाक कान काट डाले।

प्रवक्ता शिवचरण'कमल' ने बताया व्यास पीठ पर आसीन पंडित नटवरलाल सुमधुर रामायण की चौपाईयों एवम गिर्राज जी के गिर्राज प्रेम संस्थान के कलाकारो ने अभूतपूर्व समा बांध दिया।

रावण की बहन सूर्पनखा घूमते हुए पंचवटी पहुंचती है जहाँ दो सुकुमार राम,लक्ष्मण को देखकर मोहित हो जाती है ।वह सुंदर रूप रख कर दोनों सुकुमारो को आकर्षित कर विवाह का प्रस्ताव रखते हुए कहती है

इस संसार मे "तो सम पुरुष ना मो सम नारी अत: विवाह कर लो किंतु दोनों सुकुमार उसके प्रस्ताव को ठुकरा देते हैं तभी सूर्पनखा अपना भयंकर राक्षसी रूप से सीता जी को डराने का प्रयास करती है तभी क्रोधित हो लक्ष्मण उसके नाक व कान काट डालते हैं। सूर्पनखा कटे हुए नाक कान से खर, दूषण के दरबार मे पहुंचती है ।खर दूषण अपनी बहन का बदला लेने के लिए राम लक्ष्मण पर आक्रमण करने जाते हैं जहाँ श्री राम ने दोनों राक्षसो का सँहार कर दिया। तदुपरान्त सूर्पनखा लंकापति रावण के दरबार मे पहुंचती है रावण अपने मामा मारीच के पास जाकर उससे स्वर्ण मृग का रूप धरकर राम जी को पंचवटी से दूर ले जाने को कहता है। रावण ऋषि का का रूप धरकर पंचवटी पहुंचता है श्री राम जानकी जी के आग्रह पर स्वर्ण मृग बने मारीच के पीछे उसका शिकार करने जाते हैं जहाँ मारीच मरते मरते राम जी की आवाज में लक्ष्मण जी को पुकारता है उधर श्री राम की आवाज सुनकर सीताजी अधीर हो लक्ष्मण को अपने भाई की सहायता करने को कहती हैं जिस पर लक्ष्मण जी कहते हैं "किसका साहस है माता जो उनको दुख पहुंचाएगा आनन्द वेद के दर्शन कर सुख बन जाएगा" तभी जानकी जी लक्ष्मण को कहती है ऐसा लगता है तुम्हारा वन आने का कुछ अलग ही कारण है अत: विवश होकर लक्ष्मण जी को जाना पड़ता है अत: ऋषि रूप रावण जानकी जी का हरण कर ले जाता है ।रास्ते मे जटायु से रावण का भयंकर युद्ध होता है, जिसमे जटायु घायल हो जाता है और श्री रामम की गोद मे अपने प्राण तय देता है । राम लक्ष्मन भीलनी के द्वार पर पहुंचते हैं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार चरन जीत अध्यक्षता सुदेश खाम्बरा विशिष्ट अतिथि तुलसी चुघ, श्री राम शर्मा रहे। रामलीला परिवार के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश तिवाड़ी, निर्देशक महेंद्र शर्मा, अध्यक्ष श्याम शर्मा, खेमचंद सैन, मातादीन भाटी, गोविंद सैनी, के.डी शर्मा, राजेश शर्मा,महावीर शर्मा, गौ सेवक भानुप्रताप, तीर्थ शर्मा,धीरज उपाध्याय, मोहन शर्मा व शुभांकर शर्मा ने अतिथियों का माल्यर्पण कर सम्मान किया। मंच संचालन शिवचरण "कमल" ने किया ।


अलवर में चल रही रामलीला के दौराण सीताहरण दृष्य का मंचन किया गया।

## सार-समाचार

### मूर्ति स्थापना कार्यक्रम का शुभारंभ

**श्रीमाधोपुर।** श्री महावीर दल वार्ड नंबर तेरह में नवनिर्मित मंदिर के गर्भ ग्रह में श्री पंचमुखी हनुमान जी के विगृह को आचार्य के सानिध्य में पुन: विराजित करवाया जाएगा व स्थापना पर भंडारा कार्यक्रम सोमवार को आयोजित होगा। मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के तहत 20 जनवरी शनिवार को प्रात: 9:15 बजे से वास्तु जप व हनुमान जप किया गया।, 21 जनवरी रविवार को प्रात: 10:15 बजे मूल रामायण पाठ व शाम 6.15 बजे से बजे हवन पूजा , 22 जनवरी सोमवार को दोपहर 12:17 बजे नव गर्भ ग्रह में मूर्ति स्थापना , दोपहर 12. 31 बजे भोग आरती , दोपहर 1:15 बजे से भामाशाह सम्मान व प्रसाद तथा शाम 5 बजे से भंडारा प्रसादी का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजको की ओर से क्षेत्र वासियों से अपने सपरिवार व इष्ट मित्रों सहित पधारने का आग्रह किया है।

### त्रिवेणी धाम में चला स्वच्छता अभियान

**शाहपुरा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर देश में 14 से 22 जनवरी तक जारी धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान के तहत शनिवार को सुबह साढे 11 बजे पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेंद्र सिंह के सानिध्य में त्रिवेणी धाम में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित हुआ। भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के पांचों मंडलो के अध्यक्ष, महामंत्री, उपाध्यक्ष, संयोजक, सह संयोजक एवं कार्यक्रम संयोजक एवं सहसंयोजक, शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष, पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड पार्षद व वार्ड जनप्रतिनिधि व किसान मोर्चा, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, एससी मोर्चा, एसटी मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा आदि के समस्त पदाधिकारी एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मंदिर में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम शुरू

**श्रीमाधोपुर।** श्री महावीर दल वार्ड नंबर तेरह में नवनिर्मित मंदिर के गर्भ ग्रह में श्री पंचमुखी हनुमान जी के विगृह को आचार्य के सानिध्य में पुन: विराजित करवाया जाएगा व स्थापना पर भंडारा कार्यक्रम सोमवार को आयोजित होगा। मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के तहत 20 जनवरी शनिवार को प्रात: 9:15 बजे से वास्तु जप व हनुमान जप किया गया।, 21 जनवरी रविवार को प्रात: 10:15 बजे मूल रामायण पाठ व शाम 6.15 बजे से बजे हवन पूजा , 22 जनवरी सोमवार को दोपहर 12:17 बजे नव गर्भ ग्रह में मूर्ति स्थापना , दोपहर 12. 31 बजे भोग आरती , दोपहर 1:15 बजे से भामाशाह सम्मान व प्रसाद तथा शाम 5 बजे से भंडारा प्रसादी का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजको की ओर से क्षेत्र वासियों से अपने सपरिवार व इष्ट मित्रों सहित पधारने का आग्रह किया है।

### प्रभात फेरी निकाली

**श्रीमाधोपुर ।** श्रीराम भक्तों की ओर से अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व प्रभात फेरी निकाली गई। फेरी के प्रथम चरण में श्री रघुनाथ मंदिर श्रीमाधोपुर से नगर के बाजारों में होते हुए मीणा मोहल्ला,चौहान बस्ती, मंगल कॉलोनी, वाल्मीकि बस्ती में से निकाली। हनुमान भक्त मण्डल के दिव्यांश भारती ने बताया कि राम भक्तो द्वारा रामधुन गाते हुए, नाचते हुए, श्री राम के जयकारे लगाते हुए ये प्रभात फेरी 21 व 22 जनवरी को भी प्रात: 6.30 बजे से पूरे नगर में निकाली जाएगी। इस मौके पर डॉक्टर माधव सिंह, डॉक्टर परशुरम भातरा, प्रकाश बारी, महेश ठठेरा , यश सोनी, मुकेश सोनी, दया शंकर, हरीश जीनगर समेत कई बंधुगण मौजूद रहे।

### सर्दी ने दिखाए फिर तीखे तेवर

**श्रीमाधोपुर।** ग्राामीण तथा शहरी इलाके में एक बार फिर घने कोहरे के आगोश में आंचल लिपटा हुआ नजर आया। चारों ओर घना कोहरा छाया हुआ होने के चलते विजिलिटी कम रही। जिसके चलते हाईवे पर वाहनों के रफ्तार कम देखने को मिली। हाईवे पर वहां कोहरें के चलते रेंग रेंग कर चल रहे थे और दिन में ही डिपर व हेडलाइट जलाकर अपना सफर तय कर रहे थे। घने कोहरें तथा शीतलहर के चलते फिर से एक बार तापमान में गिरावट हुई। सर्दी के चलते आमजन की दिनचर्या भी अस्त व्यस्त हो गई। सर्दी से बचने के लिए आमजन जगह-जगह अलाव का सहारा लेते नजर आए । वहीं गाड़ियों की हेडलाइट जलाकर ही वाहन चालकों को चलना पड़ा।

### दीपोत्सव व आतिशबाजी का आयोजन

**कोटपूतली।** अयोध्या में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में 22 जनवरी को शाम 5.15 बजे कस्बे के अग्रसेन तिराहा के पास भव्य दीपोत्सव एवं आतिशबाजी का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर 11 हजार दीपकों की विशाल श्रृंखला के साथ स्वास्तिक बनाते हुए भव्य आतिशबाजी की जायेगी। वहीं इस मौके पर रामधुनी एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन भी होगा।

### न्यायिक कार्य रहेगें पेन डाउन

**कोटपूतली।** अयोध्या में भगवान श्रीराम जन्मभूमि पर श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के चलते क्षेत्र के समस्त न्यायालयों में सोमवार 22 जनवरी को न्यायिक कार्य पेड डाउन रहेगें। अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. दयाराम गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर अधिकांश अधिवक्ता व पक्षकार धार्मिक कार्यो में व्यस्त रहेगें। जिसके चलते अभिभाषक संघ द्वारा न्यायालयों में पेन डाउन रखने का निर्णय लिया गया है।

### पोस्टर का विमोचन किया

**श्रीमाधोपुर ।** ग्राम पंचायत फूटाला में रक्तदान शिविर, यूथ फेस्टिवल तथा नववर्ष स्नेह मिलन समारोह 28 जनवरी रविवार को आयोजित होगा। यह आयोजन विश्व भारती सेवा संस्थान के तत्वावधान में सर्व समाज द्वारा आयोजित होगा। जिसे लेकर डूंगरी बालाजी मंदिर परिसर में पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन में श्याम यादव, बनवारी लाल सैनी, प्रहलाद यादव, ,मोहन बाडीगर, मोहन सैनी, नरसी यादव, रघुवीर स्वामी सहित सर्व समाज के कई लोग उपस्थित रहे।

## 'मनचाही जगहों पर कचरा फेंकने वालों के खिलाफ होगी कार्यवाही'

**भरतपुर, ( निसं )।** नगर निगम की ओर से जल्द ही मनचाही जगहों पर कचरा फेंकने वाले लोगों को चिन्हित कर उनसे जुर्माना राशि वसूलने की कार्यवाही की जायेगी।

इस संबंध में आयुक्त भावना शर्मा ने सफाई से जुड़े कार्मिकों को निर्देशित किया है वे कि ऐसे लोगों चिन्हित करें जो, अनावश्यक मनचाही जगहों पर कचरा फेंक देते हैं। आयुक्त बीना महावर ने शनिवार को भी कुछ क्षैत्रों का दौरा कर सफाई व्यवस्था को चैक किया। आयुक्त बीना महावर ने बताया कि सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए गंभीरता बरती जा रही है, लगातार निरीक्षण व फीडबैक लिया जा रहा है, संबंधित दोशी कार्मिकों एवं संबंधित कंपनी को नोटिज जारी कर जबाव मांगा जा रहा है।

उन्होंने आमजन से आग्रह किया है वे ऑटो टिपर व कचरा स्थल पर ही कचरा डाले, किसी भी हालत में अन्य जगहों पर मनमानी रवैया के कारण इधर-उधर कचरे को नहीं फेंके। आयुक्त ने बताया कि किसी के पास समय की कमी है तो वे कचरे को बाल्टी में भरकर दरवाजे के पास रख दें, ताकि ऑटो टिपर में सवार कर्मचारी उस कचरे को ऑटोटिपर में डाल दें, ऐसा करने से आपका समय भी बचेगा, और ऑटोटिपर का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। ऑटोटिपर में कचरा न डालने के कारण लोग उस कचरे को कॉलोनी में इधर-उधर फेंक देते हैं, ऐसे लोगों को चिन्हित कर समझाइस की जायेगी, समझाइस के बाद नही मानने पर उनसे जुर्माना राशि वसूलने की कार्यवाही की जायेगी

आयुक्त ने चाट, समोसे, कचोड़ी वाले दुकानदारों से भी आग्रह किया है वे झूठे दौने व अन्य कचरे को कचरे पात्र में ही रखे, ताकि राहगीरों व आस-पास के नागरिकों को परेशानी नहीं आये। आयुक्त के साथ दौरे में सचिव रविन्द्र सिंह, सहायक अभियंता प्रदीप मिश्रा व अन्य कार्मिक मौजूद थे।

## सी.एल.जी. सदस्यों की ली बैठक

**खाटूश्यामजी।** कस्बे के प्रसिद्ध बाबा श्याम के धार्मिक नगरी में 22 जनवरी रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर थाना अधिकारी हेमराज सिंह ने बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान 22 जनवरी को सूखा दिवस व मीट की दुकानें नहीं खोलने सहित गाइडलाइन की पालना करने को लेकर निर्देशित किया गया।अगर कोई गाइडलाइन की पालन नहीं करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। बैठक के दौरान सीएलजी सदस्यों और व्यापारियों ने कस्बे की समस्याओं को लेकर भी मांग रखी। जिसमें मुख्य बाजार में खुले में छाछ बेचने वालों,ई रिक्शा चालकों, राधे राधे तिलक लगाने वाले, सवारी गाड़ियों व अवैध बसों के खिलाफ कार्रवाई करने,दूध की कढाई में खुले से हटाने,इसके साथ ही बाबा श्याम के चढने वाला इत्र भी कांच की शीशी में नहीं चढेगा। थाना अधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया कि आप सभी प्रशासन का सहयोग करते हुए तमाम समस्याओं का समाधान किया जाएगा तथा व्यवस्थाओं में सतत रूप से सुधार किया जा रहा है।

# सांभर में जायरीनों के आने का सिलसिला शुरू हुआ

**सांभरझील,।** अजमेर ख्वाजा साहब मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के सगे लाडले पोते हुसामुद्दीन चिश्ती चिश्ती जिगर सोख्ता (र.अ.) की सांभर में पुरानी धान मंडी स्थित दरगाह में इन दिनों दूर दराज से रोजाना सैकड़ों की तादाद में जायरीनों के आने सिलसिला शुरू हो गया है।

यूं तो यहां पर अजमेर उर्स के बाद से ही उनके पोते के आस्ताने दरबार में आकर अब तक हजारों जायरीन मत्था टेक चुके हैं। देश में अमन चैन और सुख शांति की मन्नतों के साथ ही खुद के मन की मुरादे पूरी होने की भी दुआएं की जाती है। ख्वाजा साहब की मजार पर चादर पेश कर परिवार की खुशहाली के लिए भी दुआएं की जाती है। ख्वाजा साहब की मजार पर अकीदत के फूल पेश करने वाले हजारों जायरीन राजस्थान सहित अनेक प्रांतो से आकर अपनी आस्था प्रकट करते हैं, मुराद पूरी होने पर फिर से लौटकर आना नहीं भूलते हैं। आने वाले जायरिनों को दरगाह खादिमों की ओर से जियारत करवाई जाती है। आगामी 23 जनवरी से शुरू होने वाला ख्वाजा साहब का 705 वां सालाना उर्स की तैयारियों का खास इंतजाम दरगाह परिसर स्थित अंजुमन हुसामियां इस्लामियां कमेटी की ओर से बदस्कितूर किया जाता है। यहां दरगाह के बुलंद दरवाजे पर विधिवत झंडे की रस्म की बाद से ही उर्स का आगाज शुरू हो चुका है। उर्स केमुबारक मौके पर संपूर्ण दरगाह परिसर में खास रोशनी का इंतजाम और सजावट की जाती है।


सांभर ख्वाजा साहब की मजार पर जियारत करने वाले जायरिनों तांता लगा हुआ है।

## मतदाता जागरूकता दिवस मनाया

**श्रीमाधोपुर।** श्रीराम महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर सुदर्शन सैनी की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वीप प्रभारी नगर पालिका श्रीमाधोपुर एवं चौकी प्रभारी बाबूलाल के नेतृत्व में सभी छात्र-छात्राओं को वीवीपीटी पॉइंट मशीन की जानकारी प्रदान की गई। सभी 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं को निर्भीक होकर बिना पल्लवन के मतदान का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। मशीन में किस प्रकार प्रदर्शित रहती है यह समझाया और किस तरह यह कार्य करती है सभी को इस प्रणाली से अवगत करवाया। सभी को मतदान अवश्य करना है यह शपथ दिलवाई। इस अवसर पर दीपेश सांखला, विनोद वर्मा , सुरेश सैनी, मुकेश सैनी, दीपिका ,अशोक सामोता, योगेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## 'शिक्षण संस्थाओं के लिए स्पष्ट आदेश जारी करें सरकार'

**श्रीमाधोपुर ।** राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष अशोक तिवाड़ी मऊ ने सोमवार को अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन निश्चित होने के उपलक्ष में राज्य सरकार द्वारा आधा दिन 2 बजे तक अवकाश घोषित किया है लेकिन राज्य की शिक्षण संस्थओं के लिए अलग से स्पष्ट आदेश नहीं होने से असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

तिवाड़ी ने बताया कि 2 बजे तक अवकाश की घोषणा हुई है लेकिन स्कूलों का समय प्रात: 10 से सांय 4 बजे तक है ऐसे में 2 बजे बाद स्कूल खुलना, प्रार्थना सभा, मध्याह्न भोजन आदि के आयोजन के बाद मात्र एक घण्टे के लिए ही सर्दी में विद्यार्थियों को बुलाया जाना उन्हें परेशान करना ही होगा। वैसे भी 19 से 21 जनवरी तक विद्यालयों में अवकाश है। ऐसे में 22 जनवरी को रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में स्थानीय स्तर पर आयोजित होने वाले धर्मिक आयोजनों की वजह से विद्यार्थियों की उपस्थिति वैसे भी नगण्य रहेगी।

तिवाड़ी ने यह भी बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे उत्तराखंड शासन सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव द्वारा इसी परिपेक्ष्य में जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि विभिन्न विभागों में आधे दिन का एवं शिक्षण संस्थओं विद्यालयों महाविद्यालयों में 22 जनवरी को अवका रहेगा। तिवाड़ी ने राज्य सरकार से भी शिक्षण संस्थाओं के लिए राज्य में स्पष्ट आदेश जारी करने की मांग की है ताकि अवकाश को लेकर प्रदेशभर के शिक्षक संस्थानों में बनी हुई असमंजस की स्थिति दूर हो सके।

## विद्यार्थी ने किया औद्योगिक भ्रमण

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर निर्देशन में विधालय के व्यावसायिक शिक्षा के कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान श्रीमाधोपुर में भ्रमण किया ।

व्यावसायिक शिक्षा के कौशल मित्र राहुल सांखला तथा शिशुपाल सिह ने दल प्रभारी के रूप में कार्य किया। विनोद कुमार यादव उपाचार्य के अगुवाई मे औधोगिक प्रशिक्षण कक्षों का अवलोकन करवाया ,आईटीआई के अधीक्षक ओमप्रकाश एवं अनुदेशकों द्वारा विधाथियो को डीजल, फीडर, इलेक्टीक डाईंग एवं बेल्डिंग पाठ्यक्रमो व प्रवेश सम्बधित जानकारी प्रदान की। बच्चों को दोपहर मे अल्पहार आदि करवाया गया । विद्यालय के स्टाफ में श्रवणकुमार रामजीलाल सैनी तथा वी टी रघुवीर गुर्जर मौजूद रहे।

## अक्षत कलश यात्रा का पुष्प बरसाकर किया स्वागत

**गंगापुर सिटी, ( निसं )।** श्रीराम लला आनंद उत्सव समिति गंगापुर सिटी के तत्वाधान में शनिवार को अयोध्या में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। इसमें करीब 20 हजार महिलाएं सिर पर कलश लिए मंगल गीत गाते हुई चल रही थी। अक्षत कलश यात्रा की शुरुआत हायर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान से हुई। यहां पर विधिवत कलशों की पूजा की गई।

इसके बाद में अक्षत कलश यात्रा शुरू हुई, जिसमें करीब 20 हजार महिलाएं सिर पर कलश लिए मंगल गीत गाती हुई चल रही थी। इस दौरान महिला, पुरुष और युवा भगवान श्री राम के नारे लगाते हुए और भजनों पर नाचते गाते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से कचहरी रोड, कोतवाली थाना, देवी स्टोर चौराहा, खरी बाजार, चौपड, बालाजी चौक, कैलाश टॉकीज, जामा मस्जिद, फव्वारा चौक, प्राईवेट बस स्टेण्ड, चूंगी नाका होते हुए वापस राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पहुंची। यात्रा में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमानजी के अलावा राम परिवार और सैकडों की संख्या में सजी झांकियां सजाई गई। अक्षत कलश यात्रा को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह से तैयार था। थानाधिकारी तहसीलदार साथ चल रहे थे, जबकि पूरे यात्रा मार्ग में चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान सुरक्षा में तैनात थे। अक्षत कलश यात्रा का शहर के व्यापारियों, दुकानदारों और विभिन्न सामाजिक संगठनों, समाजों के द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के मार्ग में जगह-जगह पर गुब्बारे और फूलों से सजावट की गई थी।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य पर युवा पखवाड़ा मनाया


युवा पखवाड़े में50 विद्यार्थियों ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया।

**बहरोड/ नीमराना ।** राजकीय सार्वजनिक गंगा पुस्तकालय बहरोड़ में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर भाषा एवं लेखन विभाग के निर्देशानुसार युवा पखवाड़े का आयोजन किया गया पुस्तकालय प्रभारी रितु यादव ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में 50 विद्यार्थियों ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। जिनको पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं बताया कि पोस्टर आदि अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं। जिसमें सदस्यों एवं पाठकों को सम्मानित किया जा रहा है। इस दौरान लक्ष्मी नारायण शर्मा, टेकचंद सोनी आदि सहित प्रतियोगिता के छात्र व पाठक तथा अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर की चर्चा

**करौली, (निसं)।** करौली जिला कलेक्टर नीलम सक्सेना ने सीएलजी बैठक में सदस्यों सहित आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को करौली जिले में सौहार्दपूर्वक,शांति के साथ मनाएं ऐसा नहीं हो कि हमें डंडा लेकर आना पड़े।

शनिवार को करौली कोतवाली थाना परिसर में सीएलजी की बैठक आयोजित हुई जिसमें 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान करौली उप जिला कलेक्टर रामावतार मीणा एवं पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम ने कहा कि 22 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम लाइव प्रसारण के अलावा मंदिरों में पर्व के रूप में मनाया जाएगा इसमें सभी समुदाय के लोग शांतिपूर्वक पर्व को मनाए। करौली जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि पूर्व में जो घटना घटित हुई है उसे भूल जाएं और 22 जनवरी के दिन मनाये जा रहे पर्व को शांतिपूर्वक, सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए।

# रंगोली बनाने व दीप जलाने का संदेश दिया


22 जनवरी को श्री राम मंदिर की स्थापना के उपलक्ष्य में रंगोली से विद्यार्थियों को दीप जलाने का संदेश दिया।

**बहरोड़/ नीमराना।** नेशनल हाईवे नंबर 48 पर स्थित राठ इंटरनेशनल ग्रुप आफ एजुकेशन के द्वारा 22 जनवरी को श्री राम मंदिर की स्थापना के उपलक्ष्य में रंगोली से विद्यार्थियों को दीप जलाने का संदेश दिया। वहीं चेयर पर्सन बलवान सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि बहरोड़, अलवर और कुंड के विद्यालयों में राठ टैलेंट सर्च परीक्षा 21 जनवरी को आयोजित होने के साथ ही बताया कि होनहार विद्यार्थियों के लिए उनका ग्रुप आफ एजुकेशन स्कॉलरशिप परीक्षा कक्षा 10 में पढने वाले विद्यार्थियों के लिए 28 जनवरी को आयोजित कर टैलेंटेड विद्यार्थियों को बिल्कुल फ्री हॉस्टल, ट्ययूशन व बस की सुविधा उपलब्ध कराएगा।

## 'पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का शीघ्र करें निस्तारण'

**करौली, ( निसं )।** पोर्टल पर लंबित चल रहे प्रकरणों का शीघ्र ही निस्तारण कर परिवादी को राहत प्रदान करें,परिवादी को प्रकरण के संबंध मे परेशानी का सामना नही करना पडे इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सैना डीओआईटी मे जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होने कहा कि विभिन्न विभागों जैसे रसद, डीओआईटी, विद्युत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, पीएचईडी, राजस्व, समाज कल्याण सहित अन्य विभागों मे राजस्थान संपर्क पर लंबित चल रहे प्रकरणों का कार्यो के अनुसार विभाजन कर प्राथमिकता से निस्तारण करना सुनिश्चित करे जिससे अनावश्यक रूप से परिवादी को जिला स्तर पर परेशान नही होना पडे। जनसुनवाई के दौरान पट्टा बनवाने, रास्ता लेने, सीवरेज लाईन दुरूस्त करवाने, राजस्व नगर परिषद, पीएचईडी सहित अतिक्रमण से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुएउन्होने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र ही निस्तारण करते हुए रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिये।



भारत में भारत के खिलाफ बहुत चैलेंजिंग होता है। लेकिन एक टीम के रूप में आपको विदेशी पिचों पर खेलने की आदत भी होनी चाहिए।
- बैटर सैम बिलिंग्स

इंग्लैंड के विकेटकीपर, भारत में भारत के खिलाफ खेलना चैलेंजिंग बताते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — एलेन डोनाल्ड



**दक्षिण अफ्रीका** के महान तेज गेंदबाज एलेन डोनाल्ड ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों को सलाह दी कि आगामी टेस्ट श्रृंखला में स्टार खिलाड़ियों से सुसज्जित भारतीय बल्लेबाजी लाइन अप का मुकाबला करने का उनका मंत्र फुल लेंथ गेंद डालना और स्टंप पर गेंदबाजी करना होना चाहिए। डोनाल्ड ने 1996 और 1999-2000 में भारत का दौरा किया था। पर दूसरे दौरे में दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 2-0 से पराजित किया था, जिसमें डोनाल्ड, शॉन पोलाक, नैन्टी हेवार्ड और जाक कैलिस मौजूद थे।

**क्या आप जानते हैं ?...** सॉफ्टबॉल और हार्डबॉल स्क्वैश के खेल की दो पद्धतियां है इसमें साफ्टबॉल को ब्रिटिश व इंटरनेशनल पद्धति माना जाता है, जबकि हैडबॉल को अमरीकी पद्धति।

# डेरिल मिचेल पाकिस्तान के खिलाफ पांचवें टी-20 में नहीं खेलेंगे

## उनकी जगह रचिन रवीन्द्र टीम में शामिल, न्यूजीलैंड में 4-0 से आगे



नई दिल्ली, 20 जनवरी। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डेरिल मिचेल पाकिस्तान के खिलाफ 5वें टी-20 मैच में नहीं खेलेंगे। वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए उन्हें आराम दिया गया है। उनकी जगह रचिन रवींद्र को टीम में शामिल किया गया है। रचिन भी बांग्लादेश वनडे सीरीज के बाद से ब्रेक पर थे। उन्होंने 23 दिसंबर को नेपियर में बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी इंटरनेशल मैच खेला था।

न्यूजीलैंड ने 5 मैचों की सीरीज में 4-0 की अजेय बढ़त बना ली है। सीरीज का आखिरी मैच 21 जनवरी को क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा, हमने मिचेल को इस मैच में आराम देने का फैसला लिया है। इसके बाद हमारे कुछ अहम टेस्ट मैच भी हैं। मिचेल तीन फॉर्मेट के खिलाड़ी हैं तो यह जरूरी है कि हम उनके वर्कलोड का ध्यान रखें।

डेरिल मिचेल शुरुआती चार मैचों में टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। पहले नंबर पर फिन एलन हैं। मिचेल ने चार मैचों में दो में अर्धशतक लगाए। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ चौथे टी-20 में मैच 44 गेंद में 72 रन की शानदार पारी खेली थी, और टीम को जीत दिलाई।

रचिन अब तक 18 टी-20 मुकाबले खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 117 के स्ट्राइक रेट से 145 रन बनाए। गेंदबाजी में उन्होंने 11 विकेट अपने नाम किए हैं। केन विलियमसन इंजरी के कारण सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह मिचेल सैंटनर कप्तानी कर रहे हैं। लगातार चौथे टी-20 में जीत के साथ न्यूजीलैंड ने 5 मैचों की सीरीज में 4-0 की अजेय बढ़त बना ली है। सीरीज का आखिरी मैच 21 जनवरी को क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा।

# एसोसिएट नेशन के प्लेयर्स को एसए20 में कोटा मिलना चाहिए, एलन डोनाल्ड बोले- आईपीएल की तर्ज पर यंग प्लेयर्स को भी शामिल किया जाना चाहिए



नई दिल्ली, 20 जनवरी । साउथ अफ्रीका के लिजेंडरी प्लेयर एलन डोनाल्ड का मानना है कि एसए 20 में एसोसिएट नेशन के खिलाड़ियों के लिए कोटा लाना चाहिए। इससे क्रिकेट दुनियभर में फैलेगा। पूर्व तेज गेंदबाज डोनाल्ड ने भास्कर के सवाल पर कहा - एसोसिएट नेशन के खिलाड़ियों के साथ ही की तर्ज पर साउथ अफ्रीका के यंग प्लेयर्स को भी एसए20 में ज्यादा मौके मिलने चाहिए। इससे देश के प्लेयर्स को बड़े प्लेटफॉर्म पर परफॉर्म करने के साथ ही नेशनल टीम में मौके भी मिलेंगे। इंडिया और इंग्लैंड में होने वाली टेस्ट सीरीज में पेसर्स के लिए आने वाली चुनौती पर डोनाल्ड बोले, नई बॉल से 25-30 ओवर स्विंग लेना सबसे जरूरी है।

भारतीय पिचों पर फुलर लेंथ बॉल फेंकनी होगी। भारत में फास्ट बॉलर को पिच से मदद नहीं मिलेगी, इसलिए आपको पिच के पास फिल्डिंग लगाना होगी, जिससे खिलाड़ी को हर शॉट खेलना ही पड़े। इसके साथ ही बॉलर को ध्यान रखना होगा की हर बॉल स्टंप्स की ओर लगे। बॉल पुरानी होने के बाद आपको स्टंप्स पर अटैक कर स्मार्ट फिल्डिंग की मदद से विकेट निकालने होंगे। एलन डोनाल्ड ने अपने करियर के दौरान भारत में चार टेस्ट खेले हैं। इस दौरान डोनाल्ड ने 121.2 ओवर में सिर्फ 16.11 की औसत से 17 विकेट लिए थे।

डोनाल्ड ने कहा, साउथ अफ्रीका में टी-20 लीग होना जरूरी है। अगर हम सिर्फ तीन साल पीछे जाएं और साउथ अफ्रीका में क्रिकेट की हालत बहुत खराब थी। हमने पिछले साल 20 की शुरुआत की,और इससे यंग प्लेयर्स और फैंस का क्रिकेट की ओर रुझान बढ़ है। यह साउथ अफ्रीका में क्रिकेट के लिए सही दिशा में एक बड़ा कदम है और क्रिकेट को देश में सभी प्रारूपों में आगे बढ़ना चाहिए। सिर्फ टी-20 और वनडे ही नहीं है, बल्कि टेस्ट भी है।

एलन डोनाल्ड ने कहा, न्यूजीलैंड के खिलाफ हमारी बेस्ट टीम नहीं जा रही, टॉप प्लेयर्स को 20 में रख कर बोर्ड ने सही कदम उठाया है। टी-20 वर्ल्ड कप आने वाला है और हमारे प्लेयर्स को इस समय टी-20 खेलने की जरूरत है। लीग और इंटरनेशनल कैलेंडर को हम रोक नहीं सकते, लेकिन हमारे यंग प्लेयर्स के वहां खेलने से हमे टीम के पॉटेंशियल प्लेयर्स के बारे में भी जानने मिलेगा।

डोनाल्ड बोले, ऐडन मार्करम ने पिछले साल 20 से कप्तानी की शुरुआत की। 20 के साथ ही उन्होंने भारत में भी टीम सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी की। वे शानदार कप्तान है और मुझे लगता है कि आने वाले समय में वे टी-20 ही नहीं बल्कि वनडे और टेस्ट में भी कप्तानी करने के लिए तैयार है। उन्हें साउथ अफ्रीका नेशनल टीम के तीनों फॉर्मेट का कप्तानी करनी होगी।

## चौंकाने वाली घटना में, शोएब ने सना संग रचाई शादी

इस्लामाबाद, 20 जनवरी। पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक ने पूर्व भारतीय टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा से अलग होने की अफवाहों के बीच अभिनेत्री सना जावेद से तीसरी शादी रचा ली है और शनिवार को सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा की।

शोएब और सना ने इंस्टाग्राम पर शादी के लिबास में दो तस्वीरें साझा कीं जिससे इस खुलासे से लोग हैरान रह गए। इसके अलावा सना ने इंस्टाग्राम पर तुरंत अपना नाम बदलकर सना शोएब मलिक रख लिया।

सानिया से शोएब की शादी अप्रैल 2010 में पाकिस्तान और भारत दोनों जगह आयोजित विवाह समारोहों में हुई थी। दंपति 2018 माता-पिता बने। सानिया से पहले शोएब की शादी आयशा सिद्दीकी से हुई थी। शादी के आठ साल बाद 2010 में दोनों ने तलाक ले लिया था। रुसवाई में अपनी भूमिका के लिए मशहूर सना ने 2020 में गायक उमैर जसवाल से शादी की। किसी भी पक्ष ने सार्वजनिक रूप से अभी तक अपने पूर्व जीवनसाथी से अलग होने की पुष्टि नहीं की है।

# चिराग-सात्विक, प्रणॉय इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में

नई दिल्ली, 20 जनवरी। एशियाई खेल 2022 के स्वर्ण पदक विजेता चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के अलावा कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2024 के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में शुक्रवार रात खेले गये युगल मुकाबले में चिराग-सात्विक ने डेनमार्क के किम एस्ट्रुप और एंडर्स रासमुसेन के खिलाफ 21-7, 21-10 से जीत दर्ज की, वहीं प्रणय ने चीनी ताइपे के वांग त्ज़ु वेई को कड़े मुकाबले में 21-11, 17-21, 21-18 से हरा कर पुरुष एकल वर्ग में अंतिम चार में अपनी जगह बनायी।

चिराग-सात्विक ने आक्रमक खेल का प्रदर्शन किया और 11-3 की त्वरित बढ़त हासिल कर अपने इरादे दर्शा दिये। पूर्व चैंपियन जोड़ी ने मात्र 16 मिनट के अंतराल में पहला गेम जीत लिया। इस मैच से पहले डेनिश जोड़ी ने चिराग-सात्विक के खिलाफ लगातार दो जीत दर्ज की थी। विश्व की नंबर दो जोड़ी ने दूसरे गेम में लगातार आठ अंक बनाकर उस सिलसिले को समाप्त कर जीत पक्की कर दी।

मैच के बाद चिराग शेट्टी ने कहा किम और एंडर्स खिलाफ जीतना आसान नहीं है। यह हमेशा एक ऐसा खेल नहीं है जहां आपको कुशलता से चुनौती दी जाती है, बल्कि यह मानसिक रूप से भी होती है। जो कोई भी मानसिक लड़ाई जीतता है वह शीर्ष पर आता है और आज हमने वह बहुत अच्छा किया। हम आम तौर पर इस तरह के दिमागी खेल नहीं खेलते हैं, लेकिन आज हमने यह सुनिश्चित किया कि हम उनकी लय में न खेलें। जिस तरह से हमने शुरुआत की वह ठोस थी और हमने इसे अंत तक बनाए रखा। हम वास्तव में खुश हैं जिस तरह से हमने खेला, हम कल भी इसी लय को बरकरार रखना चाहते हैं और अपना 100 प्रतिशत देना चाहते हैं। विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणॉय ने अपने ताइवानी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मजबूत शुरुआत की और पहले गेम में 13-4 की बढ़त बनाकर खेल के लिए माहौल तैयार किया। दूसरे गेम में जोश से भरपूर वांग ने 13-6 की बढ़त ले ली और हालांकि प्रणॉय ने अंतर कम करने की कोशिश की, लेकिन 28 वर्षीय खिलाड़ी ने टाई-ब्रेकर लेने के लिए मजबूर किया। तीसरे गेम में ऐसा कुछ भी नहीं था जो दोनों खिलाड़ियों को अलग कर सके। स्कोर 16-16 से बराबर होने पर, प्रणय ने दो अंकों की बढ़त बना ली और अंततः एक घंटे और 17 मिनट के खेल में जीत हासिल कर वांग को टूर्नामेंट में चौथी बार क्वार्टरफाइनल से बाहर कर दिया।

प्रणॉय ने कहा मुझे लगता है कि वांग त्ज़ु वेई जैसे किसी खिलाड़ी के खिलाफ खेलना हमेशा कठिन होता है, जो नेट और आक्रमण में असाधारण रूप से अच्छा है। मेरे लिए पहला गेम हासिल करना महत्वपूर्ण था क्योंकि वह ऐसा व्यक्ति है जो शुरू से ही सही हो जाता है। दूसरा गेम वास्तव में अच्छा नहीं चला, लेकिन मुझे इस बात पर गर्व है कि मैं तीसरे गेम में वापस लड़ने के लिए क्या कर सका। शि यू क्यूई पिछले छह महीनों में वास्तव में अच्छा खेल रहा है।

## गुरबाजः विरोध होता तो मैं दोबारा नहीं उतरता

शारजाह, 20 जनवरी। अफगानिस्तान ने भले ही तीसरे टी-20 के दौरान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के रिटायर्ड आउट का खुलकर विरोध न किया हो, लेकिन टीम के खिलाड़ियों का दर्द दबी जुबानी बाहर आ रहा है। बेंगलुरु में 2 दिन पहले हुए इस मुकाबले में अफगानी टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने कहा है- हमने रोहित शर्मा के रिटायर्ड आउट से भी बहुत कुछ सीखा है। हम उनका सम्मान करते हैं और उनके रिटायर्ड आउट होने से हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन अगर मैं उनकी जगह होता, तो फील्डिंग टीम के विरोध करने पर मैं ऐसा नहीं करता। 22 साल के गुरबाज की टीस भी निकली। उन्होंने आगे कहा, हां, सुपर ओवर में उनकी जगह दूसरा बल्लेबाज लगातार दो छक्के नहीं जमा पाता। मुकाबले में अफगानी टीम भारत पर क्रिकेट इतिहास की पहली जीत हासिल करते-करते रह गई।

## आईस हॉकी चैम्पियनशिप 2024 के दूसरे दिन में चार मैच आयोजित

काजा, 20 जनवरी। आईस हॉकी एसोसियेशन आफ इंडिया, आईस हॉकी आफ लाहुल स्पिति एवं स्पिति जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान से 24 जनवरी तक महिला वर्ग की 11वीं एवं पुरूष वर्ग की 13वीं राष्ट्रीय आईस हॉकी चौम्पियनशिप 2024 के दूसरे दिन में चार मैच आयोजित किए गए।

पहला मैच पुरूष वर्ग में यूटी लद्दाख और महाराष्ट्र के बीच खेला गया, जिमसें यूटी लद्दाख ने एकतरफा जीत हासिल की। इस मैच में यूटी लद्दाख की ओर से 31 गोल किए गए। वहीं महाराष्ट्र की टीम खाता भी नहीं खोल पाई। वहीं दूसरा मैच पुरूष वर्ग में हिमाचल प्रदेश और राजस्थान के मध्य खेला गया जिसमें हिमाचल प्रदेश ने रोमांचक जीत हासिल की। हिमाचल प्रदेश की टीम ने 27 गोल किए। लेकिन राजस्थान टीम ने शून्य गोल किया।

महिला वर्ग में पहला मैच आइटीबीपी और हिमाचल पद्रेश के बीच खेला गया। लेकिन हिमाचल प्रदेश की टीम एक ही गोल कर पाई जबकि आटीबीपी ने 7 गोल करके बढ़त अंतिम पल तक बनाई रखी और जीत हासिल की। वहीं दूसरा मैच तेंलगाना और राजस्थान के मध्य खेला गया जिसमें तेलगांना ने दो गोल किए जबकि राजस्थान की टीम एक भी गोल नहीं कर पाई। एसडीएम हर्ष अमरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि चौपिंयनशिप में हर मैच काफी रोमांचक हो रहा है। स्थानीय लोगों के साथ साथ पर्यटक भी मैच का आंनद ले रहे है। सभी खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रशासन प्रयास कर रहा है।

# इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड में फोरेटो वर्ल्ड स्कूल ने जीते 33 मेडल

सीकर, 20 जनवरी। जयपुर-बीकानेर बाईपास स्थित फ़्लोरेटो वर्ल्ड क्लास आईसीएसई स्कूल के विद्यार्थियों ने इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करते हुए 33 मेडल जीते हैं। फ़्लोरेटो के समकित खंडेलवाल ने थर्ड इंटरनेशनल रैंक व नकद पुरस्कार हासिल किया है। इसके साथ ही हर्षित, कियान, मानुषी व विराज ने 9वीं इंटरनेशनल रैंक व नकद पुरस्कार हासिल किया है।

दियान, नोंरिन, दिव्यांश, आराध्या, अव्यान, लियाना, काव्या, मैथिली, दर्श, नीमय, कृषिव, विराज, अंश, वान्या, छविष्का, केशव, परम, तनवी, कीर्ति, कार्तिक, देशना, ईशान, चेतवीन, कनिष्क, नीति, छवि व अगत ने इंटरनेशनल रैंक के साथ गोल्ड मेडल ऑफ एक्सिलेंस हासिल किया है। विद्यार्थियों की शानदार सफलता पर प्रबंध निदेशिका डा. मिनाली सुण्डा व प्रिंसिपल रिंकू शर्मा ने चयनित विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया।



फोटो-चूरू, 20 जनवरी-2- जयपुर-बीकानेर बाईपास स्थित फ़्लोरेटो वर्ल्ड क्लास आईसीएसई स्कूल के विद्यार्थियों ने इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करते हुए 33 मेडल जीते हैं।

## रिकी ब्राबेक ने डकार रैली 2024 में जीती बाजी

सउदी अरब, 20 जनवरी। सउदी अरब में 7967 किलोमीटर की रैली यानबु में लाल सागर पर समाप्त हई, जिसमें मोन्स्टर एनर्जी होण्डा टीम के रिकी ब्राबेक ने दूसरी बार डकार का टॉप स्टैप लिया और इस इतिहास को रचने वाले एकमात्र अमेरिकी बन गए। पहले सप्ताह के ज़्यादातर हिस्से को फ्रंट रनर्स में बिताने के बाद 2020 के विजेता ने 48 घण्टे की कड़ी मेहनत के बाद बागडोर संभाली और सातवें स्टेज के अंत में दूसरे स्थान के रॉस ब्रांच से मात्र एक सैकण्ड के मार्जिन के बावजूद कैलिफोर्निया के इस राइडर ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। और बिना कोई गलती किए तकरीबन 11 मिनट से डकार रैली में जीत हासिल कर ली। रैली के दौरान शांत प्रदर्शन करते हुए 32 वर्षीय राइडर ने एक और स्टेज की जीत हासिल की, जो अब तक डकार करियर में पहले से दस पॉइन्ट्स स्कोर कर चुके थे, उन्होंने पहले राउण्ड को 2024 वर्ल्ड रैली-रेड चैम्पियनशिप स्टैंडिंग के टॉप पर खत्म किया।

### दिग्गज एलन डोनाल्ड की इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों को सलाह

# कम उछाल वाली पिच पर हर गेंद स्टंप पर डालो

नई दिल्ली, 20 जनवरी। दक्षिण अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज एलेन डोनाल्ड ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों को सलाह दी कि आगामी टेस्ट श्रृंखला में स्टार खिलाड़ियों से सुसज्जित भारतीय बल्लेबाजी लाइन अप का मुकाबला करने का उनका मंत्र फुल लेंथ गेंद डालना और स्टंप पर गेंदबाजी करना होना चाहिए। डोनाल्ड ने 1996 और 1999-2000 में भारत का दौरा किया था। पर दूसरे दौरे में दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 2-0 से पराजित किया था, जिसमें डोनाल्ड, शॉन पोलाक, नैन्टी हेवार्ड और जाक कैलिस मौजूद थे।

डोनाल्ड ने उस श्रृंखला के दौरान वानखेड़े स्टेडियम में राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर को आउट किया था। अब वह गेंदबाजी कोच हैं तो डोनाल्ड से पूछा गया कि जेम्स एंडरसन, ओली रॉबिन्सन और अन्य गेंदबाजों के लिए क्या चीज कारगर हो सकती है तो उन्होंने कहा, हैन्सी क्रोन्ये तब कप्तान थे तो हमारी मानसिकता हमेशा आक्रमण करने की होती थी। कोच (दिवंगत) बॉब वूल्मर को हमसे कहीं ज्यादा भारत में खेलने का अनुभव था। डोनाल्ड ने एसए20 द्वारा करायी गई बातचीत के दौरान पीटीआई से कहा, हम हमेशा जिस बारे में बात करते थे वो नई गेंद से पहले 25 से 30 ओवर डालने के बारे में होती थी। फुल लेंथ गेंद, स्टंप पर गेंदबाजी करना और मैदान पर स्ट्रेट क्षेत्ररक्षण अहम होता था। उन्होंने कहा, हम जानते थे कि पिच से ज्यादा मदद नहीं होने वाली इसलिए प्रत्येक गेंद पर स्टंप पर डालना अहम होता। और अगर थोड़ी स्विंग है तो सिर्फ इसी चीज पर आपको काम करना होगा।

## अलकराज ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे चरण में

मेलबर्न, 20 जनवरी। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अलकराज ने शनिवार को यहां रॉड लेवर एरेना में अपने तीसरे दौर के मुकाबले के तीसरे सेट के दौरान चीनी वाइल्डकार्ड शांग जुनचेंग के जल्दी रिटायर होने के बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया।

## प्रो. कबड्डी लीग : पटना पाइरेट्स ने यूपी योद्धाज को दी मात

हैदराबाद, 20 जनवरी। तीन बार की चैंपियन पटना पाइरेट्स ने शुक्रवार को प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के दसवें सीजन में यूपी योद्धाज को 34-31 से हरा दिया। गचिबोव्ली इंडोर स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए मैच में पटना के लिए सचिन और मंजीत के छह-छह अंकों के अलावा अंकित ने पांच और एम बाबू ने चार अंक लिए। यूपी की ओर से शिवम चौधरी ने सात अंक जुटाए जबकि हितेश और सुमित ने अपना हाई-5 पूरा किया। पटना पाइरेट्स 14 मैचों में छठी जीत के बाद 37 अंक लेकर सातवें नंबर पर पहुंच गई है वहीं यूपी योद्धाज को 14 मैचों में 10वीं हार झेलनी पड़ी और अब टीम के लिए प्लेऑफ की राह मुश्किल हो गई है।

पटना पाइरेट्स ने मुकाबले में दमदार शुरुआत की और पांचवें मिनट में ही यूपी योद्धाज को ऑल आउट करके पांच प्वॉइंट की लीड बना ली। 'रिकॉर्ड ब्रेकर' परदीप नरवाल अपनी पूर्व टीम के खिलाफ पहले हाफ के खेल में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए और वह शुरुआती 20 मिनट में केवल एक ही अंक हासिल कर पाए। आठवें मिनट डू ऑर डाई में परदीप टैकल कर लिए गए और पटना ने अपनी बढ़त को और ज्यादा मजबूत कर दिया। रेडिंग के साथ-साथ पटना डिफेंस में भी दमदार प्रदर्शन कर रही थी। 12वें मिनट में रेड करने आए शिवम चौधरी ने शानदार डुबकी लगाते हुए सुपर रेड कर दिया और यूपी को दो अंक दिला दिए। लेकिन इसके बावजूद पटना की टीम 15वें मिनट तक 17-12 के स्कोर के साथ पांच प्वॉइंट से आगे थी। इसी बीच, तीन बार की पूर्व चैंपियन के लिए अंकित ने शिवम को सुपर टैकल करके टीम की लीड को आठ प्वॉइंट तक पहुंचा दिया। परदीप नरवाल ने ब्रेक पर जाने से पहले आखिरकार अपना खाता खोल लिया।

## टाटा समूह पांच साल के लिये बना आईपीएल का शीर्षक प्रायोजक

मुंबई, 20 जनवरी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टाइटल प्रायोजन अधिकार शनिवार को टाटा ग्रुप को पांच साल के लिए दे दिए। बीसीसीआई के मानद सचिव जय शाह ने कहा हमें आईपीएल के शीर्ष प्रायोजक के रूप में टाटा समूह के साथ साझेदारी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। लीग ने कौशल, उत्साह और मनोरंजन के अपने बेजोड़ मिश्रण के साथ दुनिया भर के दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है।

इसी तरह टाटा समूह विभिन्न वैश्विक क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाते हुए, उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में उभरा है। यह सहयोग विकास, नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति पारस्परिक समर्पण की भावना का प्रतीक है। विविध कार्यक्षेत्रों वाले टाटा समूह ने 2500 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड मूल्य पर बीसीसीआई के साथ अपने सहयोग को नवीनीकृत किया है, जो लीग के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक प्रायोजन राशि है।

# भारत को मोहम्मद शमी की कमी खलेगी

## स्टीव हार्मिसन ने कहा- तेज गेंदबाजी यूनिट से दोनों टीमें खुश होगी

नई दिल्ली, 20 जनवरी। पूर्व क्रिकेटर स्टीव हार्मिसन का मानना है कि भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टेस्ट सीरीज के दौरान मोहम्मद शमी को मिस करेगी। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच 25 जनवरी से शुरू होगा। उन्होंने शमी को इस समय दुनिया का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज में से एक बताया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि शमी टखने की चोट से उबरने के बाद एक बार फिर टीम में वापसी कर सकते हैं। स्टीव हार्मिसन ने कहा कि टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले भारत और इंग्लैंड की टीम अपने तेज गेंदबाजी यूनिट से खुश होंगे। पूर्व तेज गेंदबाज ने बताया कि जेम्स एंडरसन ने पिछली सीरीज में अच्छा किया था। ओली रॉबिन्सन, मार्क वुडे और गुस एटिंकसन पूरी सीरीज के दौरान अच्छा साथ देंगे। उन्होंने आगे कहा कि थ्री लायंस ने उपलब्ध चार सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों को चुना है। ईटीवी भारत ने हार्मिसन के हवाले से कहा, दोनों टीमें अपनी तेज गेंदबाजी लाइन अप से खुश होंगी। मोहम्मद शमी इस समय दुनिया के बेस्ट गेंदबाज हैं। चाहे वो रेड बॉल हो या व्हाइट बॉल क्रिकेट। शुरुआती चरण में भारत को उनकी कमी खलेगी। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के होने से भारत की गेंदबाजी मजबूत नजर आती है लेकिन शमी बाद में उपलब्ध होते हैं तो एंट्री करेंगे। उन्होंने आगे कहा, इंग्लैंड के पास जेम्स एंडरसन है, उन्होंने पिछली बार भारत में अच्छा किया था। मुझे लगता है कि वह एक बार फिर यही करेंगे। क्योंकि इंग्लैंड अनुभव का इस्तेमाल अच्छे से करेगी। वहींनासिर हुसैन ने स्काई स्पोटर्स से कहा, भारत का पलड़ा भारी है लेकिन ब्रेंडन मैकुलम और बेन स्टोक्स का रिकॉर्ड शानदार है। उन्हें कमतर नहीं आंका जा सकता।



# संकल्प पत्र में किये वादों को समय से पहले पूरा करेंगे: भजन लाल शर्मा

बीकानेर, 20 जनवरी (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्यमंत्री बनने के बाद जिले के पहले दौरे में सत्तारूढ़ भाजपा संगठन परिवार एकजुट दिखाई दिया। मुख्यमंत्री के पहले सार्वजनिक कार्यक्रम में जिले के दो बड़े भाजपा नेता एक साथ दिखाई दिये जिससे राजनीतिक हल्कों में चर्चा रही कि लोकसभा चुनाव में भाजपा विधानसभा चुनाव के मुकाबले अधिक एकजुट होकर सक्रिय रहेगी। इससे पूर्व भाजपा के कार्यक्रमों में अक्सर सभी धड़े एकजुट कम ही दिखाई देते थे।

■ मुख्यमंत्री के बीकानेर जिले के कार्यक्रम में एकजुट दिखाई दी भाजपा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिले के अपने पहले कार्यक्रम में गांव भानीपुरा में आयोजित संकल्प शिविर के अवलोकन के बाद जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि, राज्य सरकार संकल्प पत्र में किये गये वायदों को समय से पहले पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय प्रण को लेकर आगे बढ़ रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिए केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जा रहा है।



*भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार बीकानेर आए। उन्होंने गांव भानीपुरा में संकल्प शिविर के अवलोकन के बाद एक जनसभा को संबोधित किया।*

शर्मा ने कहा कि, पेपरलीक मामलों के लिए गठित एसआईटी द्वारा सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कानून व्यवस्था के लिए बनी एंटी गैंगस्टर फोर्स द्वारा 10 हजार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। राज्य सरकार भू-माफिया, खनन माफिया या अन्य अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करेगी। पूर्व में हुए घोटालों की जांच के लिए कमेटी भी बनाई है। उन्होंने कहा कि बीकानेर जिले में आमजन के सुझावों के अनुसार विकास कार्य कराए जायेंगे।

जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि, वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में यह यात्रा शुरू की गई है। इसके लिए राज्य सरकार और हर एक प्रदेशवासी जुटा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के 10 हजार 800 स्थानों पर लगे शिविरों में 2.75 करोड़ से अधिक लोगों ने हिस्सा लेकर योजनाओं की जानकारी ली है। इनमें 10.11 लाख से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड बनाकर, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में सबसे अधिक पंजीयन कर और "मेरी कहानी मेरी जुबानी" श्रेणी में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है।

## म्यांमार जाने के लिये अब वीज़ा अनिवार्य होगा

गुवाहाटी, 20 जनवरी। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि, भारत सरकार जल्द ही भारत और म्यांमार के बीच लोगों की स्वतंत्र आवाजाही प्रतिबंधित करेगी।

शाह ने आज यहां असम पुलिस के नवनियुक्त कमांडो की, पासिंग आउट परेड (पीओपी) और गुवाहाटी के सरुसजाई स्टेडियम में एक रैली में कहा कि, भारत और म्यांमार के बीच यात्रा के लिए वीज़ा की आवश्यकता होगी।

उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और म्यांमार के बीच मुक्त आंदोलन व्यवस्था (एफएमआर) समझौते की समीक्षा करने का विकल्प चुना है।भारत-म्यांमार सीमा को जल्द ही सील कर दिया जाएगा।असम पुलिस का गौरवशाली इतिहास रहा है।

भारत के अन्य राज्यों की पुलिस की तुलना में असम पुलिस को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। गृह मंत्री ने दावा किया कि, मोदी के नेतृत्व में 2014 से 2024 तक नक्सल प्रभावित इलाकों, कश्मीर और उत्तर पूर्व में हिंसा में 73 फीसदी की कमी आई है।

# भाजपा केवल कांग्रेस की योजनायें बंद करने में लगी है-पायलट



*राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने शनिवार को उदयपुर में मीडिया को संबोधित किया।*

उदयपुर, 20 जनवरी (कासं)। लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस ने प्रदेश में संगठन को मजबूत करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। इसी के तहत कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट शनिवार को उदयपुर आए। यहां उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत भी की।

■ सचिन पायलट ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि, वह आमजन में यह साबित करने पर तुली है कि, कांग्रेस ने देश को डुबोने का काम किया है।

■ पायलट ने कहा कि, आज समय बदल चुका है। भारत का युवा ही उसका भविष्य है और वह सोशल मीडिया व तकनीक के माध्यम से अपनी बात खुलकर सबके सामने रखता है।

सर्किट हाउस में पत्रकारवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव कांग्रेस और भाजपा दोनों ही प्रमुख दलों के लिए करो और मरो जैसा होगा। इस चुनाव में दोनों ही दल अपना पूरा दम-खम झोंक देंगे। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा देशभर में झूठ बोलती है। वह आमजन के बीच ये साबित करने में जुटी है कि कांग्रेस ने देश को डुबोने का काम किया। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश सचिव पंकज शर्मा, शहर जिलाध्यक्ष फतहसिंह राठौड़ देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी भी उनके साथ मौजूद थे।

पायलट ने भाजपा पर तीखा वार करते हुए कहा कि भाजपा के गलत कारनामों की सूची बहुत लंबी है। उन्होंने 90 के दशक में तत्कालीन राजीव गांधी की सरकार को गिराने के लिए वामपंथियों का साथ दिया। कांग्रेस को सत्ता से हटाने के लिए और वीपी सिंह सरकार के गठन के लिए भाजपा ने जनता दल और कम्यूनिस्टों का हाथ थाम लिया था। आज वही भाजपा हमारे इंडिया गठबंधन पर सवाल उठा रही है। उन्होंने कहा कि आज समय बदल चुका है। भारत का युवा ही उसका भविष्य है। वह सोशल मीडिया के मंचों और तकनीक के माध्यम से अपनी बातों और पक्ष को खुलकर सबके सामने रखता है। उन सबको भी बरगलाने का काम भाजपा कर रही है। ऐसे में भाजपा को सत्ता से मुक्त करने के लिए हम सभी दलों ने यह तय कर लिया है कि निजी महत्वकांक्षाओं को परे रखकर एकसाथ चुनाव लड़ें। विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण को लेकर पायलट बोले कि भाजपा सरकार ने राज्यपाल से अभिभाषण में कांग्रेस सरकार पर मिथ्यारोप पढवा दिए, जो उचित नहीं है। भाजपा केन्द्रीय संस्थाओ का भी दुरूपयोग कर रही है।

उन्होंने कहा केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने जो वादे जनता से किए थे उनको अब तक पूरा नहीं किया गया है, एक साल में 2 करोड़ रोजगार देने की बात कही गई थी उन बातों का क्या हुआ, भ्रष्टाचार की बात करते हैं लेकिन केंद्र सरकार अपने उद्योगपति मित्रों को फायदा पहुंचाती है, उस पर कोई बात नहीं करता। पायलट ने कहा कि आज देश में युवा बेरोजगार, किसान सब परेशान है, प्रदेश में कांग्रेस सरकार की योजनाएं को बंद करने का काम भाजपा कर रही है। यह गलत है राजीव गांधी जी और इंदिरा गांधी के नाम पर बनी योजनाओं के नाम बदले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता को किये अपने वादे पूरा नहीं कर पा रही है, केंद्र में 10 साल से भाजपा की सरकार है, घोषणा के मुताबिक अब तक 20 करोड़ युवाओं को रोजगार मिल जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नही हुआ। इसके विपरीत राजस्थान की भाजपा सरकार ने राजीव गांधी युवा मित्रों के पांच हजार युवाओं की नौकरी छीन ली है। वह भी सिर्फ इसलिए क्योंकि नाम राजीव गांधी से जुड़ा था। सरकार को योजना का नाम बदल लेती, पर रोजगार क्यों छीना। राहुल गांधी की यात्रा के सवाल पर पायलट बोले कि मणिपुर में महीने तक आग लगी रही और लोगों को बहुत कुछ खोना पड़ा लेकिन वहां कोई नहीं गया। राहुल गांधी गए हैं उन्होंने वहां से यात्रा शुरू की है। इस यात्रा के परिणाम भी सार्थक होंगे।

## बी.एस.एफ. ने पाक ड्रोन से गिराये हथियार बरामद किए

जालंधर, 20 जनवरी। पंजाब के फिरोजपुर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने सीमा पार से आतंक फैलाने वालों के नापाक मंसूबों को सफलतापूर्वक विफल करते हुए पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गुरुवार और शुक्रवार की मध्य रात्रि फिरोज़पुर में गिराए हथियार और गोला बारूद बरामद किए हैं। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि, फिरोज़पुर जिले के सीमावर्ती इलाके में 18-19 जनवरी 2024 की रात के दौरान एक ड्रोन गतिविधि के बारे में बीएसएफ सैनिकों द्वारा एक विस्तृत तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें हथियार और गोला-बारूद की बरामदगी हुई। बीएसएफ जवानों द्वारा तलाशी अभियान के दौरान शाम को एक खेत से एक बड़ा पैकेट, जिसे सावधानीपूर्वक सफेद रंग की थैली में लपेटा गया था, बरामद हुआ।

■ खेत में गिरे पैकेट में एक ए.के.-47 राइफल, दो मैगजीन, चालीस कारतूत व भारतीय नोट निकले।

पैकेट को सावधानी से खोलने पर उसके अंदर से एक एके-47 असॉल्ट राइफल, दो मैगजीन , चालीस कारतूस और चालीस हजार रूपए की भारतीय मुद्रा बरामद हुई है।

# नीतीश ने वशिष्ठ नारायण को उपाध्यक्ष, त्यागी को राजनीतिक सलाहकार बनाया

पटना, 20 जनवरी। बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जद यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के बाद नीतीश कुमार ने इस वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर शनिवार को अपनी नई टीम का ऐलान कर दिया ।

■ जद (यू) की नयी टीम में 11 महासचिव तथा 6 सचिव बनाये गये हैं। वहीं, लोकसभा सांसद डॉ. आलोक कुमार सुमन को कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गयी है।

नीतीश कुमार की नई टीम में जद यू के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा लोकसभा और राज्यसभा के पूर्व सदस्य के. सी. त्यागी को राजनीतिक सलाहकार के साथ ही प्रवक्ता की जिम्मेवारी दी गई है।

वहीं, लोकसभा सांसद डॉ. आलोक कुमार सुमन को कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गयी है।

जद यू की नई टीम में कुल 11 महासचिव और छह सचिव हैं। नीतीश कुमार ने राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर, पूर्व सांसद मंगनी लाल मंडल, बिहार सरकार में मंत्री संजय कुमार झा, पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी, एमएलसी अफाक अहमद खान, पूर्व केंद्रीय मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा, पूर्व केंद्रीय मंत्री राम सेवक सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद कहकशां परवीन, एमएलसी कपिल हरीशचंद्र पाटिल, राज सिंह मान और पूर्व विधायक सुनील कुमार उर्फ इंजीनियर सुनील को महासचिव की जिम्मेदारी दी है ।

वहीं, पूर्व विधायक राजीव रंजन को प्रवक्ता बनाया गया है, जबकि सचिव पद की जिम्मेवारी पूर्व विधायक विद्यासागर निषाद, राजीव रंजन प्रसाद, अनूप पटेल, दयानंद राय, संजय कुमार और मो. निसार को दी गई है ।

## तमिलनाडू...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कारण रूस में अण्डों की सप्लाई का संकट उत्पन्न हो गया है।

तमिलनाडू एग पोल्ट्री फार्मर्स मार्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष वांगिली सुब्रमण्यम ने कहा कि, "हमने तमिलनाडू के 10 शीर्ष अण्डा उत्पादकों और निर्यातकों की एक लिस्ट आज ही राज्य व केन्द्र सरकार को दी है। हमारे अण्डों की सप्लाई ओमान और कतर तक है।"

वर्तमान में, अण्डों के निर्यात पर भारत में कोई प्रतिबंध नहीं है, लेकिन विदेशों में खाद्य पदार्थों के आयात को लेकर कड़ी शर्तें हैं।

# ई.डी. ने हेमन्त सोरेन से 7 घंटे पूछताछ की

रांची, 20 जनवरी। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी के अधिकारियों ने लगभग सात घंटे तक पूछताछ की। ई.डी. की टीम ने मुख्यमंत्री बड़गाई अंचल में डीएवी बरियातू के पीछे स्थित 8.46 एकड़ जमीन के संबंध में पूछताछ की। मुख्यमंत्री से उनके और पारिवारिक सदस्यों द्वारा अर्जित संपत्ति के बारे में भी पूछताछ की गई। जिसके बारे में मुख्यमंत्री ने ईडी को जानकारी दी। अब ईडी इसका मिलान करेगी। इस मामले में ईडी मुख्यमंत्री से एक बार फिर से पूछताछ कर सकती है।

■ मुख्यमंत्री से उनकी व परिवार के सदस्यों की अर्जित सम्पत्ति के बारे में जानकारी मांगी।

■ मु.मंत्री की पार्टी के कार्यकर्ता दिन भर मुख्यमंत्री आवास के बाहर मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि, मुख्यमंत्री से पूछताछ करने ईडी की टीम दिन के एक बजकर छह मिनट पर कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंची थी। पूछताछ शुरू होने के करीब साढ़े तीन घंटे के बाद ईडी की एक टीम फिर शाम 4.30 बजे पहुंची। ईडी के अधिकारी फ़ाइल में काफी कागजात लेकर पहुंचे थे। पूछताछ खत्म होने के बाद मुख्यमंत्री अपने कार्यकर्ताओं से मिलने मुख्यमंत्री आवास से बाहर निकले और उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी ने उनके खिलाफ जाल बुनने का काम किया है। उन्होंने कहा कि, वे किसी से डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि, वे अपने कार्यकर्ताओं के सदा आभारी रहेंगे। झामुमो के कार्यकर्ता आज दिन भर मुख्यमंत्री आवास के बाहर मौजूद रहे थे।

## "आप" छोड़कर भाजपा में गये अशोक तंवर

सिरसा/नयी दिल्ली, 20 जनवरी। आम आदमी पार्टी (आप) से गुरुवार को इस्तीफा देने वाले हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सिरसा के पूर्व सांसद अशोक तंवर ने शनिवार को दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय में भाजपा का दामन थाम लिया।

■ तंवर पहले हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भी रहे हैं। उनके सिरसा या अम्बाला से चुनाव लड़ने की चर्चा है।

इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह व हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी भी मौजूद थे।

इस दौरान बड़ी संख्या में तंवर के समर्थक भी पहुंचे थे। पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करने के बाद अशोक तंवर ने मुख्यमंत्री खट्टर व नायब सैनी के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा से भी मुलाकात की।

कयास लगाए जा रहे हैं कि, भाजपा में शामिल होने के बाद पार्टी उन्हें सिरसा या अम्बाला लोकसभा सीट से चुनाव में उतार सकती है। दोनों ही सुरक्षित सीटें हैं।

# भाजपा ने डी.एम.के. फाइल्स की तीसरा अध्याय रिलीज़ किया

**ऑडियो टेप्स जारी किये गये हैं, जिनमें तमिलनाडू के पूर्व मु. सचिव व इन्टैलीजैंस विभाग के निदेशक ए. राजा व मुख्यमंत्री के सचिव डी.एम.के. के नेता टी.आर. बालू व सी.बी.आई. के निदेशक के बीच वार्तालाप सुनाये गये हैं**

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 जनवरी। तमिलनाडू में आम चुनावों के लिए भाजपा 2 जी घोटाले का "एक्शन रीप्ले" प्रस्तुत करना चाहती है। इसके लिए वो, घोटाले की जांच पड़ताल तथा सी.बी.आई. ने सबूत एकत्रित करने के लिए जो प्रक्रिया अपनाई थी, उसे लेकर संदेह पैदा करना चाहती है। ज्ञातव्य है कि, टैलिकॉम स्पैक्ट्रम आवंटन में हुए कथित 176000 करोड़ रूपए के घोटाले में डी.एम.के. के ए. राजा मुख्य आरोपी माने गए थे।

■ भाजपा के तमिलनाडू के प्रदेशाध्यक्ष के. अन्नामलाई ने ये टेप जारी करते हुए कहा कि, ये टेप 2-जी स्कैम के बारे में हैं, जिसमें टेकीकॉम स्पैक्ट्रम के आवंटन में 1,76,000 करोड़ का घोटाला हुआ था तथा डी.एम.के. नेता ए. राजा इस काण्ड के धुरी थे।

■ भाजपा का आरोप है कि, सी.बी.आई. जांच हुई थी, सी.बी.आई. की फर्जी जांच द्वारा घाटोले को दबाने का प्रयास हुआ था, पर जारी किए गए ये ऑडियो टेप्स यह प्रमाणित करते हैं कि, जांच कितनी झूठी थी।

इस संबंध में, भाजपा ने तमिलनाडू की सत्तारूढ़ पार्टी डी.एम.के. पर हमला बोल दिया है तथा जांच एजेन्सी व डी.एम.के. नेताओं के बीच हुई वार्ताओं के ऑडियो जारी किए हैं, जिनसे यह जानकारी सामने आ रही है कि, उस समय कैसे इस समस्त प्रकरण को "मैनेज" किया गया था। तमिलनाडू की भाजपा इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने गत सप्ताह तुग़लक मैग़ज़ीन के वर्षगांठ समारोह में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि, कैसे इन वार्ताओं के ऑडियो क्लिप्स से डी.एम.के. तथा उसकी राजनीतिक रचना की संदेहपूर्ण प्रकृति का खुलासा होगा। उन्होंने कुछ दिन पहले अपने सोशल मीडिया पर ऑडियो क्लिप्स पोस्ट किए थे और उन्हें "डी.एम.के. फाइल्स III" नाम दिया था। उन्होंने कहा कि, यह ऑडियो मटीरियल डी.एम.के. नेताओं के भ्रष्टाचार तथा हजारों करोड़ रूपयों के उनके बेनामी लेन-देन के पूर्व के खुलासों का हिस्सा था।

अन्नामलाई ने कहा कि "इसके बाद ग्यारह और ऑडियो टेप हैं जो रिलीज़ किए जाएंगे, "आज हमने "डी.एम.के. फाइल्स पार्ट छ्छ" रिलीज़ किया है। यह "पोंगल रिलीज़" है। पार्ट I में डी.एम.के. पदाधिकारियों की प्रत्यक्ष सम्पत्तियों के बारे में जानकारी थी और पार्ट II में उनकी बेनामी सम्पत्तियों के बारे में। पार्ट III थोड़ा बड़ा है। यह दिखाता है कि डी.एम.के. किस तरह की पार्टी है।"

अन्नामलाई ने कहा कि, "जो टेप रिलीज़ होने वाले हैं उनमें तमिलनाडू के तत्कालीन मुख्य सचिव और पूर्व इन्टैलिजैंस चीफ के बीच हुई वार्ताएं हैं। इसके अलावा ए. राजा और तत्कालीन मुख्यमंत्री के निजी सचिव के बीच संवाद, तथा टी.आर. बाबू व सी.बी.आई. डायरैक्टर के बीच हुई वार्ता भी है।" उन्होंने कहा कि, जब तक तमिलनाडू की राजनीति स्वच्छ नहीं हो जाती और डी.एम.के. तमिल की राजनीति से बाहर नहीं हो जाती तब तक वो सोएंगे नहीं।

# खड़गे, जयराम, वेणुगोपाल ने भाजपा पर...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

खड़गे ने यात्रा पर हमले के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि, कांग्रेस असम में भाजपा की सरकार द्वारा कराए गए हमलों और डराने-धमकाने की रणनीतियों से घबराने वाली पार्टी नहीं है।

■ जयराम रमेश के अनुसार मु.मंत्री सरमा द्वारा बार-बार राहुल की यात्रा में हर तरह के व्यवधान उत्पन्न करने के दो कारण हैं। पहला तो यह कि, सरमा व्यवधान पैदा करके मोदी के प्रति वफादारी का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। दूसरा कारण है, 2014 तक वे कांग्रेस के जाने-माने नेता थे आसाम में, पर पूर्व मु.मंत्री तरूण गोगोई से मतभेद होने पर उन्होंने कांग्रेस छोड़ कर भाजपा "जॉइन" की थी तथा राहुल गांधी से सख्त नाराजगी व घृणा इस कारण से है कि, राहुल ने उस समय तरूण गोगोई का ही साथ दिया था।

ए.आई.सी.सी. के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने तथाकथित हमले का वीडियो शेयर करते हुए कहा कि, "इससे ज्यादा और क्या सबूत चाहिए कि, "सबसे भ्रष्ट" सी.एम. हेमन्त बिस्वा सरमा, भारत जोड़ो न्याय यात्रा से कितना अधिक डरा हुआ है? इस वीडियो में देखो कि, उसके गुण्डे कांग्रेस के पोस्टर्स एवं वाहनों को उपद्रव मचाकर किस प्रकार नुकसान व तोड़ फोड़ कर रहे हैं।"

उन्होंने यह भी कहा कि, सरमा, यात्रा के व्यापक प्रभाव की वजह से बहुत परेशान हो गए हैं और घबराहट के कारण किसी भी स्तर तक नीचे गिर सकते हैं।"

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि, असम के उत्तरी लखीमपुर शहर को जाने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा से संबंधित स्वागत के पोस्टरों व बैनरों को उत्पात मचा कर तोड़-फोड़ दिया गया, यह यात्रा शनिवार को उत्तरी लखीमपुर नगर से गुजरने वाली थी।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का इस राज्य में यह तीसरा दिन है और यह लखीमपुर जिले के अनेक क्षेत्रों से होकर गुजरेगी, इसमें उत्तरी लखीमपुर का जिला मुख्यालय भी शामिल है, इसके बाद दिन के अंत में यात्रा अरूणाचल प्रदेश में प्रवेश करेगी।

मीडिया को संबोधित करते हुए जयराम रमेश ने मुख्यमंत्री सरमा पर आरोप लगाया कि, वे इस यात्रा को साम्प्रदायिक रंग देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि, राज्य सरकार का प्रशासनिक अमला शांतिपूर्वक चल रही भारत जोड़ो यात्रा के मार्ग में अनावश्यक बाधाएं उत्पन्न कर रहा है।

यात्रा के निर्धारित कार्यक्रमानुसार भारत जोड़ो न्याय यात्रा को 23 जनवरी को गुवाहाटी पहुंच जाना है परन्तु मुख्यमंत्री सरमा की अगुवाई वाले प्रशासन ने अभी पूर्व प्रस्तावित मार्ग से यात्रा को गुजरने की अनुमति नहीं दी है।

रमेश ने भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से अपील की है कि, वे मुख्यमंत्री से कहें कि, भारत जोड़ो न्याय यात्रा को ठीक उसी मार्ग से गुजरने की अनुमति प्रदान करें जिस रास्ते का प्रयोग कुछ समय पूर्व जे.पी. नड्डा ने स्वयं अपनी यात्रा के लिए किया था।

हेमन्त बिस्वा पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस महासचिव ने नड्डा से सरमा को यह कहने के लिए कहा कि, असम के मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, आर.एस.एस. एवं भाजपा के प्रति वफादारी साबित करने के लिए प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की जरूरत नहीं है। आपको (सरमा को) भारत जोड़ो न्याय यात्रा के मार्ग में अड़चनें खड़ी करना बंद कर देना चाहिए।

इसी सप्ताह गुरूवार को, असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि, राहुल गांधी के नेतृत्व वाली यात्रा "मिया यात्रा" है क्योंकि उस समय यह यात्रा मुस्लिम आबादी वाले क्षेत्र से आगे बढ़ रही थी। सरमा पहले यह आरोप लगा चुके हैं कि, "गांधी परिवार" इस देश में सबसे भ्रष्ट परिवार है।"

मुस्लिम, जो पूर्वी पाकिस्तान, आज के बांगलादेश, से आकर असम में प्रवासी के तौर पर रह रहे हैं, को इस प्रादेशिक क्षेत्र में मिया कहकर पुकारते हैं। सरमा अपनी साम्प्रदायिक नीति एवं बयानों के चलते इन मुस्लिमों को मिया के नाम से संबोधित करना पसंद करते हैं।

# अमित शाह के टी.वी....

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के कथन से भिन्न है, जब उन्होंने, जोर देकर कहा था कि, इस बात की कोई संभावना नहीं है कि, नीतीश कुमार दोबारा एन.डी.ए. में प्रवेश पा सकते हैं।

नीतीश कुमार इस तरह की अफवाहों के लिए एक आसान लक्ष्य हैं, क्योंकि, उन्होंने कई बार अदला-बदली की है। वर्तमान अफवाहों को बिहार के वर्तमान घटनाक्रम के संदर्भ में देखा जा रहा है। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और बिहार के उपमुख्यमंत्री, तेजस्वी यादव शुक्रवार को, नीतीश कुमार के आधिकारिक आवास पर उनसे मिलने गए, कथित तौर पर उनको महागठबंधन में बने रहने के लिए राजी करने के लिए। उसी दिन भाजपा विधायक दल की बैठक पटना में हुई और एन.डी.ए. के तीन सहयोगी, जीतन राम मांझी, उपेन्द्र कुशवाहा और मुकेश साहनी ने दिल्ली में गुप्त बैठक की। तेजी से घट रही इन घटनाओं के कारण मीडिया में, कुमार के अगले कदम से संबंधित अटकलों ने जोर पकड़ लिया है।

इसी बीच, एन.डी.ए. के सहयोगी आग में घी डालने का काम कर रहे हैं।

केन्द्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी के एक गुट के नेता, पशुपति नाथ पारस से हाल ही में पत्रकारों ने कुमार के एन.डी.ए. में दोबारा संभावित प्रवेश के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, जनवरी के अन्त तक इंतज़ार करिए। पूर्व में, एच.ए.एम. नेता, जीतन राम मांझी ने भी यही बात कही थी। आर.एल.सी.पी. नेता उपेन्द्र कुशवाहा ने तो यहाँ तक कह दिया था कि, वह कुमार की ओर से भाजपा नेताओं के साथ बातचीत करने को तैयार हैं।

लेकिन सवाल ये है कि, क्या इन नेताओं के बयानों को गंभीरता से लिया जा सकता है?

मौजदा स्थिति यह है कि, कुमार सीटों के बंटवारे को तत्काल अंतिम रूप देना चाहते हैं जबकि कांग्रेस और राजद नेता इसे लेकर किसी जल्दबाजी में नहीं दिख रहे हैं। उन्हें इण्डिया ब्लॉक का संयोजक बनाने की पेशकश, समय पर नहीं करने पर भी नीतीश नाराज़ हैं। इन अटकलों में कुछ हद तक सच्चाई भी है कि, उन पर तेजस्वी यादव के पक्ष में मुख्यमंत्री पद छोड़ने के लिए, राजद का दबाव है। दूसरी तरफ भाजपा में जाने का विकल्प, समान या संभवतः कठिन चुनौतियों से भरा है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908